सूर्योदय 6:58 सूर्यास्त 6:12

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,498.14 |
| निफ्टी | 25,454.35 |

सोना 1,55,700 चांदी 2,45,400

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 | 9 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 54, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चंडीगढ़ कोर्ट और सीएम ऑफिस उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित चंडीगढ़ कोर्ट और सीएम सीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया और पूरे इलाके को खाली करा लिया गया। एहतियातन हरियाणा सचिवालय को भी अलर्ट पर रखा गया है। जानकारी के मुताबिक, धमकी भरा ईमेल संबंधित विभाग को मिला था, जिसमें सीएम ऑफिस में विस्फोट करने की बात कही गई है। इस ई-मेल का स्क्रीनशॉट वायरल हुआ। हालांकि, इसकी पुलिस या प्रशासन के किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

### फ्लाइट में हंगामा किया तो लगेगा 30 दिन का बैन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फ्लाइट में बदसलूकी करने वाले पैसेंजर्स को एयरलाइंस अब सीधे 30 दिन के लिए बैन कर सकेंगी। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीआई) ने हंगामा करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए कड़े नियमों का सुझाव दिया है। नए प्रस्ताव में डीजीसीआई सभी एयरलाइंस को पैसेंजर्स पर डायरेक्ट कार्रवाई करने की पॉवर दे रही है। मौजूदा नियमों के मुताबिक, फ्लाइट में हंगामा करने वाले पैसेंजर्स की शिकायत सामने आने पर पहले जांच कमेटी बनती थी। इस दौरान एयरलाइंस को यात्रियों पर 45 दिन तक बैन लगाने की परमीशन मिलती थी। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश का एयरस्पेस स्पाइसजेट के लिए बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने कथित बकाया भुगतान न चुकाने के कारण बजट एयरलाइन स्पाइसजेट को अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग से रोक दिया है। सूत्रों के मुताबिक, एयरस्पेस उपलब्ध न होने के चलते कोलकाता से गुवाहाटी और इम्फाल जाने वाली स्रहछ उड़ानों को अब लंबा रूट अपनाना पड़ रहा है। हालांकि, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि एयरलाइन संबंधित प्राधिकरणों के साथ नेविगेशन शुल्क समेत संचालन और प्रक्रियागत मुद्दों पर नियमित संवाद में है। निर्धारित उड़ान सेवाएं नियमों के अनुसार जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

### महाकाल की शाम-रात की आरती के लिए लगेंगे रुपए

**एजेंसी, उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की तरह अब संध्या आरती और शयन आरती दर्शन के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग होगी। भक्तों को दोनों के लिए 250-250 रुपए प्रति व्यक्ति चुकाने होंगे। मंदिर समिति ने यह व्यवस्था गुरुवार से शुरू कर दी है, जबकि शुल्क नहीं देने वाले भक्तों को चलित दर्शन करने होंगे। संध्या आरती और रात में होने वाली शयन आरती में भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने यह निर्णय लिया है। अब श्रद्धालु दोनों आरतियों के लिए केवल मंदिर की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही बुकिंग कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मौसम बदलने से सेब के पौधों में बढ़ी रोग की आक्रामकता -पेज 2
- हिमाचल सरकार ने बढ़ाई वाहनों की एंट्री फीस -पेज 3
- हमीरपुर शहर के कॉलेज और स्कूल परिसरों में फिर फेरबदल -पेज 6
- महाशिवरात्रि उत्सव में शामिल होना अविस्मरणीय अनुभव: पठानिया -पेज 9
- केंद्र से मेडिकल कॉलेज नाहन को मिली धनराशि कहां गई : बिंदल -पेज 12

## श्रीराज माधव राय की दूसरी जलेब



(फोटो सभार : जय कुमार)

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में श्रीराज माधव राय की दूसरी जलेब में दर्जनों देवी-देवताओं और हजारों देवलुओं ने भाग लिया। इस दौरान तिल धरने तक की जगह नहीं रही। अनंत ज्ञान

# फ्री ट्रेड डील पहाड़ी राज्यों की आर्थिकी पर प्रहार : सीएम

## कहा- इससे हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बागवानों को होगा भारी नुकसान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्रीनगर में एक पत्रकार वार्ता में हाल ही में हुए मुफ्त व्यापार समझौतों को हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के किसानों तथा बागवानों के हितों पर कुठाराघात करार दिया। उन्होंने कहा कि इन समझौतों के कारण विदेशों से सेब, अखरोट, बादाम और अन्य फलों का आयात बढ़ेगा, जिससे स्थानीय उत्पादकों को अपनी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था कृषि और बागवानी पर आधारित है। हिमाचल में सेब बागवानी से लगभग पांच हजार करोड़ का आर्थिक योगदान होता है और करीब ढाई लाख परिवार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इससे अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। ऐसे में केंद्र से किसी प्रकार का संरक्षण या सहयोग न मिलना बागवानों के साथ नाइंसाफी है और पहाड़ी अंचलों की आर्थिकी पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे देशों के साथ हुए समझौतों में सेब और सूखे मेवों पर आयात शुल्क में कटौती की है, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार किसानों और आम अवाम की आवाज बुलंद कर रहे हैं, जिसे दबाया नहीं जा सकता।



श्रीनगर में पत्रकार वार्ता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### एफटीए से आखिर क्यों घबराए हुए हैं बागवान?

**सेब** पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से प्रदेश के बागवान काफी चिंतित हैं। केंद्र द्वारा अमेरिका, न्यूजीलैंड और यूरोपीय देशों के साथ हुए एफटीए के बाद सेब पर आयात शुल्क पचास प्रतिशत से घटाकर पच्चीस प्रतिशत तथा कुछ देशों के लिए बीस प्रतिशत तक कर दिया गया है। इससे विदेशी सेब की आमद बढ़ने की आशंका तेज हो गई है। इसी पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री सुक्खू श्रीनगर पहुंचकर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से महत्वपूर्ण बैठक कर रहे हैं। बैठक में सेब पर घटे आयात शुल्क, राजस्व घाटा अनुदान और पहाड़ी राज्यों के लिए विशेष सहयोग जैसे मुद्दे केंद्र में रहने की संभावना है।

### सुप्रीम कोर्ट की सरकारों को फटकार : कहा- फ्री खाना मिलेगा तो लोग क्यों करेंगे काम?

# फ्री की योजनाएं बंद कर रोजगार दें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि सरकारों को लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सबकुछ मुफ्त मिल जाएगा तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? (अनंत ज्ञान)

### सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन की याचिका पर की यह सख्त टिप्पणी

◆ कहा-ज्यादातर राज्य घाटे में फिर भी मुफ्त की घोषणाएं कर रहे



**सुप्रीम** कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया।

### कोर्ट मुफ्त राशन पर पहले भी लगा चुका है फटकार

**यह** पहली बार नहीं है, जब कोर्ट ने फ्रीबीज को लेकर सख्त टिप्पणी की है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 12 फरवरी 2025 को कहा था, 'लोग काम करना नहीं चाहते, क्योंकि आप उन्हें मुफ्त राशन दे रहे हैं। बिना कुछ किए उन्हें पैसे दे रहे हैं।' कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि इन लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बजाय क्या आप मुफ्त की योजनाएं लागू करके परजीवियों की जमात नहीं खड़ी कर रहे हैं? वहीं 9 दिसंबर 2024 को भी केंद्र सरकार के मुफ्त राशन बांटने पर सख्त टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा था कि कब तक ऐसे मुफ्त राशन बांटा जाएगा। सरकार रोजगार के अवसर क्यों नहीं पैदा कर रही? तब कोर्ट अकुशल मजदूरों को मुफ्त राशन कार्ड दिए जाने से संबंधित मामले पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र ने अदालत को बताया था कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त या रियायती राशन दिया जा रहा है।

# हिमाचल समेत 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर करवाने की घोषणा

## अप्रैल से शुरू होगी प्रक्रिया, अभी 12 राज्यों में जारी है एसआईआर

अनंत ज्ञान

**शिमला।** चुनाव आयोग ने वीरवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, हिमाचल प्रदेश सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है।

लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा। चुनाव आयोग ने पहले फेज में बिहार में एसआईआर करवाया था। दूसरे फेज के तहत, 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में 28 अक्तूबर 2025 से एसआईआर जारी है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट अपडेशन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत नए वोटरों के नाम जोड़े जा रहे हैं और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### इन राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू होगी प्रक्रिया



**चुनाव** आयोग ने अब जिन राज्यों में एसआईआर करवाने का फैसला लिया है उन राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड शामिल हैं। एसआई के दौरान बीएलओ वोटर को फॉर्म देंगे। वोटर को उन्हें जानकारी मैच करवानी है। अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो उसे एक जगह से कटवाना होगा। अगर नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो जुड़वाने के लिए फॉर्म भरना होगा और संबंधित डॉक्यूमेंट्स देने होंगे।

### एसआईआर ?

**यह** चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। बीएलओघर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।

# बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा : अनिल अंबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अनिल अंबानी आज यानी 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों से जुड़ी 40,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है। अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। फिलहाल ये दोनों अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)



◆ 40,000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

### मुकुल रोहतगी के मौखिक वादे की पुष्टि

**अनिल** अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग (वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी। तब रोहतगी ने अदालत को मौखिक रूप से आश्वस्त किया था कि अनिल अंबानी देश छोड़कर नहीं जाएंगे। अब लिखित हलफनामा दाखिल होने के बाद यह कानूनी रूप से जरूरी हो गया है।

# ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने उन्हें वीरवार सुबह करीब 8 बजे सैंड्रिंघम में उनके घर से हिरासत में लिया। बता दें कि एंड्रयू का आज ही जन्मदिन है। दरअसल, एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था। हालांकि, एंड्रयू ने ग्रिफे के सभी आरोपों को खारिज किया था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी। एंड्रयू को पकड़ने के लिए गुरुवार सुबह सादे कपड़े में पुलिस पहुंची थी। वह आधुनिक इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले शाही सदस्य बन गए हैं। उन्हें उम्रकैछ की सजा हो सकती है। (अनंत ज्ञान)



◆ एपस्टीन फाइल्स से जुड़ा है नाम, 17 साल की लड़की से रेप का आरोप

# बिहार विधानसभा स्पीकर समेत 42 विधायकों को कोर्ट का नोटिस

**एजेंसी, पटना**

पटना हाईकोर्ट ने पक्ष और विपक्ष के 42 विधायकों को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। इन 42 विधायकों में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, विधायक चेतन आनंद और गोह से राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद के नाम शामिल हैं।

इन विधायकों पर चुनाव के दौरान वोट चोरी करने और नॉमिनेशन के दौरान चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हारने वाले उम्मीदवारों ने जीते हुए विधायकों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने चुनावी हलफनामे में कथित गलत जानकारी देने और चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता के आरोपों को लेकर उनसे जवाब मांगा है। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए सभी संबंधित विधायकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना स्पष्टीकरण दाखिल करने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)

◆ नॉमिनेशन में गलत जानकारी देने का आरोप

### याचिकाकर्ताओं ने क्या क्या आरोप लगाए

**चुनाव** हारने वाले प्रत्याशियों ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिकाएं दायर की थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई और नामांकन के समय दाखिल किए गए शपथपत्र में तथ्यों को छुपाया गया या गलत जानकारी दी गई। इन्हीं आरोपों के आधार पर अदालत में याचिकाएं दाखिल की गई हैं।

# ईरान में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप, तिब्बत में भी हिली धरती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वीरवार को दो जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। तिब्बत और ईरान में। दक्षिणी ईरान में भी 5.5 तीव्रता का भूकंप आया वहीं, तिब्बत में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई। इसकी गहराई 130 किलोमीटर रही। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप 19 फरवरी को सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर तिब्बत में अक्षांश 33.57 उत्तर और देशांतर 81.86 पूर्व में महसूस किया गया। हालांकि, इस भूकंप से जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ईरान में एक तरफ न्यूक्लियर डील को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच भारी तनाव चल रहा है। दूसरी तरफ भूकंप के झटके महसूस होने के बाद ऐसे सवाल उठ रहे हैं कि कहीं ईरान ने न्यूक्लियर परीक्षण तो नहीं कर लिया, जिसकी वजह से धरती हिली। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने एक अलग रीडिंग जारी की, जिसमें ईरान में आए भूकंप की तीव्रता 4.4 बताई गई। हालांकि, अधिकारियों की तरफ से फिलहाल तीव्रता को लेकर कोई आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)



# कांग्रेस का दावा : राहुल को मिली गोली मारने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ खेड़ा ने शेयर किया करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो

◆ पुलिस ने आरोपी को कोटा से किया गिरफ्तार

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने वीरवार को दावा किया कि करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक 'गोडसे फैक्टरी' है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं जब तक उनके फॉलोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था, आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है।' हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। (अनंत ज्ञान)



### एआई समिट | भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री मोदी का परामर्श

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लगाया जाए लेबल: पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए, ताकि फर्क पता चल सके।

समिट को पीएम नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। वीरवार को 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



◆ बोले- एआई में भय नहीं भाग्य और भविष्य छुपा

### मुकेश अंबानी बोले-नौकरियां नहीं छीनेगा एआई

**रिलायंस** चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जिस तरह जियो ने देश में डेटा सस्ता किया, उसी तरह अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी आम भारतीय तक किफायती दरों पर पहुंचाया जाएगा। इस दिशा में जियो और रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे। एआई वह मंत्र है जो हर यंत्र को तेज, बेहतर और स्मार्ट तरीके से काम करने की शक्ति देता है। एआई नौकरियां नहीं छीनेंगा बल्कि, यह हाई-स्किल काम के नए मौके पैदा करेगा।



### अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा एआई : सुंदर पिचाई



**गूगल** के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि एआई अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा। गूगल भारत में अपने 15 बिलियन डॉलर (1.35 लाख करोड़ रुपए) के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के हिस्से के रूप में एक 'फुल स्टैक एआई हब' स्थापित कर रहा है। इस हब में गीगावाट स्केल की कंप्यूटिंग और एक नया इंटरनेशनल सब-सी केबल गेटवे होगा।

### देश का पहला 'नेक्स्ट जनरेशन' डेटा सेंटर बनाएगा टाटा ग्रुप

**टाटा** संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप अगली पीढ़ी की एआई ट्रेनिंग और इंफ्रेंस के लिए भारत का पहला लार्ज-स्केल 'एआई-ऑप्टिमाइज्ड' डेटा सेंटर बना रहा है। हमने इसकी पहली 100 मेगावाट क्षमता बनाने के लिए ओपन एआई के साथ साझेदारी की है, जिसे आगे चलकर एक गीगावाट तक बढ़ाया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स 28 फरवरी तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी 28 फरवरी तक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र अथवा संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में जाकर ई-केवाईसी सत्यापन करवा सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा ने कहा है कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक सत्यापन नहीं कराया है, वे आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि से पहले प्रक्रिया पूरी करें, क्योंकि इसके बाद अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर ई-केवाईसी न होने की स्थिति में पेंशनर को अनुपलब्ध या अपात्र मानते हुए पेंशन स्थायी रूप से बंद की जा सकती है। यदि किसी असहाय पेंशनभोगी का आधार कार्ड नहीं बना है या उसे अद्यतन कराने की आवश्यकता है, तो वह संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए लाभार्थी जिला कल्याण अधिकारी, तहसील कल्याण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक या संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें।

### 11,716 शिक्षकों के खाली पदों को जल्द भरे सरकार: नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने राज्य की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को गंभीर संकट में बताते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में 11,716 शिक्षक और 6,328 गैर-शिक्षक पद रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई विद्यालय एक या दो शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं और गैर-शिक्षकीय कर्मियों की कमी से प्रशासनिक कार्य भी बाधित हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर शिक्षा बोर्ड को सुदृढ़ करने के बजाय विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अधीन करने का प्रयास कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का आरोप लगाया। परिषद ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने और शिक्षा तंत्र को सशक्त बनाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।




### भूस्खलन की चपेट में आया मजदूर, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ठियोग-धर्मांदरी सड़क पर कार्य के दौरान बुधवार देर सायं अचानक हुए भूस्खलन ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। सड़क निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों पर अचानक पहाड़ी से मलबा और पत्थर आ गिरे, जिसकी चपेट में आकर एक मजदूर की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य साथियों ने किसी तरह सुरक्षित स्थान पर भागकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सब कुछ पलों में हुआ और किसी को संभलने का अवसर तक नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा मलबे को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है और श्रमिक वर्ग में भय का वातावरण व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की त्रासदी दोबारा न हो।

### पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त देव स्वरूप का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त देव स्वरूप के निधन पर राज्य निर्वाचन आयोग ने गहरा शोक व्यक्त किया है। आयोग ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। वर्तमान राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि देव स्वरूप ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से प्रदेश ने एक अनुभवी और कर्तव्यनिष्ठ प्रशासक को खो दिया है। जानकारी के अनुसार देव स्वरूप का निधन गुरुवार सुबह साढ़े चार बजे सिंगापुर में हुआ। वे कुछ समय से निमोनिया से पीड़ित थे। उन्होंने चार सितंबर 2009 से तीन सितंबर 2014 तक राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में सेवाएं दीं। वे पूर्व मुख्य सचिव आशा स्वरूप के पति थे तथा जिला चंबा से संबंध रखते थे। आयोग के सचिव सुरजीत सिंह राठौर ने भी शोक संदेश जारी कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# मौसम बदलने से सेब के पौधों में बढ़ी रोग की आक्रामकता

## शुरुआती प्रबंधन से बचेगा सेब उत्पादन, जिला शिमला के सेबोत्पादक क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ी

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सहित जिला शिमला के सेबोत्पादक क्षेत्रों में मौसम की अनिश्चित करवट ने बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। लगातार बढ़ती नमी, असामान्य वर्षा और तापमान के उतार-चढ़ाव ने सेब के बागीचों में रोगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर दिया है। पत्तियों पर उभरते शुरुआती धब्बे संभावित बड़े नुकसान का संकेत माने जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संक्रमण को आरंभिक चरण में ही नियंत्रित कर लिया जाए तो आधे तक नुकसान से बचाव संभव है।

जिला शिमला के विभिन्न सेब क्षेत्रों और आसपास के सेब उत्पादक इलाकों में बागवानी विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं। गांव-गांव पहुंचकर बागवानों को रोग की पहचान, प्रारंभिक प्रबंधन और समयबद्ध नियंत्रण के उपाय समझाए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार रोग का फैलाव शुरुआत में ही रोक दिया जाए, तो आगे चलकर बड़े पैमाने पर क्षति से बचा जा सकता है। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि अल्टरनेरिया और मार्सोनिना जैसे रोग पत्तियों पर छोटे धब्बों के रूप में उभरते हैं, जो धीरे-धीरे बढ़कर पत्तियों को पीला और कमजोर बना देते हैं। इससे पेड़ों की प्रकाश संश्लेषण क्षमता घटती है और फल की गुणवत्ता तथा उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि समय रहते निगरानी न रखी जाए तो संक्रमण तेजी से पूरे बाग में फैल सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में छिड़काव का सही समय तय करना भी कठिन हो जाता है, जिससे रोग नियंत्रण में दिक्कतें बढ़ रही हैं। बता दें कि सेब पहाड़ी अर्थव्यवस्था की धुरी है। यदि रोग का प्रकोप व्यापक हुआ तो इसका असर उत्पादन, बाजार और ग्रामीण आय पर पड़ना स्वाभाविक है, इसलिए शुरुआती प्रबंधन को लेकर विभाग और बागवान दोनों गंभीर दिखाई दे रहे हैं।

**वैज्ञानिक प्रबंधन पर जोर**

**विशेषज्ञ** संतुलित पोषण, नियमित निरीक्षण, संक्रमित पत्तियों व टहनियों को हटाकर नष्ट करने तथा उचित जल निकासी व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि मिट्टी की उर्वरता और पेड़ों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है जितना दवाओं का प्रयोग।

**वैज्ञानिक सलाह से ही बचाव संभव**

**बागवानी** विभाग का साफ किया है कि सामूहिक सतर्कता और समयबद्ध कार्रवाई से ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। यदि बागवान शुरुआती लक्षणों को गंभीरता से लेकर वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप कदम उठाएं तो संभावित बड़े नुकसान से बचाव संभव है।

# गैर कानूनी तबादलों को लेकर कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



प्रदर्शन करते कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कुसुंपटी स्थित एसबीआई डीजीएम कार्यालय के बाहर बुधवार को एसबीआई कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले राज्य स्तरीय विशाल प्रदर्शन हुआ, जो करीब पांच घंटे तक चला। गैर कानूनी तबादलों और अन्य लंबित मांगों को लेकर जुटे मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की और बाद में बैंक कार्यालय के मुख्य द्वार तक पहुंचकर अधिकारियों की घेराबंदी कर दी। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला शिमला सचिव रमाकांत मिश्रा, विवेक कश्यप, दलीप सिंह, पूर्ण चंद, सीताराम, यूनियन अध्यक्षा डिम्पल, महासचिव राकेश सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। बैंक प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच करीब एक घंटे चली वार्ता के बाद गैर कानूनी तरीके से किए गए सैकड़ों कर्मचारियों के तबादलों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में एसबीआई शाखाओं में कार्यरत हाउसकीपिंग स्टाफ का भारी शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा, कई स्थानों पर महीनों से वेतन लंबित है और ईपीएफ जमा करने में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। ठेका मजदूर अधिनियम 1970 की अवहेलना कर मनमाने तबादले किए जा रहे हैं। कर्मचारियों से दस से 11 घंटे तक काम लिया जा रहा है, लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं होता। सुबह आठ बजे से शाम सात बजे तक ड्यूटी ली जाती है, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

यूनियन नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारियों से सफाई कार्य के अतिरिक्त बैंक खोलने-बंद करने, बाउचर लगाने, दस्तावेज निकालने, चाय-पानी की व्यवस्था, डाक वितरण जैसे कार्य भी कराए जा रहे हैं, जिनका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाता। वर्दी का पैसा वेतन से काटा जा रहा है, वेतन पर्ची, ईपीएफ विवरण और पहचान पत्र तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। छुट्टी लेने पर स्वयं रिलीवर की व्यवस्था करनी पड़ती है और पचास वर्ष की आयु में जबरन सेवा से हटाया जा रहा है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# सृष्टि ने अंतरराष्ट्रीय कुडो में बाजी मारी

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर के स्प्रिंडेल पब्लिक स्कूल खनेरी की होनहार छात्रा सृष्टि वर्मा ने गुजरात के सूरत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यूरेशियन कप कुडो ट्रायल्स में अपना दमखम दिखाते हुए सभी को प्रभावित कर दिया। अंडर-14 आयु वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर सृष्टि का चयन जॉर्जिया में होने वाली विश्व चैंपियनशिप या अन्य अंतरराष्ट्रीय कुडो टूर्नामेंट के लिए हो गया है।

◆ **जॉर्जिया विश्व चैंपियनशिप के लिए चयनित**


छात्रा सृष्टि वर्मा प्रधानाचार्य के साथ। अनंत ज्ञान

यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे इलाके में खुशी की लहर ले आई है। सृष्टि के कोच पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में मिली यह सफलता हिमाचल प्रदेश के खेल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। स्कूल प्रधानाचार्य मनीष आनंद ने सृष्टि को बधाई देते हुए कहा कि सृष्टि का यह प्रदर्शन भविष्य के लिए प्रेरणा है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## रामपुर ब्लॉक किसान सभा का 7वां सम्मेलन चाटी में संपन्न

# किसान विरोधी नीतियों पर केंद्र सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर ब्लॉक किसान सभा का 7वां सम्मेलन वीरवार को किसान मजदूर भवन चाटी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन हिमाचल किसान सभा के जिला महासचिव देवकी नंद ने किया। उद्घाटन भाषण में देवकी नंद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की।


सम्मेलन को संबोधित करते देवकी नंद। अनंत ज्ञान

केंद्र सरकार द्वारा न्यूजीलैंड, यूरोपियन यूनियन व अमेरिका के साथ किए मुक्त व्यापार समझौतों का सबसे बुरा असर किसानों व बागवानों पर पड़ेगा। ये समझौते किसानों का गला घोंटने वाले हैं। उन्होंने मनरेगा का नाम बदलकर वीबी जी राम जी करने का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह कानून रोजगार के अधिकार को छीनने का प्रयास है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर, परियोजना प्रभावित किसानों, दुग्ध उत्पादक संघ, बिजली, पानी, सड़क व स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य मुद्दों में जमीन की बेदखली के खिलाफ संघर्ष, दूध उत्पादकों व सेब उत्पादकों की समस्याएं, तथा निरमंड क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभागों में रिक्त पदों की कमी शामिल रही। सम्मेलन में 27 सदस्यीय नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रेम चौहान को अध्यक्ष, रणजीत ठाकुर को महासचिव, तुला राम, कृष्णा राणा व दर्शन को उपाध्यक्ष, दयाल, हरदयाल कपूर व गंगा राम को सचिव तथा सुभाष को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

# हिमाचल में फरवरी की तपिश ने तोड़े रिकॉर्ड

## सामान्य से ऊपर चढ़ा पारा, पिछले 24 घंटों में तापमान में बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में फरवरी के तीसरे सप्ताह में ही में मौसम ने अप्रत्याशित करवट ले ली है। पहाड़ों की ठंडी फिजाओं के बीच इस बार धूप की तल्खी कुछ ज्यादा ही महसूस की जा रही है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है, जिससे दिन के समय गर्माहट बढ़ गई है। बीते 24 घंटों के दौरान तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और औसत अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक आंका गया है।

मौसम केंद्र शिमला द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे तक प्रदेश के कई प्रमुख स्टेशनों पर पारा सामान्य से ऊपर रहा। नेरी में सर्वाधिक 28.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा। ऊना में 27.5 डिग्री, कांगड़ा में 27.2 डिग्री, मंडी में 25.8 डिग्री, सुंदरनगर और बरठीं में 24.7 डिग्री, भुंतर में 24.4 डिग्री तथा सोलन में 22 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

◆ **औसत अधिकतम सामान्य से काफी अधिक**

◆ **नेरी रहा सबसे गर्म, कई जिलों में बारिश-बर्फबारी का नामोनिशान नहीं**

राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक है। कल्पा और मनाली जैसे ठंडे क्षेत्रों में भी तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।

वर्षा और हिमपात के मोर्चे पर राज्य में पूरी तरह सूखा बना हुआ है। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक किसी भी प्रमुख केंद्र पर वर्षा या हिमपात दर्ज नहीं किया गया। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में आई यह वृद्धि पिछले 24 घंटों में स्पष्ट रूप से दर्ज की गई है और इसे प्रशंसनीय वृद्धि की श्रेणी में रखा गया है। फरवरी में बढ़ती गर्माहट ने जहां लोगों को हल्की गर्मी का एहसास कराया है, वहीं कृषि और बागवानी क्षेत्र से जुड़े लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है, क्योंकि लंबे समय से वर्षा और हिमपात का अभाव बना हुआ है।

# एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब का भुगतान कब : बरागटा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेब अर्थव्यवस्था को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेता चेतन बरागटा ने राज्य सरकार से तीखा सवाल करते हुए कहा है कि बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत खरीदे गए सेब का बकाया भुगतान आखिर बागवानों को कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि बागवान पहले ही आर्थिक दबाव झेल रहे हैं और ऐसे समय में भुगतान में देरी उनकी चिंताओं को और गहरा कर रही है।



बरागटा ने हिमाचल प्रदेश हॉर्टिकल्चर प्रोड्यूस मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा आवश्यक सामग्री उपलब्ध न करवाने के निर्णय पर भी गंभीर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि खाद, टीएसओ और कीटनाशक दवाइयों की इस मौसम में सबसे अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में यह फैसला बागवानों के हितों के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के एक मंत्री द्वारा 15 करोड़ रुपए जारी करने के दावे के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस असर दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे स्थिति और अधिक उलझनपूर्ण बन गई है।

**बागानों का प्रबंधन होने लगा प्रभावित**

**उन्होंने** सरकार से मांग की कि एचपीएमसी के पास लंबित लगभग 130 करोड़ रुपये की अदायगी के लिए स्पष्ट समयसीमा घोषित की जाए और भुगतान शीघ्र बागवानों के खातों में सुनिश्चित किया जाए। बरागटा ने कहा कि जब तक बागवानों को उनका हक समय पर नहीं मिलेगा, तब तक उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं हो सकती और बागानों का प्रबंधन भी प्रभावित होता रहेगा।

# सुन्नी में निकाली एंटी-चिट्टा रैली

## मंत्री विक्रमादित्य सिंह बोले- चिट्टा मुक्त हिमाचल हमारा संकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सुन्नी में वीरवार को नशे के विरुद्ध जन-जागरण की सशक्त गूंज सुनाई दी, जब शिमला ग्रामीण स्पोर्ट्स कल्चरल एंड एनवायरमेंट एसोसिएशन की ओर से एंटी चिट्टा रैली का आयोजन किया गया। बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय तक निकली इस रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर यह संदेश दिया कि युवा शक्ति नशे के अंधकार को स्वीकार नहीं करेगी। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।


युवाओं को संबोधित करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिट्टे का फैलता जाल सामाजिक ताने-बाने और युवा भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। सरकार सख्त कानून, प्रभावी पुलिस कार्रवाई, जनजागरूकता और पुनर्वास की चार स्तरीय रणनीति पर काम कर रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है, बड़े तस्करों की संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई हो रही है और सूचना देने वालों के लिए 10 हजार से 10 लाख रुपये तक के इनाम की व्यवस्था की गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और युवाओं को पुस्तकालयों की ओर लौटना होगा।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश में शीघ्र ही एक हजार एंटी-चिट्टा स्वयंसेवकों की टीम गठित की जाएगी, जो पुलिस और समाज के बीच सेतु का कार्य करेगी। उन्होंने थली पुल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि लगभग दस करोड़ रुपये की लागत से इसका कार्य आरंभ हो चुका है। साथ ही एसडीएम कार्यालय के शुभारंभ से प्रशासनिक कार्यों को नई गति मिलने की बात कही।

विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुन्नी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 119 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं तथा 19 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी। पेयजल योजना अंतिम चरण में है और सुन्नी स्कूल को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में

## राजनीति

## इंदु गोस्वामी का कार्यकाल समाप्त, अब एक सीट पर सबकी नजर

# हिमाचल में राज्यसभा सीट रिक्त होते ही तेज हुई सियासत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राज्यसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भाजपा की राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, जिससे प्रदेश की एकमात्र सीट रिक्त हो रही है। इस रिक्ति ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही स्तरों पर बैठकों, विचार-मंथन और आंतरिक तैयारी का दौर आरंभ हो चुका है, लिहाजा यह चुनाव अब राजनीतिक विश्वसनीयता और दलगत एकजुटता की कसौटी बन गया है।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस दल के भीतर दावेदारी को लेकर खुली हलचल दिखाई दे रही है। कांग्रेस मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल का नाम सबसे पहले प्रमुखता से सामने आया है। वह शीर्ष नेतृत्व के अत्यंत निकट मानी जाती हैं और इसी कारण उनकी दावेदारी को विशेष महत्व मिल रहा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मजबूत दावेदार मानी जा




रही हैं। वह पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं और प्रदेश की राजनीति में उनका अपना प्रभाव तथा सम्मान है। संगठन के भीतर उनका समर्थन आधार भी व्यापक माना जाता है।

इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर, जो स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं और वीरभद्र सिंह के मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं, उनका नाम भी संभावित दावेदारों में लिया जा रहा है। पूर्व शिक्षा मंत्री व कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री आशा कुमारी भी इस दौड़ में शामिल मानी जा रही हैं। वहीं सुनील शर्मा बिट्टू, जिन्हें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का करीबी और प्रभावशाली नेता माना जाता है, उनका नाम भी चर्चाओं में उभर रहा है। प्रारंभ में जहां तीन नामों की चर्चा थी, अब दावेदारों की सूची लगातार लंबी होती जा रही है और दल के भीतर संतुलन साधना आसान नहीं दिख रहा।

दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी भी पूर्ण सतर्कता बरत रही है। पिछली बार दल-बदल मतदान के कारण राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के पक्ष में अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था और कांग्रेस की सहज मानी जा रही सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। इस बार भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत का अंकगणित नहीं है, फिर भी राजनीतिक प्रबंधन और समीकरण साधने की कोशिशों को लेकर चर्चाएं जारी हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बारे में कहा जा रहा है कि वह इस बार किसी प्रकार की चूक नहीं चाहते। विधायकों के साथ निरंतर संवाद और संगठनात्मक अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि अंतिम क्षण तक कोई अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न न हो।

◆ **रजनी पाटिल से प्रतिभा सिंह तक कांग्रेस में दावेदारी की फेहरिस्त बढ़ी**

◆ **पिछली दल-बदल मतदान की स्मृति ताजा, सत्ता और संगठन सतर्क**

**कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर रहेगी नजर**

**बहरहाल,** अब देखना यह होगा कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व किस नाम पर अंतिम निर्णय लेता है और भाजपा किस प्रकार अपनी चालें चलती है। हिमाचल की इस एक सीट पर सियासत का पारा निरंतर चढ़ रहा है। आने वाले दिनों में तस्वीर स्पष्ट होगी, किंतु फिलहाल प्रदेश की राजनीति में उत्सुकता, अटकलें और रणनीतिक सक्रियता अपने चरम पर है।

### शिमला क्लब से इंदिरा गांधी खेल परिसर मार्ग एक मार्च तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में शिमला क्लब से लेकर इंदिरा गांधी खेल परिसर तक जाने वाले मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध अब एक मार्च तक प्रभावी रहेगा। जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए यातायात रोकना आवश्यक समझा गया है। इससे पूर्व 29 अक्तूबर 2025, 31 दिसंबर 2025 और 9 जनवरी 2026 को जारी आदेशों की निरंतरता में यह अवधि बढ़ाई गई है, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और जन-सुरक्षा बनी रहे।

जिला प्रशासन ने कार्य कर रही एजेंसी को सख्त हिदायत दी है कि निर्माण कार्य के दौरान पैदल चलने वाले लोगों, विशेषकर विद्यालयी बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मार्ग पर पर्याप्त चेतावनी संकेत, सुरक्षा अवरोधक तथा वैकल्पिक आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि असुविधा के बावजूद जनहित में जारी इस व्यवस्था का पालन करें, ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो सके और भविष्य में यातायात सुगम बनाया जा सके।

# हरिचंद ने पीरन स्कूल में छात्रों को मुफ्त 800 कॉपियां बांटी



छात्रों को कॉपियां बांटते समाजसेवी हरिचंद शर्मा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा तहसील के दूरदराज स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन में वीरवार को समाजसेवी हरिचंद शर्मा ने पहली से 12वीं कक्षा तक के लगभग 120 विद्यार्थियों को 800 मुफ्त कॉपियां वितरित कीं। प्रत्येक विद्यार्थी को 132 पृष्ठों के सात-सात बड़े रजिस्टर प्रदान किए गए, जिससे विशेषकर गरीब परिवारों के बच्चों को बड़ी राहत मिली है।

बताया गया कि बीते वर्ष विद्यालय के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरिचंद शर्मा ने नए सत्र में कॉपियां देने का वादा किया था, जिसे उन्होंने अब पूरा कर दिखाया। पशुपालन विभाग में औषधि संयोजक के पद पर कार्यरत और धरेच पंचायत के गरपैयां निवासी हरिचंद शर्मा समाजसेवा में अग्रणी माने जाते हैं। कार्यकारी प्रधानाचार्य देविंदा चौहान ने उनके इस सराहनीय योगदान के लिए आभार जताया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सैनिक कृष्णदास शर्मा, कमल वर्मा सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# हिमाचल सरकार ने बढ़ाई वाहनों की एंट्री फीस

## एक अप्रैल से जेब पर पड़ेगा सीधा असर, 30 से 130 फीसदी तक बढ़ी वसूली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पहाड़ों की वादियों में अब सफर पहले से ज्यादा महंगा होने जा रहा है। राज्य सरकार ने टोल दरों में बड़ा इजाफा करते हुए नई दरों की अधिसूचना जारी कर दी है, जो आगामी एक अप्रैल से पूरे प्रदेश में लागू होगी। तीस फीसदी से लेकर एक सौ तीस फीसदी तक की बढ़ोतरी ने आम यात्रियों, कारोबारियों और परिवहन क्षेत्र में परेशानी पैदा कर दी है। यह संशोधन हिमाचल प्रदेश टोल अधिनियम, 1975 के प्रावधानों के तहत किया गया है।

जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के अनुसार अब कार, जीप और वैन जैसे हल्के निजी वाहनों के लिए प्रतिदिन 170 रुपए टोल निर्धारित किया गया है। 12 प्लस एक सवारी क्षमता तक के यात्री वाहनों के लिए वार्षिक 130 रुपए की दर तय की गई है। मिनी यात्री वाहनों और व्यावसायिक श्रेणी के लिए 320 रुपए की वसूली होगी, जबकि 32 प्लस एक से अधिक क्षमता वाले बड़े यात्री वाहनों के लिए 200 रुपए की दर रखी गई है।

दो धुरी से अधिक बस या ट्रक, जिनका भार बारह हजार से बीस हजार किलोग्राम के बीच है, उनके लिए 570 रुपए टोल देना होगा। तीन धुरी वाले व्यावसायिक वाहनों के लिए 600 रुपए निर्धारित किए गए हैं। भारी निर्माण यंत्र, भू-समतलीकरण मशीनें और बहु-धुरी व्यावसायिक वाहनों से 800 रुपए वसूले जाएंगे। 60 हजार किलोग्राम से अधिक भार वाले भारी वाहनों के लिए 900 रुपए की दर तय की गई है। इसके अतिरिक्त किराये पर चलने वाले निजी वाहनों पर 100 रुपए तथा मोटर साइकिल व हल्के निजी वाहनों पर 30 रुपए का शुल्क लागू रहेगा। बैरियर के आसपास निवास करने वाले निजी वाहन स्वामियों के लिए भी 100 रुपए प्रतिदिन की दर निर्धारित की गई है।

इन नई दरों के ऐलान के साथ ही परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि इससे माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है। वहीं आम लोग इसे अपनी जेब पर अतिरिक्त बोझ के रूप में देख रहे हैं। सरकार का तर्क है कि सड़कों के रखरखाव और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए यह कदम जरूरी है।



### पहली अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

**सरकारी** अधिसूचना के अनुसार एक अप्रैल 2026 से प्रदेश के सभी अधिसूचित टोल बैरियरों पर यही नई दरें लागू मानी जाएंगी। परिवहन विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि निर्धारित तिथि से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि किसी प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति पैदा न हो। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस निर्णय पर जनमानस और राजनीतिक हलकों की प्रतिक्रिया किस रूप में सामने आती है।

◆ कार से लेकर भारी वाहनों तक नई दरें तय

# हिमाचल में गुणात्मक शिक्षा सुधार को तीव्र गति देने के निर्देश

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उच्च स्तरीय मीटिंग में दिए आदेश, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और गुणवत्ता सुधार को मिली रफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में संस्थागत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और गुणात्मक शिक्षा सुधार को तीव्र गति देने के निर्देश दिए। बैठक में योजनाओं की प्रगति, भविष्य की रणनीतियों और बुनियादी ढांचे के सशक्तीकरण पर गहन मंथन हुआ। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में ठोस तथा दूरगामी निर्णय लिए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य में 39 छात्र और छात्रा विद्यालयों का विलय कर उन्हें सह-शिक्षा संस्थानों में परिवर्तित किया गया है, ताकि उपलब्ध संसाधनों और शिक्षण स्टाफ का समुचित उपयोग हो सके। शून्य नामांकन वाले 39 विद्यालयों को निरस्त करने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जाएगी। दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाले विद्यार्थियों को समयबद्ध परिवहन भत्ता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 100 से कम नामांकन वाले महाविद्यालयों के विलय की रूपरेखा तैयार कर संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री ने दोहराया कि इन सुधारों से किसी भी कर्मचारी की सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण पर बल देते हुए मंत्री ने चौपाल में वॉलीबॉल, शिलाई में कबड्डी, जुब्बल में बालिकाओं के लिए मुक्केबाज़ी तथा मोरसिंघी में हैंडबॉल खेल छात्रावासों को तत्काल प्रभाव से कार्यशील बनाने के निर्देश दिए। खेल छात्रावासों की संख्या और खेल विधाओं में विस्तार से प्रदेश के नवोदित खिलाड़ियों को नई ऊर्जा मिलेगी। लंबित 1.2 करोड़ रुपए के डाइट फंड को शीघ्र जारी करने और उसके पारदर्शी उपयोग के भी निर्देश दिए गए।

◆ खेल छात्रावासों के विस्तार से उभरेंगे नए प्रतिभाशाली खिलाड़ी

◆ भर्ती, प्रशिक्षण और सुविधाओं पर सरकार का स्पष्ट आश्वासन



शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर। अनंत ज्ञान

### शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

**बैठक** में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को तेज करने, रिक्त पदों को भरने तथा नव पदोन्नत प्रधानाचार्यों के लिए एससीईआरटी द्वारा तैयार मॉड्यूल पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों की भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 23 वर्ष समाप्त करने के आदेश भी दिए गए। एनसीसी कैडेटों के लिए कुल्लू हवाई अड्डे पर हैंगर सुविधा संचालित होने से प्रशिक्षण व्यवस्थाएं सुगम होने पर मंत्री ने संतोष व्यक्त किया। बैठक में शिक्षा सचिव राकेश कंवर सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में वित्तीय आपातकाल जैसी कोई स्थिति नहीं : विनय कुमार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हालिया बयान पर कड़ा एतराज जताते हुए कहा है कि यदि उन्हें आरडीजी अर्थात राजस्व घाटा अनुदान की बहाली में प्रदेश सरकार को कोई सहयोग नहीं देना है तो कम से कम प्रदेश में झूठ और भ्रम की स्थिति पैदा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की वित्तीय आपातकाल जैसी कोई स्थिति नहीं है और इस प्रकार के बयान केवल लोगों को गुमराह करने का प्रयास हैं।

विनय कुमार ने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान प्रदेश का संवैधानिक अधिकार है और इसकी बहाली के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर दोहरी राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास कार्यों को गति देने के लिए आरडीजी का जारी रहना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ नई दिल्ली में प्रदेश के अधिकारों को प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा आरडीजी की बहाली और आपदा राहत मद की घोषित 1500 करोड़ रुपए की राशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया जाएगा।

◆ आरडीजी पर भ्रम न फैलाएं जयराम ठाकुर के बयान पर कांग्रेस का कड़ा ऐतराज

◆ मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में दिल्ली में उठेगा प्रदेश के अधिकारों का मुद्दा

# चकोली में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, चालक सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** चंबा जिला के उपमंडल सलूणी में चकोली पुल के समीप द्राता स्थान पर मंगलवार को एक पिकअप (एचपी73ए-3566) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से फिसलता हुआ नीचे जा गिरा। हादसे में पिकअप को भारी नुकसान पहुंचा, लेकिन गनीमत रही कि चालक पूरी तरह सुरक्षित बच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना स्थल पर क्रैश बैरियर की व्यवस्था न होने के कारण वाहन सीधे गहरी ढलान की ओर चला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संवेदनशील मोड़ पर पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके, संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार प्रशासन और लोक निर्माण विभाग को इस खतरनाक स्थान पर सुरक्षा इंतजाम करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते क्रैश बैरियर नहीं लगाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए द्राता स्थान पर शीघ्र क्रैश बैरियर लगाए जाएं और सड़क सुरक्षा के अन्य आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि क्षेत्र में बार-बार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।



दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।

# बजट 2026-27 में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर : अनुराग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि बजट 2026-27 में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और अनुसंधान उत्कृष्टता को विकसित भारत 2047 की दृष्टि से केंद्र में रखा गया है। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा के लिए 42,100.02 करोड़ रुपए, पीएम पोषण के लिए 12,750 करोड़ रुपए, पीएम श्री योजना के लिए 7,500 करोड़ रुपए, स्टार्स कार्यक्रम के लिए 500 करोड़ रुपए और न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम के लिए 160 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए कुल 63,010.02 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय शैक्षिक संस्थानों का व्यापक विस्तार हुआ है। बिलासपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान 1,471.04 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित हुआ, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय को 500 करोड़ रुपए, प्रबंध संस्थान सिरमौर को 531.75 करोड़ रुपए और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना को 64 करोड़ रुपए की सहायता मिली। हमीरपुर, नाहन, चंबा और मंडी में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों को लगभग 180-180 करोड़ रुपए की सहायता से सुदृढ़ किया गया, जिससे प्रत्येक में 120 एमबीबीएस सीटें बढ़ीं। आयुष मंत्रालय के लिए 4,408.93 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, अनुसंधान, औषध निर्माण, जैव प्रौद्योगिकी और आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा।

◆ हिमाचल में केंद्रीय शैक्षिक संस्थानों का हुआ अभूतपूर्व विस्तार

# शिमला ईडी मुख्यालय को मिली सीआईएसएफ की स्थायी सुरक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय को अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की स्थायी सुरक्षा मिल गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एक सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सीआईएसएफ के 40 जवानों ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। अब तक कार्रवाई के दौरान चंडीगढ़ से अस्थायी रूप से सुरक्षा बल बुलाया जाता था, लेकिन स्थायी तैनाती से जांच एजेंसी को स्वतंत्र और निर्भीक ढंग से कार्य करने में सुविधा मिलेगी। संवेदनशील मामलों में संभावित विरोध या दबाव की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

इस नई व्यवस्था के बाद हिमाचल प्रदेश में चल रही बड़ी जांचों में तेजी आने की संभावना है। प्रवर्तन निदेशालय वर्तमान में लगभग 2,300 करोड़ रुपए के क्रिप्टो मुद्रा घोटाले, 250 करोड़ रुपए के छात्रवृत्ति घोटाले, ऊना और कांगड़ा क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया से जुड़े धन शोधन प्रकरण तथा केसीसी बैंक के एकमुश्त निपटान मामले की जांच कर रहा है। इसके अतिरिक्त ड्रग नियंत्रक प्रकरण और लगभग 2,100 करोड़ रुपए के इंडियन टेक्नोमैक बैंक घोटाले में भी जांच अंतिम चरण में बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार कुछ मामलों में संपत्तियों को भौतिक रूप से कब्जे में लेने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो सकती है।

विशेष सुरक्षा दस्ते की उपलब्धता से औचक छापेमारी, संपत्ति कुर्की और दस्तावेजी कार्रवाई के दौरान किसी भी बाहरी हस्तक्षेप की आशंका कम होगी। क्रिप्टो घोटाले में प्रदेश के हजारों निवेशकों से ठगी के आरोप हैं, जबकि छात्रवृत्ति घोटाले में कई प्रभावशाली निजी शिक्षण संस्थान जांच के दायरे में हैं। टेक्नोमैक प्रकरण में भी बड़ी अचल संपत्तियों को अटैच करने की तैयारी है। ऐसे में सीआईएसएफ की तैनाती को जांच की रफ्तार और सख्ती दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

◆ 40 जवानों की हुई तैनाती

◆ हाई-प्रोफाइल छापेमारी और संपत्ति कुर्की में आएगी तेजी

# मोदी राज में हिमाचल को मिली 5 गुना सहायता : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार केंद्र से भरपूर आर्थिक सहयोग लेने के बावजूद प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार पर अनावश्यक आरोप लगाकर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वास्तविक प्रश्न यह नहीं है कि केंद्रीय बजट में राजस्व घाटा अनुदान का उल्लेख हुआ या नहीं, बल्कि यह है कि जब यह अनुदान प्रदेश को मिल रहा था तब भी सरकार वित्तीय संकट का रोना रो रही थी।

उन्होंने शिमला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि यदि 16वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के बाद यह अनुदान बंद हुआ है तो प्रदेश सरकार को अपने वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ कर जवाबदेही निभानी चाहिए। विधानसभा की कार्यवाही का उल्लेख करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा परंपरा और नियम का हिस्सा है, किंतु सरकार राजस्व घाटा अनुदान को राजनीतिक प्रस्ताव बनाकर पेश करना चाहती थी।

विपक्ष ने तीन वर्षों की नाकामियों को तथ्यों सहित रखा, परंतु मुख्यमंत्री के उत्तर के दौरान कई आंकड़े विरोधाभासी ढंग से प्रस्तुत किए गए और सुधार के लिए विपक्ष को बोलने का अवसर नहीं दिया गया। ऐसी परिस्थिति में विरोध दर्ज कराने के लिए भाजपा विधायकों को सदन के वेल में जाना पड़ा। उन्होंने वित्त आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय बारहवें और 13वें वित्त आयोग में हिमाचल प्रदेश को लगभग 18 हजार करोड़ रुपए के आसपास अनुदान मिला, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 14वें और 15वें वित्त आयोग के दौरान लगभग नवासी हजार दो सौ चौवन करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई, जो पांच गुना से अधिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा ऋण लेने और चुकाने के आंकड़ों में भी भारी अंतर बताया गया है, जिससे जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लिए गए अधिकांश ऋण की अदायगी की गई थी और अंतिम वर्ष में उपलब्ध उधार सीमा का भी उपयोग नहीं किया गया, जबकि वर्तमान सरकार सत्ता में आते ही हजारों करोड़ का ऋण लेकर उसका दोष पूर्व सरकार पर मढ़ रही है।

◆ आर्थिक सहयोग लेकर भी कांग्रेस सरकार केंद्र को रही कोस, जनता का ध्यान भटकाने का कर रही प्रयास



## हर्षवर्धन व धर्माणी का जयराम ठाकुर पर तीखा प्रहार, कहा-

# भाजपा ने बदला अपना ही स्टैंड प्रदेश हितों से किया किनारा

अनंत ज्ञान





**ब्यूरो, शिमला।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आरडीजी के मुद्दे पर भाजपा का बदला हुआ रुख प्रदेश की जनता के सामने स्पष्ट हो चुका है।

उन्होंने कहा कि 15वें और 16वें वित्त आयोग के समक्ष प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित आर्थिक संसाधनों का हवाला देकर आरडीजी की वकालत करने वाली भाजपा आज उसके विरोध में खड़ी दिखाई दे रही है। मंत्रियों ने प्रश्न उठाया कि आखिर कुछ ही महीनों में ऐसा क्या बदल गया कि जयराम ठाकुर और उनकी पार्टी प्रदेश के अधिकारों से पीछे हट गई। मंत्रियों ने कहा कि आरडीजी संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत हिमाचल प्रदेश का संवैधानिक अधिकार है और इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा सत्र में नियम 102 के तहत आरडीजी बहाली के प्रस्ताव का विरोध कर भाजपा ने अपना वास्तविक चेहरा उजागर कर दिया है। उनके अनुसार, कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते भाजपा नेतृत्व प्रदेश हितों को दरकिनार कर रहा है, जिसे प्रदेश की जनता भली-भांति समझ रही है।

◆ आरडीजी पर रुख स्पष्ट करने की मांग, संवैधानिक अधिकार के विरोध से उजागर हुआ 'वास्तविक चेहरा

**समीक्षा** — तीन दिन तक चले बजट सत्र में वित्तीय तंगी व पांगी घाटी की बिजली समेत कई मुद्दों पर तीखी बहस

# हिमाचल विधानसभा में आरडीजी बहस ने मचाई हलचल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की फिजाओं में सियासत की हवा कुछ यूं बही कि सदन की दीवारें भी गूंज उठीं। वित्तीय तंगी, हक और हिस्सेदारी की जद्दोजहद, और आरडीजी की बहाली का सवाल, इन तीन दिनों में प्रदेश विधानसभा एक कानून बनाने का मंच के साथ राजनीतिक मुठभेड़ का अखाड़ा बन गई। विशेष सत्र बुलाने की कोशिश राज्यपाल द्वारा नामंजूर होने के बाद बजट सत्र के पहले चरण में यह बहस केंद्र और प्रदेश के रिश्तों की नई इबारत लिखती नजर आई।

राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी पर सरकार ने नियम 102 के तहत प्रस्ताव लाकर केंद्र से बहाली की सिफारिश की। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा पेश प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साफ कहा कि यदि आरडीजी बहाल नहीं हुई तो प्रदेश के बजट में 15 फीसदी कटौती करनी पड़ेगी। उन्होंने सदन में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के वित्त आयोग के समक्ष दिए पुराने वक्तव्य पढ़कर सुनाए और सवाल उठाया कि जो तब आरडीजी के पक्ष में थे, आज समर्थन से पीछे क्यों हट रहे हैं। आंकड़ों की जंग छिड़ी तो विपक्ष वेल में उतर आया, नारे लगे, और लगभग 45 मिनट तक सदन हंगामे की आगोश में रहा। इसी शोर के बीच प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित कर केंद्र को भेजने का रास्ता साफ कर दिया गया।



इन तीन दिनों में सदन केवल आरडीजी तक सीमित नहीं रहा। मंदिर न्यास की धनराशि पर लगी पाबंदियों के खिलाफ पुनर्विचार याचिका की घोषणा हुई, आपदा प्रभावितों की दुर्दशा, पांगी घाटी की बिजली समस्या, बाहरी लोगों के पंजीकरण, सीबीएसई विद्यालयों में भर्ती शर्तों और प्रदूषण के मसलों पर भी तीखी बहस हुई। सरकार ने कई मामलों में जांच, पुनर्विचार और आवश्यक धनराशि जारी करने का आश्वासन दिया, वहीं विपक्ष ने आर्थिक बदहाली, संसाधनों के दुरुपयोग और प्रशासनिक ढिलाई को लेकर सवालों की बौछार की।

सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद वित्तीय हालात पर छाया साया साफ दिखाई दिया। दूसरे दिन आरडीजी को लेकर पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आए, और तीसरे दिन चर्चा का समापन तीखे आरोप-प्रत्यारोप के बीच हुआ। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। अंततः पहले चरण की तीन बैठकों में लगभग अठारह घंटे से अधिक समय तक चली कार्यवाही के बाद सत्र को 18 मार्च प्रातः 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया, यह विराम अब तक के सबसे लंबे अंतरालों में गिना जाएगा।

### अब निगाहें 18 मार्च से आरंभ होने वाले दूसरे चरण के सत्र पर

**अब** निगाहें 18 मार्च से आरंभ होने वाले दूसरे चरण पर टिक गई हैं। आरडीजी की बहाली का प्रश्न केवल अनुदान का नहीं, अपितु प्रदेश की विकास योजनाओं, कर्मचारी दायित्वों और सामाजिक सुरक्षा की निरंतरता का है। तीन दिन के इस सत्र ने साफ कर दिया है कि आने वाला चरण और अधिक निर्णायक होगा। सियासत की इस शतरंज में अगली चाल किसकी भारी पड़ेगी, इसका फैसला अब 18 मार्च के बाद होने वाली बहसों में ही होगा।

# बिलासपुर और घुमारवीं के गर्ल्स स्कूल मर्ज

## दोनों प्रिंसिपलों ने डिप्टी डायरेक्टर के पास किया ज्वाइन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश सरकार के सह-शिक्षा (को-एजुकेशन) मॉडल के तहत बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित वरिष्ठ माध्यमिक छात्रा पाठशाला तथा घुमारवीं के गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल को संबंधित ब्वॉयज स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार दोनों विद्यालयों को पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में समाहित किया गया है।

मर्जर प्रक्रिया के तहत दोनों स्कूलों के प्रिंसिपल ने बुधवार को बिलासपुर में डिप्टी डायरेक्टर एजुकेशन कार्यालय में पहुंचकर औपचारिक रूप से ज्वाइन कर लिया। विभागीय सूत्रों के अनुसार आगामी दिनों में स्टाफ समायोजन और विद्यार्थियों की कक्षाओं के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

इस निर्णय के बाद छात्राओं और अभिभावकों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ अभिभावक इसे संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में कदम मान रहे हैं। वहीं, कई लोगों ने अलग गर्ल्स स्कूल की व्यवस्था समाप्त होने पर चिंता जताई है। शिक्षा विभाग का कहना है कि सह-शिक्षा प्रणाली के माध्यम से बुनियादी ढांचे, शिक्षकों और अन्य सुविधाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं और आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### क्या कहते विधायक जम्वाल

**सदर** विधायक त्रिलोक जम्वाल का कहना है कि सह-शिक्षा के नाम पर गर्ल्स स्कूलों का मर्जर किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। उन्होंने सरकार से छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह बिलासपुर का गर्ल्स स्कूल 1952 से चल रहा था और यह निर्णय लेकर सरकार ने बिलासपुर के साथ कुठाराघात किया है।

### दोनों प्रिंसिपलों को ज्वाइन करने के दिए निर्देश : रेणु

**इस** संबंध में डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन रेणु कौशल ने बताया कि अभी तक जो पत्र प्राप्त हुआ है, उसके अनुसार दोनों गर्ल्स स्कूलों के प्रिंसिपलों को डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद आगे क्या आदेश होंगे, इस बारे में अभी कोई अतिरिक्त सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### परमात्मा को जानना ही मनुष्य जीवन का एक मात्र लक्ष्य

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर में संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया। कांगड़ा जोन के जोनल इंचार्ज केसी धीमान बताया कि मनुष्य के जीवन का लक्ष्य परमात्मा की पहचान करना है। बाबा अवतार सिंह जी के वचनों को दोहराते हुए कहा कि जब मनुष्य पूर्ण सतगुरु के चरणों में अपने आप को समर्पित कर देता है, तो पूर्ण सतगुरु उसे सत्य का बोध करवाते हुए ब्रह्मज्ञान की दात देते हैं। जब मनुष्य सहज अवस्था को प्राप्त कर लेता है तो उसके मन में जो वैर, नफरत, ईर्ष्या, द्वेष की आग जल रही होती है वो शमन हो जाती है। पूर्ण सतगुरु ही आत्मा को परमात्मा से मिलवाने का मार्ग मनुष्य को दिखाते हैं। मुखी महात्मा अश्वनी वर्मा सहित कई अन्य साध सांगत के सदस्यों नें सत्संग का आनंद लिया ।

### 25 तक जमा करवाएं लंबित बिजली बिल

**कपिल वासुदेवा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां विद्युत उपमंडल के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्तओं ने विद्युत बिल का भुगतान पिछले 1 महीने या इससे अधिक समय से नहीं किया है वह सभी लंबित बिलों का भुगतान 25 फरवरी से पहले कर दें। सहायक अभियंता ई. आर ईशानी भट्टू ने कहा कि भविष्य में सभी उपभोक्ता हर महीने दिए गए बिल का भुगतान देय तिथि से पहले कर दें अन्यथा आपका विद्युत कनेक्शन बिना किसी आगामी सूचना के अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता का बिल किसी कारण जमा नहीं हो पा रहा है तो बिल का भुगतान नगरोटा बगवां के कार्यालय के कैश काउंटर पर 10 से 3 बजे तक कर सकते हैं । जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं उन उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिजली कनेक्शन स्मार्ट मीटर के द्वारा ही स्वयं कट जाएंगे।

# सौ वर्ष पुराने ब्वॉयज स्कूल को मर्ज करने के आदेश

## स्कूल प्रशासन को मिले दो पत्रों में भिन्नता, सुविधाओं के निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि भी है उपलब्ध




धर्मशाला स्थित ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ अभिभावक बोले, निर्णय पर पुनर्विचार करे सरकार

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित राजकीय बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल जो इसी वर्ष अपना सौ वर्ष का सफर पूरा कर रहा है, इस स्कूल को मर्ज करने की कवायद सरकार ने आरंभ कर दी है। स्कूल प्रशासन को मिले दो पत्रों में भिन्नता से स्कूल स्टाफ, बच्चों व अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि ब्वॉयज स्कूल में हर प्रकार की सुविधाओं के साथ निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। वहीं, ब्वॉयज स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि इस स्कूल को गर्ल्स स्कूल में मर्ज करने का निर्णय सही नहीं, सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। अभिभावकों का कहना है कि जो स्कूल 1926 से चल रहा है और इस वर्ष अपना 100 वर्ष का सफर पूरा करने जा रहा है, उस स्कूल को मर्ज करने के नाम पर बंद करके सरकार बच्चों से खिलवाड़ कर रही है। वहीं, स्कूल प्रशासन की मानें तो शैक्षणिक सत्र के अंत के बजाय सरकार को सत्र की शुरुआत में इस तरह की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए था। गौरतलब है कि सौ वर्ष पुराने ब्वॉयज स्कूल ने कई प्रतिभाएं प्रदेश को दी हैं। अभी भी धर्मशाला सहित अन्य स्थानों के बच्चे भी यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ऐसे में परीक्षाओं के समय स्कूल को मर्ज करने की प्रक्रिया ने स्कूल प्रशासन, बच्चों व अभिभावकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

### सौ वर्ष में कई प्रतिभाएं निखर कर निकली: मनकोटिया



**ब्वॉयज** स्कूल धर्मशाला के प्रिंसिपल यशपाल मनकोटिया ने कहा कि यह स्कूल वर्ष 1926 से चल रहा है। इसी वर्ष यह स्कूल अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इस स्कूल से सौ वर्ष में कई प्रतिभाएं निखरकर निकली हैं। यहां पर 70 कनाल के करीब भूमि भी उपलब्ध है। प्रदेश सरकार की ओर से ब्वॉयज स्कूल को मर्ज करने का पत्र जारी किया है। सरकार से आग्रह है कि गर्ल्स स्कूल को सीबीएसई करे और ब्वॉयज स्कूल को को एजुकेशन के तहत चलाया जाए। विभागीय स्तर पर इस स्कूल को मर्ज करने के संबंध में किन पैरामीटर को देखा गया है, इस बारे में उच्च अधिकारी ही बता सकते हैं। स्कूल को एक और पत्र मिला है, जिसमें ब्वॉयज स्कूल का चयन डे बॉर्डिंग स्कूल के लिए भी हुआ है तथा 1.98 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। दोनों ही पत्रों में भिन्नता है, इस मामले में सरकार ही स्थिति स्पष्ट कर सकती है। परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया है, सत्र के अंत में यह प्रक्रिया नहीं अपनाई जानी चाहिए थी।

### हेरिटेज है ब्वॉयज स्कूल: रवि राणा



**अभिभवक** रवि राणा ने कहा कि सौ वर्ष पुराने स्कूल को मर्ज या बंद करना सही नहीं है। ब्वॉयज स्कूल सौ वर्ष का सफर पूरा करने के साथ हेरिटेज बन चुका है। सरकार का निर्णय गलत है, ब्वॉयज स्कूल को किसी अन्य स्कूल में मर्ज करने के बजाय, आसपास के अन्य छोटे स्कूलों को ब्वॉयज स्कूल में मर्ज किया जाए।

### मर्ज न किया जाए ब्वॉयज स्कूल : निशा



**निशा** देवी ने कहा कि ब्वॉयज स्कूल को मर्ज नहीं किया जाना चाहिए। यहां पर बच्चों के लिए हर सुविधा उपलब्ध है। चंबा के बच्चे भी यहां पढ़ाई कर रहे हैं। सौ वर्ष का सफर पूरा कर चुके स्कूल के बारे में सोचना चाहिए। सीबीएसई होने के बाद अभिभावकों के खर्च बढ़ जाएंगे। सरकार को चाहिए कि जो कमियां हैं, उन्हें दूर करे, न कि सीबीएसई के नाम पर स्कूलों को बंद करने का काम करे। बच्चों की परीक्षाएं सिर पर हैं और सरकार स्कूल को मर्ज करने जा रही है, जो कि नहीं होना चाहिए।

### स्कूल में हर सुविधा, बंद न करे सरकार: सलोचना



**सलोचना** देवी ने कहा कि ब्वॉयज स्कूल को मर्ज न किया जाए। इस स्कूल में एनसीसी, एनएसएस की सुविधा सहित विशेष बच्चों के लिए भी पढ़ाई की सुविधा यहां उपलब्ध है। इस स्कूल के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, सरकार को इसे बंद नहीं करना चाहिए।

## पालमपुर होली महोत्सव के लिए कलाकारों के 24 को होंगे ऑडिशन

अनंत ज्ञान

◆ एसडीएम ने कलाकारों से की भागीदारी की अपील

**पालमपुर।** पालमपुर के ऐतिहासिक और राज्य स्तरीय होली महोत्सव-2026 में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों के ऑडिशन 24 फरवरी को लिए जाएंगे। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं होली मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी यादव ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाने के इच्छुक कलाकार उक्त तिथि को ऑडिशन दे सकते हैं। ऑडिशन प्रक्रिया प्रात: 10 बजे से सहायक लोक संपर्क अधिकारी (एपीआरओ) कार्यालय पालमपुर में शुरू होगी।

उन्होंने कलाकारों से आह्वान किया कि वे समय पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया का हिस्सा बनें। प्रशासन ने इस बार महोत्सव की सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि कलाकार अपनी



प्रस्तुतियों में किसी भी प्रकार की अश्लीलता को स्थान न दें। गीतों या संवादों के माध्यम से मादक पदार्थों (नशा) को प्रोत्साहन देने वाली सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लोक संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों को प्राथमिकता देने वाले कलाकारों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार भाईचारे और रंगों का प्रतीक है, अत: मंच से ऐसा कोई संदेश नहीं जाना चाहिए जो समाज या युवा पीढ़ी पर प्रतिकूल प्रभाव डाले। पालमपुर का यह भव्य होली महोत्सव इस वर्ष 1 मार्च से लेकर 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। एसडीएम ने समस्त क्षेत्रवासियों और कलाकारों से इस उत्सव को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## कांग्रेस के नेतृत्व में हिमाचल आर्थिक अराजकता और वित्तीय पतन की कगार पर: परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज प्रशासनिक अव्यवस्था, वित्तीय कुप्रबंधन और राजकोषीय असंतुलन का शिकार बन चुका है। मुख्यमंत्री के शासनकाल में प्रदेश की वित्तीय व्यवस्था चरमरा गई है और हिमाचल आर्थिक अराजकता की स्थिति में पहुंच गया है। यह सामान्य संकट नहीं है, यह शासन की विफल नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को केंद्र सरकार की कठपुतली कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और असंवैधानिक सोच को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 280 के तहत गठित वित्त आयोग कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त दायित्व निभाने वाली संस्था है। शब्दों का चयन संयमित होना चाहिए। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि लगभग 10,000 करोड़ रुपए के लंबित यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट को लेकर केंद्र सरकार की ओर से गंभीर आपत्तियां दर्ज की गई हैं। यह कोई साधारण प्रशासनिक त्रुटि नहीं है। यदि विभागों के माध्यम से गलत उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे गए हैं तो यह गंभीर वित्तीय अनियमितता है। उन्होंने चेताया कि जब जांच होगी तो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी।

## सार्थक संस्था ने खेलों में भाग लेने वाले विद्यार्थी और अभिभावक किए सम्मानित



चंबी के निजी होटल में आयोजित सादे समारोह में खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को नवाजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर क्षेत्र की अग्रणी संस्था सार्थक ने चंबी के निजी होटल में एक सादे समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले क्षेत्र की विभिन्न पाठशालाओं के विद्यार्थी खिलाड़ियों को उनके माता-पिता सहित गिफ्ट-हैंपर, स्मृति-चिह्न, सार्थक मेडल व नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यातिथि वीरेंद्र सिंह गुलेरिया ( प्रधानाचार्य एवं सार्थक सदस्य) ने की। इस कार्यक्रम में 22 छात्र-छात्राओं को खेलकूद क्षेत्र में नाम कमाने के लिए प्रेरित किया गया।

सार्थक संस्था के अध्यक्ष लोकेश नंदन ने कहा कि खेल जीवन पर्यंत साथना हैं। इस अवसर पर सार्थक के बीस सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। गौरतलब है सार्थक पंजीकृत संस्था है। इसमें 150 सदस्य हैं। पूर्व में सार्थक संस्था कोविड महामारी, आपदा में, जरूरतमंद कन्याओं की शादियों, प्रतिभावान विद्यार्थियों, गंभीर रोगियों आदि की नकद राशि से सहयोग कर चुकी है। असहायों की मदद करनें का जज्बा कूट-कूट कर भरी है। इस आशय की जानकारी सार्थक के सदस्य और मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा ने दी।

## झूठ का पुलिंदा लेकर जनता को गुमराह कर रहे सीएम सुक्खू: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से भाजपा पर लगाए गए आरोपों पर प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी प्रशासनिक विफलताओं और वित्तीय कुप्रबंधन को छिपाने के लिए केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। भाजपा ने स्पष्ट कहा कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को लेकर राज्य सरकार की तैयारी और प्रस्तुति कमजोर रही। अगर राजस्व घाटा अनुदान को लेकर राज्य का पक्ष प्रभावी ढंग से रखा गया होता, तो आज यह स्थिति न बनती। विश्व चक्षु ने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार केंद्र से मुलाकातों का हवाला दे रहे हैं, लेकिन परिणाम शून्य रहा। यह उनकी राजनीतिक और प्रशासनिक असफलता को दर्शाता है। चक्षु ने आरोप लगाया कि सर्वदलीय बैठक का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक नाटक करना था। यदि मुख्यमंत्री गंभीर होते तो पहले से सार्थक एजेंडा साझा करते और मीडिया को बुलाकर इसे प्रचार का माध्यम न बनाते। बैठक के स्थान और प्रक्रिया को लेकर अनावश्यक विवाद खड़ा कर मुख्यमंत्री ने खुद अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। हिमाचल की जनता समझदार है और आने वाले समय में सच्चाई का जवाब देगी। चक्षु ने कहा कि भाजपा हमेशा हिमाचल के हित में खड़ी रही है और आगे भी रहेगी, लेकिन राजनीतिक लाभ के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

## पठानकोट रेलवे पुलिस ने पिस्टल व तीन कारतूस के साथ युवक दबोचा, 1 फरार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट रेलवे पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के ऊपर पहले भी लूट के मामले दर्ज हैं। वहीं, आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन पर रूटीन चेकिंग के दौरान दो युवक संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया और तलाशी शुरू की। इस दौरान एक युवक पुलिस को चकमा देकर पिस्टल लहराते हुए भाग गया, जबकि दूसरे को काबू किया गया। पकड़े गए युवक के पास से पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। पूछताछ जारी है और फरार साथी की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि रूटीन की तरह चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान उन्हें दो लोगों पर शक हुआ, जब उनकी तलाशी लेनी चाहिए तो उनमें से एक शख्स पुलिस के चेकिंग अभियान को देखता हुआ चकमा देकर हाथ में पिस्टल लहराते हुए फरार हो गया। वहीं, दूसरे को काबू कर लिया है। रेलवे पुलिस का यह अभियान स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाने और अपराधियों को रोकने के उद्देश्य से नियमित रूप से जारी है।

## गेहूं की फसल को बीमारियों से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** गेहूं की फसल में लगने वाली मुख्य बीमारियों से बचाव के लिए कृषि विभाग पालमपुर ने किसानों को सलाह दी है कि प्रदेश में पीला रतुआ गेहूं का प्रमुख रोग है। इसे अंग्रेजी में येलो रस्ट कहते हैं। रोग के लक्षण पीले रंग की धारियों के रूप में पत्तियों पर दिखाई देते हैं, जिनमें से पिसी हुई हल्दी जैसा पीला चूर्ण निकलता है तथा पीला पाऊडर जमीन पर भी गिरा हुआ दिखाई देता है। ऐसे खेत में जाने पर कपड़े भी पीले हो जाते हैं। यरि यह रोग कल्ले निकलने की अवस्था में या इससे पहले आ जाए तो फसल में भारी हानि होती है। रोग दिखाई दे तो छिड़काव करें। छिड़काव के लिए प्रॉपीकोनाजोल 25 ई.सी 60 मिली या मैंकोजेब 75 डब्लयू पी 150 ग्राम प्रति बीघा 60 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। छिड़काव दोपहर बाद करें। यदि छिड़काव के बाद दो घंटे के अंदर बारिश आ जाती है तो मौसम ठीक होने पर दोबारा छिड़काव करें, क्योंकि इतने समय में दवाई पूरी तरह से पौधों में प्रवेश नहीं कर पाती और वर्षा के पानी से धुल जाती है। दूसरी बीमारी है भूरा रतुआ, गोल व भूरे रंग के बिखरे हुए कील पत्तों पर प्रकट होते हैं। काला रतुआ गहरे भूरे रंग की कीलें, तने, पत्तों और पत्तों के आवरणों पर दिखाई देती है बाद में फट जाती है।

**खुली कांगियारी:** इस रोग से प्रभावित पौधे काली बालियां पैदा करते हैं, जिनमें फफूंद बीजाणु पाए जाते हैं। बाद में काले बीजाणु हवा से उड़ जाते हैं और केवल फूल वाली डाली जाती है। इसकी रोकथाम के लिए रोग प्रतिरोधी किस्में जैसे एचपीडब्लयू 155, 249, 360 इत्यादि लगाएं। बीज की टिल्ट 25 ईसी के 0.01त्न (100 पीपीएम) के घोल में 6 घंटे के लिए भिग और फिर छाया में सुखाकर बिजाई करें या बीज का वीटावैक्स/बेवीस्टीन (2.5 / किग्रा बीज) से उपचार करें। रोकथाम के लिए फसल पर कार्बन्डाजिम (0.05त्न) का छिड़काव 15 दिन के अंतर पर करें।

## प्रदेश में 11,716 शिक्षक और 6,328 गैर शिक्षकों के पद खाली

◆ शिक्षा बोर्ड को कमजोर करने की साजिश : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों के 11,716 तथा गैर-शिक्षकों के 6,328 पद रिक्त पड़े हैं, जो सरकार की उदासीनता को स्पष्ट दर्शाते हैं। जब विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक और कर्मचारी ही उपलब्ध नहीं होंगे, तो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी। नैंसी ने कहा कि बीते तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी कदम नहीं उठाया है। स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई विद्यालय एक या दो शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। गैर-शिक्षकीय स्टाफ की कमी से प्रशासनिक कार्य भी बाधित हो रहे हैं। नैंसी ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड को सुदृढ़ करने के बजाय प्रदेश के विद्यालयों को सीबीएसई के अधीन कर रही है, जो कहीं न कहीं अपनी जिम्मेदारी से भागने जैसा प्रतीत होता है। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को मजबूत करने, परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने, पारदर्शिता बढ़ाने और नई शैक्षणिक योजनाएं लागू करने की आवश्यकता है, न कि उसे कमजोर करने की।

## बरवाड़ा को दिया जाए पंचायत का दर्जा

### लोगों ने जताया रोष, बोले- अलग-अलग पंचायतों में जोड़कर न किया जाए परेशान



ग्रामीणों ने प्रशासन से बरवाड़ा को अलग पंचायत घोषित करने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** बरवाड़ा गांव के ग्रामीणों में रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें बार-बार अलग-अलग पंचायतों के साथ जोड़कर परेशान न किया जाए, बल्कि बरवाड़ा को पूर्ण अधिकारों के साथ अलग पंचायत का दर्जा दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से बरवाड़ा गांव को विभिन्न पंचायतों के साथ जोड़ा जाता रहा है, जिसके चलते गांव का समुचित विकास नहीं हो पाया। बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य विकास कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि पंचायत मुख्यालय अन्य स्थान पर होने के कारण बरवाड़ा की समस्याएं प्राथमिकता में नहीं आ पातीं। इससे ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रशासन से मांग की है कि बरवाड़ा को अलग पंचायत घोषित किया जाए, ताकि गांव को उसका पूरा पंचायत हक मिल सके और विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ सकें। स्थानीय ग्रामीणों में रजिंदर चौहान, रणजीत सिंह, पिरथी सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेश चंद, मनोहर लाल, राकेश कुमार, रोहित कुमार इत्यादि ने मांग की है कि बरवाड़ा को अलग से पूर्ण पंचायत का दर्जा दिया जाए।

स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें खुशी है कि देहरा विधायक कमलेश ठाकुर ने उनकी मांग को सुना और एक अलग पंचायत का गठन होने जा रहा है, जो स्वभाविक अच्छा निर्णय है, लेकिल बरवाड़ा गांव की पूर्ण पंचायत की वर्षों पुरानी मांग को इस बार भी दरकिनार किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द सरकार बरवाड़ा पंचायत की घोषणा करे।

## कालेश्वर इलेवन ने जीता बाबा ब्लोटू क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2



विजेता टीम को 11,000 रुपए व ट्रॉफी से सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत नलसुहा में आयोजित बाबा ब्लोटू क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। फाइनल मैच नलसुहा वॉरियर्स और कालेश्वर इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें कालेश्वर इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम कालेश्वर इलेवन को 11,000 रुपए की नकद धनराशि व ट्रॉफी प्रदान की गई। सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। उपविजेता नलसुहा वॉरियर्स को 7,100 की नकद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन नलसुहा के युवाओं द्वारा नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने और युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया, जिससे प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## कॉरपोरेट दुनिया से सीधे जुड़ेंगे श्री साई ग्रुप के विद्यार्थी

### श्री साई पॉलिटेक्निक कॉलेज और केपीओ कंपनी आईडीएस इंफोटेक लिमिटेड के बीच एमओयू

◆ विद्यार्थियों को प्लेसमेंट इंटर्नशिप व कॉरपोरेट एक्सपोजर के मिलेंगे व्यापक अवसर: एसके पुंज

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी एवं प्रतिष्ठित आईटी एवं केपीओ कंपनी आईडीएस इंफोटेक लिमिटेड के मध्य विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन इंजि. एसके पुंज, प्रबंध निदेशक तृप्ता पुंज, प्राचार्य मुकेश गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता तथा डायरेक्टर प्लेसमेंट प्रो. सुलक्षय कुमार मुरगई विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कंपनी की ओर से रीता भकुनी, तनवीर कौर एवं सिमरन पाल सिंह ने प्रतिनिधित्व किया। डायरेक्टर प्लेसमेंट प्रो. सुलक्षय कुमार मुरगई ने बताया आईडीएस इंफोटेक देश की एक प्रतिष्ठित आईटी एवं नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग कंपनी है, जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईटी सेवाएं, पब्लिशिंग सॉल्यूशंस, लीगल प्रोसेस मैनेजमेंट एवं डिजिटल सेवाएं प्रदान करती है। इस सहयोग से विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी कौशल, डिजिटल दक्षता एवं वैश्विक स्तर का कॉरपोरेट एक्सपोजर प्राप्त होगा। प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता व डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट अवसर, इंटर्नशिप प्रोग्राम, कॉरपोरेट गेस्ट लेक्चर एवं इंडस्ट्रियल विजिट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

उद्योग से सीधा जुड़ाव विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता तथा कॉरपोरेट कार्यसंस्कृति की समझ प्रदान करेगा। एसके पुंज ने आईडीएस इंफोटेक लिमिटेड के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की साझेदारी विद्यार्थियों के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग तकनीकी शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर सरदार रणजीत सिंह, डॉ. नीरज भंडारी, डॉ. गिरीश गुप्ता, ऑल हेड्स व समुस स्टाफ मौजूद रहे।




विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के अवसर और इंटर्नशिप प्रोग्राम जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अनंत ज्ञान

## बिल्लू होशियारपुर के नाम रही लंबागांव मेले की छिंज

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव के कुंज्जेश्वर महादेव में शिवरात्रि के उपलक्ष में चल रहे चार दिवसीय मेले का बुधवार को समापन हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समापन पर छिंज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। मेले के समापन पर जिला कांगड़ा के कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। छिंज प्रतियोगिता माली बिल्लू होशियारपुर के नाम रही, जबकि अमृतसर का रफी उपविजेता रहा। मेला कमेटी ने विजेता को 15 हजार रुपए व स्मृति चिन्ह व उपविजेता मेले को 11हजार रुपए व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । मुख्यातिथि ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे हमारी सांस्कृतिक की धरोहर है इन्हें संजोए रखना हम सब का कर्तव्य है। ग्रामीण क्षेत्रों के मेले आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मुख्यातिथि ने इस मौके पर मेला कमेटी को 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर छिंज मेला कमेटी के प्रधान प्रवीण राणा, उपप्रधान संजय चौधरी, महासचिव जोगिंदर मैहरा, सचिव ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष रमेश राणा के अतिरिक्त अजय शर्मा, बख्शी राम, बलवीर राणा, सुखदेव, अशोक शर्मा, बलवंत राणा, पप्पू मैहरा, हंसपाल शर्मा, कुशल खुराना, बिल्लू, अंकू आदि लोग मौजूद रहे।

# जिले में चिन्हित 10 साइट्स को माइनिंग के लिए नीलामी की तैयारी

## बेस प्राइज अधिक होने पर पिछले वर्ष नहीं हो पाई थी नीलामी

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में चिन्हित 10 साइट्स को माइनिंग के लिए नीलाम करने की कवायद शुरू होने वाली है। हालांकि इन साइट्स को पिछले वर्ष नीलामी के लिए प्रस्तावित किया गया था, लेकिन बेस प्राइज ज्यादा होने के चलते और लोगों की सहभागिता के अभाव में नीलामी नहीं हो पाई थी। अब सरकार ने इन साइट्स को चेक करके आगामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं।

गौरतलब है कि सितंबर 2025 में जिले में 10 नई साइट्स खनन के लिए चिन्हित की गई थी, जिनकी नीलामी की जानी थी। इन साइट का बेस प्राइज ज्यादा होने के चलते उनकी नीलामी नहीं हो पाई थी। जिले के विभिन्न उपमंडलों में 52 खनन लीज हैं, जिन पर खनन किया जा रहा है, 29 नदियों के किनारे हैं, 6 हिल्स स्लोप पर और 17 लीज ऐसी हैं, जिनकी विभाग की ओर से नीलामी की गई है।

### बरसात में एकत्रित मिनरल्स भी होंगे नीलाम

**सूत्रों** के अनुसार, बरसात के दौरान जिन नदी-नालों में अधिक मात्रा में मिनरल्स इकट्ठा हुए हैं, उन्हें नीलाम करने के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत न्यूगल खड्ड में उपलब्ध सामग्री की डीडीएमए की ओर से आकलन किया गया है। इस क्षेत्र की पूरी असेस्मेंट भी पूरी कर ली गई है और सभी आवश्यक प्रक्रियाएं संपन्न हो चुकी हैं। नीलामी के लिए तैयार की गई सूची और मूल्यांकन रिपोर्ट को संबंधित विभागों को भेजा जा चुका है। अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि नीलामी पारदर्शी और नियमों के अनुसार हो। यह प्रक्रिया स्थानीय प्रशासन और डीडीएमए के सहयोग से जल्द पूरी कराई जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही नीलामी की तारीख घोषित कर दी जाएगी और यह काम पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न होगा।



**सरकार** ने आदेश जारी किए गए हैं कि प्रस्तावित 10 साइट्स को रिचेक किया जाए और पट्टों के एरिया को कम किया जाए और इन साइट्स को पुनः नीलामी के लिए प्रस्तावित किया जाए। इस संबंध में संबंधित एसडीएम से साइट्स के संबंध में जानकारी ली जा रही है। विभाग की ओर से इन साइट्स को इंस्पेक्ट किया जाएगा और आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**शैलजा चौधरी, खनन अधिकारी, धर्मशाला**

# किराये के कमरे में रह रहे युवक से 620 ग्राम चरस और नकदी बरामद

## दो डिजिटल मशीनें भी बरामद, युवकों को चरस बेचने का धंधा कर रहा था आरोपी

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरंतर जारी विशेष अभियान के तहत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को चरस सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस थाना पालमपुर की टीम ने 21 वर्षीय अनुज शर्मा निवासी गांव व डाकघर कोसरी, तहसील जयसिंहपुर के कब्जे से 620 ग्राम चरस, 2 डिजिटल बेईंग मशीन, 9 भूरे रंग की टेप से लिपटे खाली लिफाफे तथा 8000 रुपए की नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ निरंतर जारी विशेष अभियान में लगातार गश्त, नाकाबंदी, गुप्त सूचना एकत्रित करना जारी है। वीरवार को पुलिस थाना पालमपुर की टीम गश्त पर थी तो गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त आरोपी निहंग टीका में अपने किराए के क्वार्टर से कॉलेज के छात्रों को चरस बेचने का धंधा कर रहा है।

पुलिस थाना पालमपुर की टीम द्वारा नियमानुसार उक्त आरोपी के किराये के क्वार्टर की तलाशी अमल में लाई और तलाशी के दौरान उक्त आरोपी के कब्जे से 620 ग्राम चरस, 2 डिजिटल बेईंग मशीन, 9 भूरे रंग की टेप से लिपटे खाली लिफाफे और 8000 रुपए की नकदी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। इस संदर्भ में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



पुलिस के साथ गिरफ्तार युवक। अनंत ज्ञान

## हैप्पी बर्थडे



चाखड़ के गोपाल ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सुरेश पप्पी का आरटीए का मनोनयन कर सरकार ने बढ़ाया धर्मशाला का मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस नेता व बाघनी पंचायत के पूर्व प्रधान सुरेश पप्पी को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण में मनोनीत सदस्य बनाकर प्रदेश सरकार ने धर्मशाला विधानसभा का मान बढ़ाया है। यह बात धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व जिला परिषद सदस्य चौधरी हरभजन सिंह ने वीरवार को धर्मशाला में जारी बयान में कही। चौधरी हरभजन सिंह ने कहा कि सुरेश पप्पी बतौर कांग्रेस नेता पार्टी के मजबूत स्तंभ रहे हैं। उनकी तैनाती के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार, धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व नगर निगम मेयर देवेंद्र जग्गी के प्रयासों से संभव हो पाया है। चौधरी हरभजन सिंह ने सुरेश पप्पी की तैनाती के लिए कांग्रेस के तमाम सीनियर लीडर्ज का आभार जताया है। हरभजन ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद करके प्रदेश को अस्थिर करने का प्रयास किया है। हिमाचल से चार लोकसभा और तीन राज्यसभा सांसद भाजपा से हैं, लेकिन पक्ष रखने में नाकाम रहे हैं।



# जिले के 21 एटीएस में वाहन पासिंग बंद करने का विरोध



बंद 21 एटीएस सेंटरों को जल्द खोलने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

- रानीताल स्थित गाहलियां एटीएस में पासिंग को भेजे जा रहे वाहन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में सभी 21 एटीएस स्थानों पर पासिंग को बंद करने का विरोध करते हुए इन्हें जल्द बहाल करने व नए एटीएस सेंटर खोलने की मांग उठी है। वीरवार को धर्मशाला में निजी बस यूनियन के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, द भागसू टैक्सी ऑपरेटर अध्यक्ष अशोक शर्मा, एक्स सर्विस मैन ठाकुर मेयर सिंह, कोतवाली बाजार टैक्सी यूनियन से होशियार सिंह, पवन सोनी, डाढ़ टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष सुरेश कपूर ने संयुक्त रूप से कहा कि अकेले मैक्लोडगंज में ही 1000 टैक्सियां, कांगड़ा में 1300 बसें सहित हजारों वाहन हैं, जिन्हें पासिंग संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रानीताल स्थित गाहलियां में ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर खोला गया है। अब सरकार के दिशा-निर्देशों पर सभी को वहां भेजने का काम किया जा रहा है। ऐसे में एटीएस में जाने से सभी लोगों को अधिक नुकसान झेलना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिलों में 21 जगह पासिंग होती थी, अब मात्र एक जगह ही होगी।

उन्होंने कहा कि जिले के दूर-दराज क्षेत्रों में पहुंचने पर बड़ा खर्चा होगा, जबकि कोई भी खामी पाए जाने पर वापस आने पर फिर से कई चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मात्र पासिंग को जाने के लिए ही उन्हें टोल टैक्स के अतिरिक्त खर्चे से भी जूझना पड़ेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि एक जगह में पासिंग होने से वहां पर भीड़ की स्थिति भी बनेगी। उन्होंने मांग उठाई है कि सरकार को एटीएस की सुविधा सभी उपमंडलों में शुरू करनी चाहिए। इसमें शुरुआती तौर में कम से कम 10 डिवीजन में ये सेंटर खोले जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि पासिंग का मात्र 75 रुपए लगते थे, जबकि अब 800 रुपये तक खर्च रखा गया है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के टोल बैरियर के चालान भी कट रहे हैं। उस क्षेत्र में मैकेनिकल सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि 2018 की गाड़ी से जीपीएस मांगा जा रहा है, जो कि 1 जनवरी 2019 के बाद कि गाड़ियों में जरूरी है, जबकि एटीएस में नियमों की अवेहलना की जा रही है। उन्होंने सरकार पर इस पर उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि मांगों पर जल्द विचार नहीं किया जाता है, तो सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अपनी मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ आंदोलन करना पड़ेगा।

# नूरपुर पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई, तीन आरोपियों को लिया हिरासत में



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नूरपुर। नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ पुलिस जिला नूरपुर ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन आरोपियों दलवीरो पत्नी अजय कुमार, खन्ना पुत्र सेठा राम निवासी छन्नी और निवासी भदरोया राज कुमार उर्फ सेठी पुत्र दौलत राम को हिरासत में लिया है। पुलिस ने इनके खिलाफ विस्तृत डोजियर तैयार कर हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजा था। जांच में यह सामने आया कि ये बार-बार नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहे हैं और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।

सचिव (गृह), हिमाचल प्रदेश सरकार ने 17 फरवरी को औपचारिक हिरासत आदेश जारी किया। तीनों आरोपियों को जिला कारागार एवं सुधार गृह कांगड़ा (धर्मशाला) में तीन महीने के लिए निवारक हिरासत में रखा गया। नूरपुर पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई नशा माफिया और आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख को दर्शाती है और युवाओं को इस खतरे से बचाने की प्रतिबद्धता दिखाती है।

# नशा तस्कर बिंद्रावन की महिला तीन माह के लिए नजरबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिंद्रावन निवासी राजकुमारी को तीन माह के लिए नजरबंद किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना पालमपुर में एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े चार मामले दर्ज हैं। इनमें चरस, गांजा तथा हेरोइन जैसे मादक पदार्थों की बरामदगी शामिल है। आरोपी पहले भी गिरफ्तार हो चुकी है और जमानत पर रिहा होने के बावजूद अवैध गतिविधियों में संलिप्त रही।

साथ ही खुफिया रिपोर्टों में भी यह सामने आया कि वह क्षेत्र में नशीले पदार्थोंकी आपूर्ति और वितरण में सक्रिय भूमिका निभा रही थी। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि जिला कांगड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम पीआईटी एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत निवारक हिरासत का प्रस्ताव तैयार कर 27 दिसंबर 2025 को सक्षम प्राधिकारी को भेजा। तथ्यों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने आदेश जारी करते हुए आरोपी को तीन माह के लिए जिला मुख्यालय धर्मशाला के कारागार में निरुद्ध करने के निर्देश दिए।

इसके बाद वीरवार को थाना पालमपुर की पुलिस टीम ने आदेशों की पालना करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जिला मुख्यालय धर्मशाला के कारागार में भेज दिया है। जिला कांगड़ा पुलिस ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ शून्य सहनशीलता नीति अपनाई गई है और भविष्य में भी ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एसएमसी लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट परीक्षा 22 को

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से एसएमसी लिमिटेड डायरेक्ट रिक्रूटमेंट टेस्ट-2026 का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा निर्धारित समयसारणी के अनुसार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न शिक्षण श्रेणियों के रिक्त पदों को भरा जाना है, जिसमें प्रदेशभर के कुल 1437 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे।

बोर्ड द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस परीक्षा में टीजीटी आर्ट्स, ड्राइंग मास्टर, टीजीटी हिंदी, जेबीटी, टीजीटी मेडिकल, टीजीटी नॉन-मेडिकल एवं टीजीटी संस्कृत पदों के लिए पात्र अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए बोर्ड प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें, ताकि अंतिम समय में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। अनुशासन बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड ने रोल नंबर स्लिप और एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। परीक्षार्थी वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपनी आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड केवल ऑनलाइन माध्यम से ही उपलब्ध होंगे और इन्हें किसी भी अन्य माध्यम या डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश ने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे परीक्षा केंद्र पर अपने साथ अपना प्रवेश पत्र और एक वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड या वोटर आईडी) अनिवार्य रूप से लेकर आएं। इनके बिना केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा के दौरान शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया है।



- शिक्षा बोर्ड ने पूरी की सभी तैयारियां: डॉ. राजेश

# सीसीटीएनएस रैंकिंग में देहरा पुलिस ने प्रदेशभर में हासिल किया द्वितीय स्थान

अनंत ज्ञान

- आईसीजेएस में भी पुलिस जिला देहरा के 8 पुलिस थाना का प्रदर्शन टॉप-20 में

**ब्यूरो, धर्मशाला।** क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) में देहरा पुलिस जिला ने प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। यही नहीं इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) में भी पुलिस जिला देहरा के 8 पुलिस थाना इकाइयों का प्रदर्शन टॉप-20 के भीतर दर्ज किया है।

गौरतलब है कि पुलिस जिला देहरा का गठन लगभग एक वर्ष पूर्व 23 अगस्त को किया था। गठन के तुरंत बाद ही जिला पुलिस ने सीमित संसाधनों के बीच कार्य करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनी प्रारंभ कर दी थीं। वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला 14वें स्थान पर रहा। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निरंतर प्रयास, बेहतर समन्वय, तकनीकी दक्षता तथा फील्ड यूनिट्स द्वारा समयबद्ध कार्य के परिणामस्वरूप द्वितीय तिमाही में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया गया। तृतीय तिमाही में राज्यस्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया गया। अब इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को कायम रखते हुए चतुर्थ तिमाही (1.10.2025 से 31.12.2025) में पूरे प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, जिसका परिणाम आज घोषित हुआ है।

बकौल एसपी केवल सीसीटीएनएस ही नहीं, बल्कि इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) में भी पुलिस जिला देहरा के 8 पुलिस थाना इकाइयों का प्रदर्शन टॉप-20 के भीतर दर्ज किया गया है, जिनमें पुलिस थाना ज्वालामुखी, पुलिस थाना संसारपुर टैरेस, पुलिस थाना देहरा, पुलिस थाना रक्कड़, पुलिस थाना खुंडियां, पुलिस थाना हरिपुर, पुलिस थाना मझीण एवं पुलिस थाना डाडासीबा शामिल हैं। यह उपलब्धि दर्शाती है कि जिले के सभी थानों में केस डिस्पोजल, डेटा इंटीग्रेशन, कोर्ट मॉड्यूल अपडेट, टाइम-बाउंड रिपोर्टिंग तथा अन्य तकनीकी प्रक्रियाएं उच्च गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से संपन्न की जा रही हैं। यह उपलब्धि पुलिस बल की मेहनत, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं पेशेवर क्षमता का परिणाम है। साथ ही इसमें क्षेत्रीय जनता के विश्वास, वरिष्ठ अधिकारियों की दूरदर्शिता तथा प्रत्येक पुलिस कर्मी की जनसेवा के प्रति समर्पित भावना का भी महत्वपूर्ण योगदान है। एसपी ने कहा कि पुलिस जिला देहरा आगे भी बेहतर सेवा, त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्रवाई, जन-सहभागिता तथा पारदर्शी पुलिसिंग के अपने संकल्प को बनाए रखते हुए निरंतर प्रगति की दिशा में अग्रसर रहेगा।

# सकड़ी स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस सिटी पालमपुर का किया शैक्षणिक भ्रमण



अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विभिन्न आयोजन किए गए। इसमें एक दिवसीय साइंस सिटी पालमपुर का शैक्षणिक भ्रमण व स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साइंस सिटी पालमपुर के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने साइंस शो, 3डी शो व तारामंडल का अध्ययन किया। इसके अलावा विभिन्न उपकरणों व प्रयोग द्वारा साइंस संबंधित जानकारी भी एकत्रित की।

प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप आचार्य ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ को बधाई दी व छात्रों को इस तरह की गतिविधियों में सक्रिय रहने की भी प्रेरणा दी।

# सीनियर मेन इंटर डिस्ट्रिक्ट-डे क्रिकेट सीजन 2026-27 टूर्नामेंट का शेड्यूल किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन धर्मशाला की ओर से सीनियर मेन इंटर डिस्ट्रिक्ट-डे क्रिकेट सीजन 2026-27 टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट का लीग राउंड 20 फरवरी से 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नॉकआउट राउंड 16 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के मैच जेएनवी ग्राउंड, पेखुबेला, ऊना, बिलासपुर जिला के लूहनू क्रिकेट स्टेडियम, हमीरपुर जिला के तहत आते अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम अमतर (नादौन), इंदिरा ग्राउंड, जिला ऊना में खेले जाएंगे। जबकि सेमीफाइनल व फाइनल मैचों के लिए स्थान की पुष्टि शीघ्र की जाएगी।

# बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के होंगे ठोस प्रयास: किशोरी

## पांच दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के समापन पर बोले विधायक

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पांच दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव वीरवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि मेले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के ठोस प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव की पावन भूमि बैजनाथ में आयोजित यह प्राचीन उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। इसकी गरिमा और परंपरा को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी स्टेडियम में दूसरी बार मेले का आयोजन में किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। बेहतर व्यवस्थाओं, सुसंगठित कार्यक्रमों और जनसहभागिता ने महोत्सव को नई ऊंचाई तक पहुंचाया। उन्होंने मेला समिति, प्रशासन और स्थानीय जनता को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

विधायक ने प्रदेश सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार जनहित के अनेक सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सामाजिक सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने पारंपरिक संगीत, नृत्य और लोक कलाओं की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विधायक ने उत्सव की स्मारिका और कैलेंडर का विधिवत विमोचन भी किया। इससे पूर्व मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम बैजनाथ ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उत्सव के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों, संगठनों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



स्मारिका और कैलेंडर का विमोचन भी किया। अनंत ज्ञान

**अनदेखी** गड्ढों में तब्दील सड़क पर राहगीर और वाहन चालक झेल रहे परेशानी, हादसों को खुला न्योता

# साहब! डाडासीबा-ढलियारा मार्ग पर गड्ढों की मरम्मत तो करवाइए

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा से ढलियारा मार्ग, जो डाडासीबा व देहरा लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है, इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। जगह-जगह पड़े गहरे गड्ढों और टूटी सड़क हादसों को खुला न्योता दे रही है।

यह मार्ग गांव बीहण, बरबाडा, बढल ठोर, चनौर, चपलाह, रोड़ी कोड़ी, नंगल चौक व बतबाड़ से होकर गुजरता है। सड़क की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग किसी खतरे से कम नहीं है। गड्ढों से गुजरते समय तेज झटकों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों रामपाल, अजय कुमार, राकेश, पुष्पेंद्र कुमार, राहुल कुमार, सुरेंद्र सिंह, अश्विनी कुमार व सुनील ने बताया कि बरसात के बाद से सड़क की हालत लगातार खराब बनी हुई है, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क का शायद ही कोई हिस्सा ऐसा बचा हो जहां गड्ढे न हों। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो। साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि ऐसी सड़क क्यों नहीं बनाई जाती जो कम से कम पांच वर्षों तक टिक सके। इस बारे में पंचायत की पूर्व प्रधान पूनम धीमान घियोरी ने बताया कि सड़क की दयनीय स्थिति को लेकर लोक निर्माण विभाग को अवगत करवाया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

पूर्व जिला परिषद इशांत शर्मा ने कहा कि सड़क की हालत जगह-जगह खराब है। लोक निर्माण विभाग को चाहिए जल्द सड़क पर पैच पर करना चाहिए, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।



डाडासीबा-ढलियारा मार्ग पर जगह-जगह पड़े गड्ढे। अनंत ज्ञान

### क्या कहते अधिकारी?

**लोक** निर्माण विभाग देहरा के सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान में सर्दियों का मौसम होने के कारण कार्य प्रभावित है। फरवरी माह के बाद मौसम अनुकूल होते ही सड़क पर पैचवर्क किया जाएगा। वहीं, लोक निर्माण विभाग डाडा सीबा के सहायक अभियंता नितेश कोंडल ने कहा शीघ्र सडक़ को दुरुस्त किया जाएगा ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में ट्रेनी अप्रेंटिस के साक्षात्कार आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की कंपनी इंडोरमा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में ट्रेनी अप्रेंटिस के 15 पदों को भरने के लिए 20 फरवरी को सुबह दस बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 24 वर्ष तक के दसवीं या बारहवीं पास और वेल्डर, प्लंबर, मशीनिस्ट, रिफ्रिस्ट और एयर कंडीशनर ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को सभी भत्तों सहित कुल 16,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

### भरेड़ी में आज लगेगा स्मार्ट मीटर पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को आधुनिक, पारदर्शी एवं विश्वसनीय विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 20 फरवरी को विद्युत उपमंडल भरेड़ी परिसर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपमंडल भरेड़ी के अभियंता संजय कुमार तथा उपमंडल भोरंज के अभियंता वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस दौरान स्मार्ट मीटर की विशेषताएं, लाभ, स्थापना प्रक्रिया, वास्तविक समय में बिजली खपत की निगरानी, ऑनलाइन बिल व्यवस्था, पारदर्शिता एवं ऊर्जा बचत की जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञ उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान करेंगे और सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### भोटा बाजार में छिंज मेला 22 को

**अनंत ज्ञान, भोटा।** जय लखदाता छिंज कमेटी भोटा की ओर से भोटा बाजार में छिंज का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। दंगल में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं जम्मू के अखाड़े से पहलवान बुलाए गए हैं। भोटा छिंज कमेटी द्वारा (भोटा कुमार) का खिताब भी उचित राशि एवं ट्रॉफी के साथ दिया जाएगा। पहलवानों को दोपहर एक बजे से पहले एंट्री करवानी होगी, इसके बाद एंट्री नहीं की जाएगी। यह जानकारी जय लखदाता छिंज कमेटी भोटा के संचालक सलोकम, राजीव, अनिल धीमान, सुभाष चंद, जगदीश चंद, मेल राज एवं देवराज वर्मा ने दी।

### सहकारी सभा समिति धनेटा का अधिवेशन 23 को

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के धनेटा की दी सहकारी सभा समिति धनेटा का वार्षिक अधिवेशन 23 फरवरी को होगा। सभा के प्रधान सुखदेव शर्मा ने बताया कि यह अधिवेशन सभा के प्रांगण में सुबह 11 बजे शुरू होगा जिसमें खाता धारकों को साल भर का लेखा-जोखा विस्तार से बताया जाएगा।

### हमीरपुर में सुरक्षा गार्ड भर्ती साक्षात्कार आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नई दिल्ली की सिक्योरिटी कंपनी जी4एस सिक्योर सॉल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 60 महिला व पुरुष सुरक्षा गार्ड पदों के लिए 20 फरवरी प्रातः साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। 18 से 35 वर्ष आयु के दसवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। जबकि अनुभवी अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष है। पुरुषों की न्यूनतम लंबाई पांच फुट सात इंच तथा महिलाओं की पांच फुट निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को आठ घंटे ड्यूटी पर 13,170 रुपए और 12 घंटे ड्यूटी पर 19,755 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। ईपीएफ, बीमा, स्वास्थ्य सुविधा, पेंशन व प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### करियर प्वाइंट विवि में खेलकूद स्पर्धा 23 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय द्वारा 9वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 27 फरवरी तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, सामूहिक सहयोग तथा शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना है। पांच दिवसीय आयोजन में कबड्डी, वॉलीबाल, बास्केटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, लघु मैराथन, 10 मीटर निशानेबाजी और पारंपरिक खेल शामिल हैं। विभिन्न विभागों के खिलाड़ी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे। विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। खिलाड़ियों हेतु चिकित्सा, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अपंजीकृत संस्थानों से शीघ्र पंजीकरण का आग्रह किया गया है।

# सुजानपुर होली मेला: दुकान लगाने के लिए प्लॉट का आवंटन शुरू

◆ इस बार व्यापारियों को झेलनी पड़ेगी जीएसटी की मार

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में चौगान में दुकानें लगाने के लिए ठेकेदार ने दुकानदारों को आवंटन का कार्य शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में इस बार चौगान मैदान को एक मुश्त ठेके पर दिया गया है।

इससे पहले हर वर्ष प्रशासन द्वारा अलग-अलग बोलियां लगा करके चौगान को आगे किराए पर जाता था, लेकिन इस बार टेंडर के माध्यम से ठेकेदार को दिया गया है। प्रशासन द्वारा प्लॉट आवंटन से आमदनी कम होती थी, इसलिए प्रशासन ने टेंडर के माध्यम से ठेकेदार को यह कार्य सौंप दिया



प्लॉट आवंटन के बाद दुकान लगाते दुकानदार। अनंत ज्ञान

है। स्थानीय व्यापारियों और भाजपा द्वारा प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध भी किया गया। बावजूद प्रशासन ने इसके टेंडर आमंत्रित किए। व्यापारियों का कहना था कि इसके चलते जमीनों के रेट बढ़ेंगे और महंगाई पर भी असर पड़ेगा। उधर, इस बार मेले में जमीन लेने वाले कई दुकानदारों का कहना है कि इस बार मेले के प्लॉट उन्हें अधिक दामों पर खरीदने पड़े हैं। पिछली बार के मुकाबले उन्हें ज्यादा दाम चुका कर प्लॉट अपने नाम करने पड़े। उधर, राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में इस बार प्रशासन को रिकॉर्ड आमदनी हुई है। जिस ठेकेदार को ग्राउंड का ठेका दिया है। उसने अब आगे जमीन का आवंटन करना शुरू कर दिया है। सुजानपुर ग्राउंड को प्रशासन द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए नीलाम किया जाता था, जिसमें झूले, डोम, दुकानें, पार्किंग आदि शामिल रहते थे। बीते वर्ष यह चौगान लगभग एक करोड़ 60 लाख रुपए में नीलाम हुआ था। इस वर्ष यह 2 करोड़ 31 लाख 50 हजार रुपए में नीलाम हुआ है। इसके अलावा 18 प्रतिशत जीएसटी सरकारी खाते में अलग से संबंधित व्यक्ति द्वारा भरा जाएगा। सुजानपुर चौगान में लगने वाले झूलों के लिए सामान लेकर ट्रक पहुंचना शुरू हो गए हैं। प्रशासन ने पिछले बार के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक दाम तय करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन व्यापारियों को इस वर्ष जीएसटी की मार भी झेलनी पड़ रही है। पिछली बार जीएसटी नहीं लगाया था, लेकिन इस वर्ष बोली डाटा को जीएसटी भी अलग से अदा करना पड़ा है, जिसके चलते सारा बोझ छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। प्रशासन द्वारा चौगान में पार्किंग प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके आधार पर दुकानदारों को चौगान में दुकानें आवंटित की जा रही हैं।

मेला अधिकारी व एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला को सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां जारी हैं।

### डेढ़ करोड़ के करीब धनराशि जमा

राष्ट्र स्तरीय होली मेला के लिए एक मुश्त बोली देने वाले ठेकेदार ने प्रशासन के पास संबंधित रकम की आधी से अधिक धनराशि जमा कर दी है। मोहाली की फॉर्म राजू टेंट हाउस द्वारा चौगान मेला ग्राउंड 2 करोड़ 31 लाख 50000 रुपए में बोली देकर अपने नाम आवंटित किया था। इसके अलावा 18 पर्सेंट जीएसटी के साथ यह धनराशि पौने 3 करोड़ के करीब पहुंच गई थी। प्रशासन द्वारा 20 लाख रुपए बोली देने के समय जमा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा 20 फरवरी तक पूरी धनराशि को जमा करने का क्लॉस बोली में रखा गया था। अब पूरी जमा राशि को जमा करने का शुक्रवार को अंतिम दिन है। चौगान में बोली देने वाले दुकानदार एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर बोली जमा करा रहे हैं। प्रशासन के अनुसार डेढ़ करोड़ के करीब धनराशि जमा हो चुकी है।

# हमीरपुर शहर के कॉलेज और स्कूल परिसरों में फिर फेरबदल

## ब्वॉयज स्कूल में ही को-एजुकेशन में चलेंगे दोनों सीनियर सेकेंडरी स्कूल

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

◆ डिग्री कॉलेज में होगी केवल 'डेडीकेटेड साइंस कॉलेज' की पढ़ाई

◆ गर्ल्स स्कूल के भवन में अब बीएड व बीएससी की पढ़ाई

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सीएम के गृह जिले में हमीरपुर शहर के डिग्री कॉलेज और दोनों सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के ढांचे में एक बार फिर फेरबदल कर दिया गया है। अब गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बीएड और बीएससी की पढ़ाई शुरू होगी यानी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वॉयज में ही अब को-एजुकेशन के साथ जमा दो की पढ़ाई होगी। शहर के दोनों स्कूल मर्ज कर दिए हैं। एक बार फिर बदलाव के साथ अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुछ समय पहले डिग्री कॉलेज हमीरपुर को डेडीकेटेड साइंस कॉलेज के ढांचे में तब्दील करने की अधिसूचना जारी की थी, जिसमें एक यूनिट बीएड और बीएसई प्रोग्राम का बनाया था। अधिसूचना में कहा था कि ब्वॉयज स्कूल को गर्ल्स स्कूल में शिफ्ट किया जाएगा और नया सिस्टम बाई स्कूल में बीएससी का शुरू होगा। दोनों स्कूलों के परिश्रम में सुविधाओं की दृष्टि से स्कूल के ढांचे को ही को एजुकेशन जमा दो स्कूल के रूप में रखा है, इसीलिए यह अधिसूचना नई जारी की गई है। सरकार के पास डेपुटेशन भी मिले थे और पहले की अधिसूचना को लेकर लोगों ने आपत्ति जताई थी, गर्ल्स स्कूल में नहीं हो सकती थी। यह नया सिस्टम आगामी अप्रैल माह से चालू होने वाले नए शिक्षा सत्र से लागू कर दिया जाएगा। गर्ल्स स्कूल के प्रिंसिपल को डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस में रिपोर्ट करने के लिए भी आदेश हो चुके हैं। सिस्टम तत्काल प्रभाव से बनाने के लिए कह दिया गया है। ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल मुस्ताक मोहम्मद का कहना है कि अधिसूचना जारी हो गई है और संभवतः एकाध दिन में नई व्यवस्था पर अमल होना शुरू हो जाएगा। इसके लिए उच्च अधिकारियों से डायरेक्शन आते ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगा।

### गर्ल्स स्कूल में साइंस स्ट्रीम के लिए ढांचे की कमी

**शहर** के इन स्कूलों में बच्चों की तादाद का आकलन किया जाए तो लगभग 850 स्टूडेंट्स दोनों स्कूलों में हैं। गर्ल्स और ब्वॉयज स्कूल में लगभग बराबर की सी तादाद है। ब्वॉयज स्कूल में जो ढांचा स्टूडेंट के लिए मौजूद है, वैसी व्यवस्था गर्ल्स स्कूल में संभव नहीं हो पानी थी। क्योंकि साइंस स्ट्रीम की पढ़ाई को लेकर प्रयोगशालाओं की जो व्यवस्था ब्वॉयज वॉइस स्कूल में है, उसकी कमी गर्ल्स स्कूल के भवन में निश्चित रूप में थी।

### गर्ल्स स्कूल का भवन डिग्री कॉलेज आर्ट्स के लिए होगा इस्तेमाल

**अब** गर्ल्स स्कूल का भवन डिग्री कॉलेज के आर्ट्स स्ट्रीम के लिए उपयोग किया जाएगा, क्योंकि यहां आर्ट्स पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की संख्या ज्यादा है और 4 साल का बीएड/बीएससी प्रोग्राम भी शुरू किया जा रहा है। दोनों स्कूलों को मर्ज करने के बाद सीबीएसई सिलेबस लागू होगा। इससे नए सिस्टम में शामिल होने वाले टीचर्स के लिए परेशानी बढ़ रही है। कई शिक्षकों की एडजस्टमेंट और तबादले पहले ही किए जा चुके हैं।

# इशांत भारद्वाज ने बाबाजी की भेंटों से बांधा समां



महंत श्री शिवगिरि महाराज की 22वीं बरसी मेला आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में वीरवार को समाधिलीन महंत श्री शिवगिरि महाराज की 22वीं बरसी मेला कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

वर्तमान में गद्दीसीन महंत श्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरि महाराज गद्दी पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं व संत समाज को बाबा जी का फटका पहनकर अभिनंदन करते रहे। वहीं, कार्यक्रम में लोक कलाकार इशांत भारद्वाज ने बाबा जी की भेंटें प्रस्तुत करके पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने जब बाबा की भेंट धौलगिरी पर्वत पर बाबा बालक दा बसेरा है पेश की। महंत निवास पौणाहारी के जयकारों से गूंज उठा। पंजाबी सिंगर भी बाबा के चरणों में बैठकर बाबा राजेंद्र गिरि जी महाराज की भेंटों का गुणगान करके बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बरसी मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने महंत निवास में गुरु चरणों में नतमस्तक होकर बाबा जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बिलासपुर के पूर्व विधायक रामलाल ठाकुर पूर्व विधायक कुटलैहड़ वरिंदर कंवर, बड़सर भाजपा नेता संजीव शर्मा, भाजपा नेता आशीष ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने रेडक्रॉस के नए सदस्यों को प्रदान किए सदस्यता प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** असहाय, गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करने वाली संस्था रेडक्रॉस सोसायटी की भोरंज उपमंडल इकाई में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं तथा बड़ी संख्या में नए लोगों को इस संस्था से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को मिनी सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एसडीएम एवं उपमंडलीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा ने कहा कि असहाय, गरीब और जरुरतमंदों की मदद के लिए रेडक्रॉस एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। कोई भी रेडक्रॉस सोसायटी का सदस्य या संरक्षक बनकर अपनी नेक कमाई में से अंशदान कर सकता है और इसी अंशदान से किसी गरीब, असहाय या जरूरतमंद व्यक्ति की मदद की जा सकती है। एसडीएम ने सभी सदस्यों को समाज सेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में रेडक्रॉस की गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार रवि कुमार, अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बिजली संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन

## कहा- विधेयक को वापस नहीं लिया तो होगा उग्र आंदोलन, विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई ने किया विरोध

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विद्युत बोर्ड लिमिटेड के पेंशनर्स व उपभोक्ताओं ने बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में खुडला से लेकर बल्द्वाड़ा तक प्रदर्शन किया गया। तहसीलदार बल्द्वाड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन में मुख्य तौर पर विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई भांवला व स्थानीय महिला मंडलों ने भाग लिया। इसमें विशेष रूप से विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, फोरम के इकाई भांवला के अध्यक्ष पिरथी पाल चंदेल, जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा उपस्थित रहे।

कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बिजली संशोधन विद्येयक 2025 केवल मात्र बिजली वितरण क्षेत्र का निजीकरण को बढ़ावा देने, सार्वजनिक उपकरणों को कमजोर करने, कॉरपोरेट बिजली कंपनियों को लाभ पहुंचाने के मकसद लाया जा



विरोध प्रदर्शन में उपस्थित महिला मंडल की सदस्य। अनंत ज्ञान

रहा है। इससे आम बिजली उपभोक्ताओं और कृषि उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट कॉरपोरेट बड़े औद्योगिक व व्यावसायिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति करेंगे, जबकि सार्वजनिक वितरण कंपनी ग्रामीण व दूर-दराज के जनजातिय क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति करने की जिम्मेवारी सार्वजनिक वितरण कंपनी विद्युत बोर्ड लिमिटेड की ही रहेगी और बिजली लाइनों, सब-स्टेशनों का उचित रख-रखाव व सिस्टम की अपग्रेडेशन करने की जिम्मेवारी भी सार्वजनिक वितरण कंपनी की रहेगी। विद्युत वितरण क्षेत्र में एक से अधिक लाइसेंसधारी केवल अपने व्यवसाय के लिए स्मार्ट मीटर की आवश्यकता रखते हैं, लेकिन केंद्र सरकार इसे आम उपभोक्ताओं पर लागू कर रही है, जो नियमों के खिलाफ है। स्मार्ट मीटर की लागत अंततः टैरिफ के माध्यम से उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी। इससे आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी खतरे में और विद्युत उपमंडलों के कर्मचारी भी सरप्लस होंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार पूरे देश में बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों व बिजली उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बिजली संशोधन विधेयक 2025 को वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा और स्थानीय महिला मंडलों के प्रधान क्रमशः कंचना देवी, नीता देवी, कमला देवी, वीना देवी, अंजू शर्मा, पुष्पा देवी, कांता देवी, मीरा देवी, सुनीता देवी, चंपा देवी, सुशीला देवी, रशमी देवी, मीना देवी, वार्ड पंच अंजू वर्मा सभी वक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का पुरजोर विरोध किया।

## उद्घोषित अपराधी को कोर्ट से मिली जमानत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस की पीओ सेल की ओर से उद्घोषित उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। राजेश कुमार (47) पुत्र रहमान, निवासी गांव दसवां, तहसील ज्वालाजी को बुधवार को वानू दा खुह से पीओ सेल हमीरपुर की टीम की ओर से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी का मेडिकल सीएचसी नादौन में करवाकर वीरवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिली। यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## वृंदावन धाम में शोभायात्रा के साथ अमर कथा शुरू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सनातन धर्म को समर्पित हिमाचल गो सेवा समिति हमीरपुर द्वारा वीरवार को वृंदावन धाम राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी के आश्रम मे हिमाचल परिवेश में जमुना जी का जल लेकर भव्य शोभायात्रा निकाल कर सात दिन की अमर कथा का श्री गणेश किया गया। अमर कथा में कथावाचक आचार्य मुकेश शर्मा मुखारविंद से अमृत वर्षा करेंगे। इस कार्यक्रम में हिमाचल से 158 गो भक्त भाग ले रहे हैं।

## राजेंद्र राणा बोले- सुक्खू सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती वित्तीय स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार वित्तीय कुप्रबंधन के चलते लगातार आम जनता पर नए-नए टैक्स थोप रही है, जिससे लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है, जबकि सरकार की आर्थिक सेहत लगातार कमजोर होती जा रही है। प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश में लगभग 25,000 मेगावॉट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता होने के बावजूद सरकार केवल करीब 11,000 मेगावॉट परियोजनाओं को ही आगे बढ़ा पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन साल में नई पावर परियोजनाओं में निवेशकों की रुचि कम हुई है, जिसका मुख्य कारण सरकार की बदली हुई नीतियां और भारी कर व्यवस्था है। राणा ने कहा कि सरकार की नीतियां उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में विफल रही है। उन्होंने बल्क ड्रग पार्क जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उद्योग स्थापित करने की अनुमति प्रक्रिया में कथित दलाली और दबाव की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसके चलते उद्योगपति हिमाचल के बजाय अन्य राज्यों में निवेश करना अधिक सुरक्षित समझ रहे हैं। राणा ने दावा किया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति चिंताजनक हो चुकी है और हिमाचल पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है, जबकि करीब 10,000 करोड़ रुपए ठेकेदारों की देनदारियां लंबित हैं। उन्होंने कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक और बघाट बैंक से जुड़े मामलों का हवाला देते हुए सरकार पर पक्षपात और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप भी लगाए।

**प्रतियोगिता** हमीरपुर कॉलेज में नशा मुक्ति एवं फिटनेस के लिए रस्साकशी स्पर्धा आयोजित

# विद्यार्थी नशे से रहें दूर: डॉ. सतीश

◆ कल खेले जाएंगे फाइनल मुकाबले

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर कॉलेज में विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने तथा नशे से दूर रखने के उद्देश्य से खेल गतिविधियों के तहत रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 30 टीमों ने भाग लिया।





रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेते बीबीए, बीकॉम प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

महिला वर्ग में बीकॉम प्रथम वर्ष, फिजिकल एजुकेशन प्रथम वर्ष, एनसीसी, एमएससी फिजिक्स, एमकॉम, एमएससी केमिस्ट्री तथा एमएससी जूलॉजी की टीमें फाइनल राउंड के लिए चयनित हुईं। पुरुष वर्ग में बीबीए, बी कॉम प्रथम वर्ष, बीए प्रथम वर्ष, एनसीसी, बीसीए तथा फिजिकल एजुकेशन की टीमों ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले 21 फरवरी को आयोजित होने वाली वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान संपन्न होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. मंजुला शर्मा, प्रो. हेम सुमन, प्रो. अनिल, प्रो. कनिका, प्रो. नरेश, प्रो. सौरभ सूद, प्रो. अमित, प्रो. संजय, प्रो. मीनाक्षी सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## सह संयोजक नियुक्त करने पर अनिल ठाकुर ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भाजपा हिमाचल प्रदेश पर्यटन प्रकोष्ठ में सह संयोजक नियुक्त किए जाने पर अनिल ठाकुर प्रदेश पार्टी नेतृत्व के नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाएंगे। संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वे सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं एवं पार्टी हाईकमान का विशेष रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिलना उनके लिए गर्व की बात है। अनिल ने कहा कि वे पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देंगे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पर्यटन प्रकोष्ठ नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# धनेटा कॉलेज में साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ



राजकीय महाविद्यालय धनेटा में आयोजित शिविर में योग करते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ज्ञानचंद राणा, प्राचार्य महाविद्यालय धनेटा ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि योग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तनाव रहित, एकाग्रचित, सहनशीलता, धैर्य जैसे गुणों का विकास करना है। छात्रों से कहा कि थोड़े ही समय में परीक्षा के दबाव को किस प्रकार कम किया जा सकता है। इसके लिए योग की विभिन्न क्रियाएं विद्यार्थियों में आत्म बल और तनाव को काम करती हैं। डॉ. ज्ञानचंद ने कहा कि योग विद्यार्थियों को तनावमुक्त और एकाग्रचित्त बनाता है, जिससे छात्र अपने लक्ष्य को मेहनत के बल पर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों को योग की विभिन्न क्रियाओं से परिचित करवाया। इस अवसर पर प्रो. नीलम कुमारी, डॉ. अजय कुमार, प्रो. मदन सिंह, डॉ. प्रीतम चंद, डॉ. अंजना कुमारी, प्रो. राकेश कुमार कार्यालय अधीक्षक सुषमा कुमारी, अशोक कुमार, रमना देवी, यशविंदर सिंह उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा पुलिस ने आठ मामलों में की प्रभावी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 8 अभियोग पंजीकृत कर प्रभावी कार्रवाई की है। सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा अन्वेषण जारी है। पुलिस थाना सिहुंता में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। विकास कुमार निवासी कामला व राकेश कुमार निवासी देंथा के कब्जे से पेट्रोलिंग के दौरान 3.1 ग्राम चरस व 3.05 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। अभिषेक निवासी वार्ड नं. 3, सिहुंता से 1.23 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। महिंद्र सिंह निवासी ललोह से नाकाबंदी के दौरान 78 ग्राम चरस बरामद की गई। इन मामलों में संबंधित आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। महिला पुलिस थाना चंबा में चुन्नी लाल निवासी बरोडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार आरोपी ने अपनी बहू के साथ लज्जा भंग करने की मंशा से आपराधिक बल का प्रयोग किया। पुलिस थाना तीसा में प्रेम लाल व दो अन्य व्यक्तियों निवासी बलवास के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस थाना चुवाड़ी में आशीष शर्मा निवासी लाहडू के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार वाहन होबारडी पुल के समीप लगभग 70-80 मीटर नीचे गिर गया, जिससे गंभीर दुर्घटना घटित हुई। पुलिस थाना किहार में राजमल निवासी भेलू से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। वहीं, पुलिस थाना खैरी में ज्ञानो निवासी मछार से 6000 मिलीलीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में हो एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक, चंबा ने बताया कि नशा तस्करी, अवैध शराब व आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को सुरक्षित और नशामुक्त बनाया जा सके।

### भरमौर कन्या विद्यालय के विलय पर विरोध तेज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर को ब्वॉयज स्कूल में विलय करने के प्रस्तावित निर्णय का क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं व जनप्रतिनिधियों ने इसे जनभावनाओं के विपरीत बताते हुए सरकार से पुनर्विचार की मांग की है। विरोध कर रहे प्रतिनिधियों का कहना है कि का यह विद्यालय वर्ष 1954 में पूजनीय संत नागा बाबा जय कृष्ण गिरी जी महाराज द्वारा उस समय स्थापित किया गया था, जब जनजातीय क्षेत्र में बालिका शिक्षा लगभग न के बराबर थी। उस दौर में यह पहल सामाजिक क्रांति से कम नहीं थी इसलिए यदि किसी कारणवश विलय किया भी जाता है, तो विद्यालय का नाम बाबा जय कृष्ण गिरी जी के नाम से ही रखा जाए। स्कूल के विलय के विरोध में एडीएम भरमौर विकास शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद खणी वार्ड के पूर्व पार्षद अनिल ढकोग, पंचायत समिति सदस्य विक्रम कपूर व शिव भूमि सेवादल के सचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में लगभग 220 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इनमें कई छात्राएं दूरदराज पंचायतों से आकर छात्रावास में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनका कहना है कि जनजातीय क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा को मजबूत आधार देने वाला यह संस्थान केवल एक स्कूल नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास व सामाजिक चेतना का प्रतीक है। प्रतिनिधियों ने यह भी तर्क दिया कि और में गर्ल्स और बॉयज स्कूल अलग-अलग संचालित हो रहे हैं। यदि वहां यह व्यवस्था संभव है तो भरमौर में क्यों नहीं। उन्होंने सरकार से मांग की कि कन्या विद्यालय को यथावत रखा जाए और जनभावनाओं की अनदेखी न की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने को बाध्य होंगे।

### आयुष आधारित जीवनशैली की दी जाएगी जानकारी

**अनंत ज्ञान, तीसा।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संचालित आयुष ग्राम योजना के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। योजना के माध्यम से गांव-गांव आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुष आधारित जीवनशैली की जानकारी दी जाएगी। उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी तीसा डॉ. आशु गर्ग ने बताया कि इन शिविरों में रोगों से बचाव के उपाय, संतुलित आहार, नियमित योग अभ्यास और दिनचर्या सुधार के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष पद्धति न केवल रोगों के उपचार में सहायक है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति को दीर्घकालिक रूप से निरोग बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. गर्ग ने बताया कि आगामी दिनों में पंचायतों और गांवों में विशेष शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को निशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को प्राकृतिक एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### व्यवस्थागत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की

**सुनील पहाड़ी, अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी विश्राम गृह में टैक्सी यूनियन सलूणी व डीएसपी सलूणी के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में टैक्सी संचालन से जुड़े विभिन्न विवादों और व्यवस्थागत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही टैक्सी व बस ट्रांसपोर्ट के बीच चल रहे विवाद को लेकर भी गंभीर मंथन हुआ। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी समन्वय व कानून के दायरे में रहकर कार्य करने पर जोर दिया। लंबित मुद्दों को आपसी सहमति व प्रशासनिक सहयोग से जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर डीएसपी सलूणी रंजन शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब, बीड़ी या सिगरेट का सेवन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों और यूनियन पदाधिकारियों से नियमों का पालन करने तथा क्षेत्र में शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

### स्टूडेंट्स ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति रोकने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से डिग्री कॉलेज चंबा में विशेष जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने की। अमित मेहरा ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व व नशे के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए मार्गदर्शन दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि नशा केवल सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि एक बीमारी है, जिसका समय पर उपचार संभव है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करण ने छात्रों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से तनाव और मानसिक विकारों का समय पर उपचार सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश राठौर, डॉ. अविनाश और डॉ. शैली महाजन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दोअर्थी अश्लील बातों पर हास्य कलाकार ने मांगी माफी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित तीसरी सांस्कृतिक संध्या में हास्य कलाकार द्वारा दोअर्थी टिप्पणियों पर विवाद गहरा गया है। मंच से कही गई कुछ दोअर्थी टिप्पणियों पर दर्शकों के एक वर्ग ने आपत्ति जताई, जिसके बाद कार्यक्रम का अंश सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित होते ही चर्चा तेज हो गई। प्रस्तुति देने वाले हास्य कलाकार हरबंस अरोड़ा को तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। बढ़ती प्रतिक्रियाओं के बीच उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनका आशय किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने कहा कि यदि उनके शब्दों से किसी व्यक्ति, महिला वर्ग या समुदाय को ठेस पहुंची है तो वे खेद व्यक्त करते हैं और भविष्य में अधिक सावधानी बरतेंगे। मामले के सामने आने के बाद कई लोगों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में मंचीय मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कुछ ने इसे हास्य प्रस्तुति का हिस्सा माना, जबकि अन्य ने इसे अनुचित बताते हुए आयोजकों से कार्यक्रमों में संयम और सतर्कता सुनिश्चित करने की मांग की है।

### रोगियों के लिए बनाए जा रहे शौचालयों का निरीक्षण किया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में रोगियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसी ने अस्पताल परिसर में रोगियों के लिए बनाए जा रहे नए शौचालयों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने पहले पुराने शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया था और उनकी जर्जर हालत को देखते हुए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूरी कर नए शौचालयों के निर्माण के निर्देश दिए थे। वर्तमान में चल रहे कार्य को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं स्वच्छता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने उपायुक्त का स्वागत किया और उन्हें अस्पताल में चल रहे अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी दी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

## डीसी मुकेश रेपसवाल ने कहा- बालिकाओं को एचपीवी टीके से मिलेगी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा

# 5992 बालिकाओं को लगाया जाएगा एचपीवी टीका




एचपीवी टीकाकरण को सफल बनाने के लिए बैठक में मौजूद अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीसी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएं, ताकि अभिभावकों व छात्राओं को एचपीवी टीके के महत्व के बारे में जानकारी मिल सके। डीसी ने कहा कि 28 फरवरी को स्कूलों में आयोजित होने वाली पीटीएम बैठकों में एचपीवी वैक्सीनेशन पर चर्चा को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को टीकाकरण के लाभ, प्रक्रिया व सुरक्षा संबंधी जानकारी सरल भाषा में बताई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रांति दूर हो सके। जिला चंबा में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 5992 बालिकाएं चिन्हित की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 27 विभिन्न कोल्ड चैन पॉइंट पर टीकाकरण करना सुनिश्चित बनाया जाएगा जो निशुल्क लगाया जाएगा। डीसी ने कहा कि 8 से 10 हजार की यह वैक्सीन पूर्णत: निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है और यह सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक अत्यंत प्रभावी कदम है। उन्होंने सभी अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों, आशा वर्करों,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, तथा समुदाय के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें।

### 23 फरवरी को बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं विटामिन-ए के संबंध में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 23 फरवरी को 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए कृमि नाशक दवा दी जाएगी, जबकि 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि बच्चों के पेट में कीड़े होने के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें दूषित जल स्रोतों से पानी पीना, मिट्टी में खेलना और बिना हाथ धोए भोजन करना आदि शामिल है। इस संक्रमण से एनीमिया, कुपोषण तथा बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसलिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने बताया कि विटामिन-ए की खुराक 5 वर्ष तक के बच्चों को आंखों की बीमारियों से बचाव के लिए दी जाती है, जबकि अल्बेंडाजोल की खुराक 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को दी जाती है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 23 फरवरी को दवा की खुराक नहीं ले पाएंगे, वे माप-अप डे 28 फरवरी को दवा ले सकते हैं।

### 23 हजार किसान 4812 हेक्टेयर भूमि पर कर रहे प्राकृतिक खेती

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आतमा परियोजना (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) के तहत वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों और वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने वर्ष 2025-26 में कुल 1 करोड़ 46 लाख रुपये के आवंटित बजट में से 1 करोड़ 10 लाख रुपये व्यय किए जाने की जानकारी दी। वर्ष 2026-27 के लिए 1 करोड़ 80 लाख रुपये का बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि परियोजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में लगभग 23 हजार कृषक-बागवान 4812 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। बैठक में किसानों को जागरूक करने के लिए शिविर, कार्यशालाओं और अनुभव आधारित भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत में 8 से 10 प्रगतिशील किसानों को तैयार करने के लक्ष्य के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। उपनिदेशक आतमा डॉ. नितिन, कृषि डॉ. भूपेंद्र, उद्यान डॉ. प्रमोद शाह, पशुपालन डॉ. राकेश, मत्स्य पालन डॉ. जय सिंह और उपनिदेशक आतमा परियोजना डॉ. शिवानी बैठक में उपस्थित रहे।

### संतुलित उर्वरक उपयोग पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र चंबा और उद्यान विभाग के संयुक्त तत्वावधान से उपमंडल सलूणी के गांव डियूर में सेब फसल के रोग प्रबंधन को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य बागवानों को सेब की फसल में लगने वाले रोगों की पहचान और उनके सही उपचार की जानकारी देना था। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. जया चौधरी ने बताया कि इस अभियान के तहत बागवानों को सेब की फसल के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शिविर में अल्टरनेरिया और मार्सोनिना लीफ ब्लॉच जैसे रोगों की रोकथाम की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर सही दवाइयों का उपयोग और निर्धारित स्प्रे शेड्यूल का पालन करने से फसल को रोगों से बचाया जा सकता है और उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। बागवानों को दवाइयों के संतुलित प्रयोग, छिड़काव की सही विधि और समय के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में विशेषज्ञों के द्वारा मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर भी जोर दिया गया और मिट्टी परीक्षण व संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित स्प्रे शेड्यूल अपनाने को कहा।

## छह माह बाद भी बहाल नहीं हो सकी गैहरा-मरौर वाया छतराड़ी सड़क

अनंत ज्ञान

**छतराड़ी।** भरमौर क्षेत्र में गैहरा-मरौर वाया छतराड़ी लोक निर्माण विभाग की सड़क पिछले छह माह से बंद पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छतराड़ी टीचर कॉलोनी के पास लगा डंगा ढह जाने से समस्या और गंभीर हो गई है। सड़क बहाल न होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में अपना सामान पीठ पर उठाकर या खच्चरों के सहारे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना पड़ रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

सड़क की खराब हालत के कारण मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क निर्माण के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी कई बीघा जमीन विभाग को दान दी थी। अगस्त माह में हुई भारी बारिश के चलते सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे दान की गई जमीन पर दोबारा फसल बो देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। यह सड़क दो पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है, लेकिन लंबे समय से बंद रहने के कारण लोगों की दैनिक आवाजाही प्रभावित हो रही है। उधर, संबंधित ठेकेदार गिफ्ट डीड न होने का हवाला देकर निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहा है। सहायक अभियंता राकेश मरोल ने बताया कि गिफ्ट डीड की प्रक्रिया के कारण कार्य में देरी हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सोमवार तक राजस्व विभाग के पटवारी व अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर गिफ्ट डीड की औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी और सड़क को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री के प्रस्तावित भरमौर प्रवास की तैयारियों के लिए की बैठक

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के 23 फरवरी को भरमौर प्रवास की तैयारियों के लिए कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री 23 फरवरी दोपहर 1.30 बजे भरमौर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पहुंचेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के साथ साथ जनसमस्याएं सुनेंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि माननीय मंत्री जी के आगमन पर स्वयं उपस्थित रहे। एडीएम ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भरमौर में मंत्री जी के आगमन पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार भरमौर तेज राम भारद्वाज, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी, भरमौर कॉलेज के प्रधानाचार्य व भरमौर स्कूल के अध्यापक उपस्थित रहे।

## मातृशक्ति का अपमान कर रही प्रदेश सरकार : जय सिंह

अनंत ज्ञान



जय सिंह शकला में कार्यक्रम के दौरान। अनंत ज्ञान

**चंबा।** भाजपा कार्य समिति सदस्य जय सिंह ने शकला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार मातृशक्ति सम्मान की बात करती है। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले फैसले ले रही है।

जय सिंह ने हाल ही में हुई पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि बहनों और बेटियों को 25-25 किलो की भारी बोरियां उठाकर दौड़ाने का कार्य कराया गया, जो न केवल शर्मनाक है, बल्कि मातृशक्ति का अपमान भी है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी को बिना किसी इंटरव्यू के सरकारी नौकरी दी गई, जबकि प्रदेश में लाखों बेरोजगार युवा रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में करीब छह लाख बेरोजगार युवा हैं, लेकिन उन्हें रोजगार देने के बजाय सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा विस्तार दे रही है और अपने चहेतों को नौकरी के साथ बंगले और गाड़ियां उपहार में दी जा रही हैं। जय सिंह ने कहा कि मार्च 2026 में लगभग 1600 अध्यापक सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं, लेकिन उनके वेतन और अन्य प्रावधानों के लिए सरकार के पास स्पष्ट योजना नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मित्रों को खुश करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जिला चंबा की स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि शगुन योजना के तहत पिछले दो वर्षों से जरूरतमंद लोगों को राशि नहीं मिली है। महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा भी अधूरा पड़ा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सवा तीन वर्षों में चंबा में कोई नया स्कूल, पीएचसी केंद्र या बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ। मरेडी में जल शक्ति विभाग का डिवीजन बंद कर दिया गया है, जिसके विरोध में भाजपा लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने सदर विधायक से सवाल किया कि वे सवा तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों और दी गई नौकरियों का हिसाब जनता के सामने रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक सत्ता के नशे में चूर हैं और जनहित के मुद्दों से दूर हैं। जय सिंह ने यह भी कहा कि 100 करोड़ रुपए के सीपीएस को बचाने के लिए सरकार ने अदालतों में करोड़ों रुपये खर्च किए। सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मंडी में 10 करोड़ रुपये खर्च कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### नाटक में दूसरा स्थान किया हासिल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हमीरपुर में आयोजित पीएम स्कूलों के राज्यस्तरीय बाल मेले में पीएम श्री कन्या आदर्श माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह राज्यस्तरीय बाल मेला 16 फरवरी से 19 फरवरी तक डाइट हमीरपुर में आयोजित किया गया। नाटक प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं अक्षिता, सोनाक्षी, अंकिता व याशिका ने प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत करते हुए हिमाचल प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की प्रस्तुति को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया। इसी प्रकार टीएलएम प्रतियोगिता में अमेलिया ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि प्रोजेक्ट वर्क प्रतियोगिता में याशिका ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ी। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने विजेता छात्राओं तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षकों विनोद गुलेरिया व संदीप वर्मा को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट, जिला मंडी में सात दिवसीय विशेष शिविर (19 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025) का शुभारंभ हर्षोल्लास व अनुशासित वातावरण में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि चंद्रमणि ने स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन करते हुए 'मैं नहीं, आप' को जीवन में अपनाने तथा समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और छोटे सहयोग से सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने स्वयंसेवियों को सेवा, अनुशासन, नेतृत्व व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया और इसे युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार व डॉ. अनीता कुमारी की सक्रिय भूमिका रही तथा कॉलेज के शिक्षकगण प्रो. अंजू एवं प्रो. सुनीता पठानिया उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर विशेष उत्साह रहा और आगामी दिनों में स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए पुस्तक का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक पहल के अंतर्गत शिक्षाविद् व लेखिका अनुपम राणा की पुस्तक निष्कर्ष-हिमाचल प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा कला वर्ग निर्णायक समाधान का औपचारिक लोकार्पण लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय प्रयास है। यह पुस्तक विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा कला वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए तैयार की गई है, जिसमें विषयवार महत्वपूर्ण प्रश्न, सरल व्याख्या तथा परीक्षा उन्मुख सामग्री सम्मिलित है। लेखिका अनुपम राणा ने बताया कि उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उन विद्यार्थियों तक पहुंचाना है, जो महंगी प्रशिक्षण कक्षाओं का लाभ नहीं ले सकते।

## बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में पेंशनर्स फोरम का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के आह्वान पर बिजली बोर्ड लिमिटिड के पेंशनर्स और उपभोक्ताओं ने प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में खुडला से बलदबाड़ा तक प्रदर्शन कर तहसीलदार बलदबाड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन भेजा।

प्रदर्शन में बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई भांवला तथा स्थानीय महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, इकाई भांवला के अध्यक्ष पिरथी पाल चंदेल व जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा उपस्थित रहे। कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित विधेयक बिजली वितरण क्षेत्र के निजीकरण को बढ़ावा देगा, जिससे उपभोक्ताओं पर दरों का बोझ बढ़ेगा व सार्वजनिक व्यवस्था कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में निजी कंपनियां आपूर्ति करेंगी जबकि ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों की जिम्मेदारी सार्वजनिक कंपनी पर रहेगी। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध करते हुए इसे उपभोक्ता विरोधी बताया। विभिन्न महिला मंडल प्रतिनिधियों और वार्ड पंच अंजू वर्मा ने भी आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

**आस्था** | वाद्ययंत्र व देवलु नाटी प्रतियोगिता का पहला चरण संपन्न

# 16 वाद्ययंत्र व 5 देवलु नाटी दल दूसरे दौर में

अनंत ज्ञान

**मंडी।** मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत देवधुन वाद्ययंत्र एवं देवलु नाटी प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में देव समाज व श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह व आस्था का वातावरण देखने को मिला। प्रतियोगिता के लिए बीते दिवस से लेकर आज तक कुल 108 देवताओं के बजंत्रियों ने वाद्ययंत्र प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करवाया, जबकि देवलु नाटी प्रतियोगिता के लिए 18 देवताओं के देवलु दलों ने अपना नाम दर्ज कराया। प्रथम चरण में 83 दलों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के माध्यम से अपनी कला का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिनमें से 16 वाद्ययंत्र दल दूसरे दौर के लिए चयनित हुए। वहीं देवलु नाटी



वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बजंतरी। अनंत ज्ञान

प्रतियोगिता में 7 देवताओं के देवलु दलों ने भाग लेकर पारंपरिक नाटी की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। इनमें से 5 दलों को अगले चरण के लिए चुना गया।

पारंपरिक नगाड़ों, करनाल, रणसिंघा एवं अन्य वाद्ययंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया। देवधुन की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के लिए गठित निर्णायक मंडल में मुरारी शर्मा, कृष्णा देवी और उमेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सर्व देवता समिति के महासचिव दिनेश शर्मा सहित देव समाज से जुड़े गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत कल 16 वाद्ययंत्र एवं 5 देवलु नाटी दलों के बीच दूसरे दौर का फाइनल मुकाबला आयोजित होगा। फाइनल विजेताओं को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही छोटी काशी की समृद्ध देव संस्कृति और लोक परंपराओं का भव्य प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा।

## तीसा में स्मार्ट मीटर योजना से बदलेगी बिजली व्यवस्था की तस्वीर

अनंत ज्ञान

**चंबा।** तीसा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी व उपभोक्ता हितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिससे बिजली उपभोक्ताओं को कई प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता, तीसा अमीर चंद, हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड ने बताया कि स्मार्ट मीटर तकनीक से बिलिंग प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी और सटीक बनेगी। अब उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की जानकारी समय पर उपलब्ध होगी, जिससे वे अपने उपयोग पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे और अनावश्यक खर्च से बच पाएंगे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडिंग से जुड़ी समस्याएं समाप्त होंगी और अनुमानित बिल की शिकायतें भी खत्म होंगी। बिल सीधे वास्तविक खपत के आधार पर तैयार होगा। इसके अलावा यह तकनीक बिजली चोरी पर अंकुश लगाने में भी सहायक सिद्ध होगी, जिससे विभाग को व्यवस्था को अधिक कुशलतापूर्वक संचालित करने में मदद मिलेगी। एसडीओ अमीर चंद ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे स्मार्ट मीटर को लेकर किसी प्रकार की भ्रांतियों पर ध्यान न दें और विभाग का सहयोग करें। यह आधुनिक सुविधा भविष्य में बिजली सेवाओं को व अधिक सरल, सुलभ व विश्वसनीय बनाएगी।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं** वनीता कुमारी (36) पत्नी श्री पवन कुमार निवासी गांव व डाकघर जुगाहण तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मैंने अपने नाबालिग बेटे का नाम काव्य से बदलकर शिवांश रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील धीरा, जिला कांगड़ा**

क्रम. नं0-28/Tet/B/2026
तिथि दायरा:- 19-02-2026
तारीख पेशी:- 17-03-2026
किस्म मु. जन्म पंजीकरण
शीर्षकः विशन दास पुत्र किरपा राम निवासी गांव जमूला, डाकघर रझूं, ग्राम पंचायत गदयाड़ा जिला कांगड़ा हि. प्र। ............प्रार्थी

वनाम

आम जनता ......प्रत्यार्थीगाणा

**विषय:-** प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969।

**ईश्तहार/नोटिस**

प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र इस आश्य से पेश किया है कि उसका जन्म तिथि दिनांक 10-01-1959 को गांव जमूला, डाकघर रझूं, ग्राम पंचायत गदयाड़ा में हुआ है लेकिन अज्ञानतावश उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत गदयाड़ा के अभिलेख में दर्ज न करवाई है जिसे वह सम्बन्धित ग्राम पंचायत गदयाड़ा के अभिलेख में दर्ज करवाना चाहता है। अतः इस वारे सर्वसाधारण को अखवारी ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को प्रार्थी विशन दास पुत्र किरपा राम की जन्म तिथि दिनांक 10-01-1959 को ग्राम पंचायत गदयाड़ा के अभिलेख में दर्ज करने वारे कोई उजर या ऐतराज हो तो वह तिथि दिनांक 17-03-2026 तक असालतन या वकालतन इस अदालत में हाजिर कर अपना उजर या ऐतराज पेश कर कता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या ऐतराज कावले समायत न होगा तथा प्रार्थी विशन स पुत्र किरपा राम की जन्म तिथि दिनांक 10-01-1959 को पंजीकृत करने के आदेश म्बन्धित ग्राम पंचायत गदयाड़ा को पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 19-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील धीरा जिला कांगड़ा, हि.प्र.।**

“**जो** अकारण अनुराग होता है उसकी प्रतिक्रिया नहीं होती है, क्योंकि वह तो स्नेहयुक्त सूत्र है जो प्राणियों को भीतर-ही-भीतर (हृदय में) सी देती है।
-उत्तररामचरित

## संपादकीय

# एआई का भविष्य

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज न केवल तकनीकी दुनिया का हिस्सा बन चुकी है, बल्कि यह हर क्षेत्र में बदलाव और प्रगति की दिशा निर्धारित कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, वित्त और शासन-हर क्षेत्र में एआई का उपयोग न केवल दक्षता बढ़ा रहा है, बल्कि नए अवसर और समाधान भी प्रदान कर रहा है। हालांकि, किसी भी नई तकनीक की तरह एआई के फायदे जितने महत्वपूर्ण हैं, उतनी ही इसकी चुनौतियां और जोखिम भी गंभीर हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि इसे जिम्मेदारी, नैतिकता और मानवता के दृष्टिकोण से लागू किया जाए।

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और उद्योगपतियों ने इस तकनीक के सही उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि एआई तकनीक का सही इस्तेमाल केवल राष्ट्र के विकास के लिए ही नहीं, बल्कि मानव कल्याण और वैश्विक समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

पीएम मोदी ने डिजिटल कंटेंट की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए 'ऑथेंटिसिटी लेबल' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैसे पैकेज्ड खाने के उत्पादों पर न्यूट्रिशन लेबल होता है, उसी तरह डिजिटल सामग्री पर प्रमाणिकता का लेबल होना चाहिए। इससे न केवल गलत सूचनाओं और फर्जीवाड़े को रोका जा सकेगा, बल्कि एआई का उपयोग सुरक्षित और प्रभावशाली तरीके से किया जा सकेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के सुरक्षित और मानव-केंद्रित उपयोग के लिए नया ढांचा भी प्रस्तुत किया, जिसे उन्होंने 'मानव' नाम दिया। इसके अंतर्गत एआई को पांच मूलभूत गुणों-नैतिक, जवाबदेह, संप्रभुता, सुलभ और वैध के आधार पर संचालित करने का सुझाव दिया गया। एआई को ओपन सोर्स बनाना आवश्यक है। इससे दुनियाभर के शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ साझा कोड का उपयोग कर सकते हैं, नई खोज और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और तकनीक केवल कुछ चुनिंदा कंपनियों या देशों तक सीमित नहीं रहेगी। एआई के संबंध में एक प्रमुख चिंता यह है कि तकनीक नौकरियों को समाप्त कर सकती है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि सही नियोजन और प्रशिक्षण के साथ एआई न केवल नौकरियों को समाप्त नहीं करेगा, बल्कि नए रोजगार और अवसर भी पैदा करेगा। डिजिटल भुगतान, डेटा सेंटर, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में एआई के उपयोग से न केवल सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि समय और धन की भी बचत होगी।

सम्मेलन में यह बात भी उठाई गई कि एआई के उपयोग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। केवल एक देश के प्रयासों से यह तकनीक वैश्विक लाभ नहीं दे सकती। इसलिए, भारतीय दृष्टिकोण यह है कि एआई का विकास और संचालन सभी देशों की भागीदारी में होना चाहिए, ताकि यह सर्वजन हिताय और बहुजन सुखाय के उद्देश्य को सिद्ध कर सके।

एआई के सही और सुरक्षित उपयोग के लिए टेक्नोक्रेट और विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सम्मेलन में यह भी परिलक्षित हुआ कि एआई का दुरुपयोग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी तंत्र, डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के नियम स्पष्ट रूप से तय किए जाने चाहिए। कुल मिलाकर, एआई केवल तकनीक नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण का एक साधन है। इसका सही और जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करने के लिए नीति, नवाचार और वैश्विक सहयोग जरूरी है। भारत ने इस दिशा में पहल की है और भविष्य में इस तकनीक के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और शासन-प्रशासन में सुधार की उम्मीद है। अगर एआई का उपयोग जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ किया जाए, तो यह दुनिया को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और विकसित बना सकती है।

इसलिए, एआई का भविष्य केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव कल्याण, नैतिकता और साझा जिम्मेदारी के साथ जुड़ा होना चाहिए। यही दिशा सुरक्षित, समावेशी और विकासशील समाज के निर्माण में मदद करेगी, और एआई को केवल डेटा पॉइंट न बनाकर मानवता के कल्याण का एक मजबूत जरिया बनाएगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय साहित्यकार

**रघुवेंद्र तंवर** भारतीय साहित्यकार हैं। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर उन्हें पद्म श्री, 2022 से सम्मानित किया गया है। हाल में ही प्रोफेसर रघुवेंद्र तंवर को भारत सरकार की तरफ से भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद का अध्यक्ष भी बनाया गया है।


रघुवेंद्र तंवर
**जन्म :** 20 फरवरी, 1955

प्रोफेसर रघुवेंद्र तंवर का जन्म 20 फरवरी, 1955 को हुआ था। उनका प्रथम श्रेणी में एमए इतिहास और प्रथम श्रेणी में स्नाकोत्तर स्तर पर दो स्वर्ण पदक के साथ एक उत्कृष्ट अकादमिक रिकॉर्ड है। रघुवेंद्र तंवर अगस्त 1977 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में व्याख्याता इतिहास के रूप में शामिल हुए और 1997 में प्रोफेसर ओपन चयन के रूप में चुने गए। फरवरी 2015 में लगभग 38 वर्षों के बाद सेवा से सेवानिवृत्त हुए। उनको 2015 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर एमेरिटस के पद से सम्मानित किया गया था। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में वह डीन, सामाजिक विज्ञान संकाय और डीन अकादमिक मामले भी थे। वह जुलाई 2016 से दिसंबर 2021 तक हरियाणा इतिहास और संस्कृति अकादमी के निदेशक रहे।

जनवरी 2022 में रघुवेंद्र तंवर को भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे भारत विभाजन, विशेषकर पंजाब तथा 1947-53 के जम्मू-कश्मीर पर अपने शोध के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी कृति भारत के विभाजन की कहानी (2021) प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित हुई। उन्होंने सर छोटूराम और डॉ. मंगल सेन के लेखन का संपादन तथा बंसीलाल की जीवनी का सह-लेखन किया। वे यूजीसी फेलो और आईसीएचआर से भी जुड़े रहे हैं। ■



कविता

## जिंदगी मुस्करा जरा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वीरेंद्र शर्मा, ऊना (हिमाचल प्रदेश)

**जिंदगी** आ और न तरसा
कांटों के साथ फूल भी बरसा
गर, तू है आकर्षण फिर कैसा यह विकर्षण
जिंदगी संगिनी है तू रागिनी भी तू
गीत भी तू संगीत भी तू
कोई मधुर गीत सुना थोड़ा सा मुस्करा
प्रेमी भी तू प्रेयसी भी तू
जिंदगी! पथ भी तू पथिक भी तू
तू एक सुहना सफर, नहीं समझा कोई तुझे
नहीं जाना तुम्हें कोई, एक कहानी भी तू
जिंदगी, आओ पास, बातें होंगी फिर खास
कल की न सोच बात, आज को बना मनोरम सौगात

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बांग्लादेश में नई सरकार और हिंदू समुदाय की भागीदारी




डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पड़ोसी देश बांग्लादेश में तारिक रहमान की अगुवाई में नई सरकार शपथ ले चुकी है। खास बात ये है नई सरकार में हिंदू समुदाय से निताई रॉय चौधरी और बौद्ध समुदाय से दीपेन दीवान ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली है। समूची दुनिया इस निर्णय को भारत के साथ प्रत्यक्ष रूप से बांग्लादेश के बिगड़े संबंधों को सुधारने की पहल के रूप में देख रही है। इस कदम से चीन-पाकिस्तान चिढ़े भी हैं।

यह उनके लिए असहज स्थिति पैदा करता है कि बांग्लादेश, भारत या उसके नजदीकियों को तवज्जो दे, लेकिन देश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने ऐसे मंसूबों को धता बताते हुए बड़ी सूझबूझ से कदम आगे बढ़ाया। बीते कुछ महीनों में 11 हिंदुओं की बर्बरता के साथ हुई हत्या ने बांग्लादेश की न सिर्फ थू-थू करवाई, बल्कि दशकों से चले आ रहे भारत के साथ उसके मधुर संबंधों को भी पटरी से उतार दिया। इसे लेकर दोनों देशों में तल्खियां बनी हुई थीं। रहमान जानते हैं अगर माहौल ऐसा ही रहा तो रिश्तों की दूरियां घटने वाली नहीं। इस पर गौर करते हुए रहमान ने अपनी कैबिनेट में हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सांसदों को अहम औहदे सौंपे ताकि रिश्तों में फिर से नरमी लाई जा सके। शेख हसीना की सरकार के पतन के साथ ही देश के हिंदू समुदाय को जिस तरह निशाना बनाया गया और बड़ी संख्या में भीड़ की हिंसा की घटनाएं तेजी से बढ़ीं, तारिक रहमान के सामने इन घटनाओं को तत्काल रोकने की बड़ी चुनौती है। हालांकि, इन घटनाओं को रोकने के लिए वह अपने कदम तेजी से बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री रहमान सबसे पहले पूर्व की अंतरिम सरकार के मुखिया रहे मोहम्मद यूनुस के फैसलों की गहन समीक्षा करेंगे। मोहम्मद यूनुस का झुकाव भारत को परेशान करने वाली पाकिस्तान-चीन की संयुक्त खुराफाती नीतियों की ओर ज्यादा रहा था। रहमान अच्छी तरह से समझते हैं कि जब तक मोहम्मद यूनुस कार्यकारी प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने की हरसंभव कोशिशे की। कुछ उन्होंने की और कुछ दूसरे देशों ने करवाई।

तारिक रहमान अपनी कैबिनेट में अल्पसंख्यक हिंदू मंत्रियों की आमद के साथ बांग्लादेश में अगले पांच सालों तक स्थिर और प्रभावशाली सरकार चलाने की मंशा रखते हैं। इसी को ध्यान में रखकर जब उनकी पार्टी बीएनपी चुनावों में जीती तो सबसे पहले वह अपने धुर विरोधी विपक्षी नेता और जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफीकुर रहमान के बिना बुलाए ढलती शाम के बाद उनके आवास पहुंच गए। चुनावी गुस्सेबाजियों के इतर उनसे नई सरकार में सहयोग की गुजारिश की। विपक्षी नेता ने भी राजनीतिक दुश्मनीछोड़कर अपने घर पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस तरह की राजनीतिक परंपरा का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में होना चाहिए कि चुनाव बाद विपक्ष से सत्ता पक्ष को कैसे व्यवहार करना चाहिए।

ये उन देशों के लिए सीख भी है जहां पक्ष-विपक्ष आपस में अनैतिकता की सभी सीमाएं लांघ रहे हैं। रहमान उस विपक्षी नेता के घर भी पहुंचे जिनकी पार्टी चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। नेशनल सिटीजन पार्टी के नाहिद इस्लाम को भी गले लगाया और बांग्लादेश के विकास में उनसे भी सहयोग मांगा। राजनीति में ऐसी तस्वीरों का दिखना दुर्लभ होता है लेकिन बांग्लादेश में दिखी। रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उन्हें भाई बताना और उनकी जीत की खुशी में फूल-मिठाइयां को ढाका भेजना भी खतरे में पड़े संबंधों में रस भरने जैसा कहा जाएगा। साथ ही रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का पहुंचना भी संबंधों को नए सिरे से गढ़ने जैसा है।

भारत के खिलाफ अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए जिस तरह चीन-पाकिस्तान ने बांग्लादेश के कंधों का इस्तेमाल कर देश को सत्यानाश के रास्ते पर धकेल दिया, उसका अंदाजा नवगठित सरकार के मुखिया को है। बांग्लादेश-भारत संबंध जितने बिगड़ेंगे, दोनों देश मिलकर उतना ही फायदा उठाएंगे। चीन-पाकिस्तान की जुगलबंदी ने पूर्व की कार्यकारी सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया। पाकिस्तान की शह पर बंगाली और हिंदुओं को खूब लड़ाया गया, लेकिन 13वें राष्ट्रीय चुनाव में हिंदू समुदाय के तीन सांसद जीते हैं-जिनमें निताई रॉय चौधरी को स्पीकर, चटगांव से जीते अधिवक्ता दीपेन दीवान को पहाड़ी क्षेत्रों के संरक्षण के लिए मंत्री और गोयेश्वर रॉय चौधरी को रेलमंत्री बनाया गया है। यह तथ्य एक उम्मीद जगाते हैं।

बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के साथ करीब एक-डेढ़ साल से देश के विभिन्न हिस्सों में हिंदुओं के खिलाफ भीड़ की हिंसा का जो दौर चल रहा था, वो फिलहाल थमता दिख रहा है। देश की जनता को इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। काफी जद्दोजहद और राजनीतिक अस्थिरता के बीच हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़े अंतर से विजय हासिल की है।

कुल 298 संसदीय सीटों में 297 पर चुनाव हुए, उनमें से रिकॉर्ड 209 सीटें बीएनपी ने जीतीं। दूसरे नंबर पर जमात-ए-इस्लामी रही जिसने 68 सीटें जीतीं। तारिक रहमान की नई कैबिनेट में डॉ. खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री, सलाहुद्दीन अहमद को गृह मंत्री, डॉ. अमीर खसरू महमूद को वित्त एवं प्लानिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुल मिलाकर तारिक रहमान ने शिक्षित और बुद्धिजीवी लोगों से अपनी कैबिनेट को सजाया है। कैबिनेट में कुल 50 मंत्री हैं, जिनमें 25 कैबिनेट और 24 राज्यमंत्री हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बचपन, स्क्रीन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : सुविधा से चुनौती तक


केशव शर्मा रसिक
गांव कोटला, घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कभी गलियों में कंचे, कबड्डी, गिट्टे और लुका-छिपी बच्चों की पहचान हुआ करती थी। मिट्टी में खेलना, दोस्तों के साथ हंसना और बिना किसी चिंता के सपने देखना ही बचपन का असली रूप था। आज वही बचपन मोबाइल स्क्रीन में सिमटता जा रहा है। Artificial intelligence (एआई) आधारित ऐप्स, गेम्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म बच्चों के जीवन में इस कदर हावी हो चुके हैं कि उनका स्वाभाविक विकास सवालों के घेरे में आ गया है। सुविधा और सीख के नाम पर शुरू हुआ यह तकनीकी सफर अब धीरे-धीरे लत, अकेलेपन और मानसिक दबाव में बदलता दिखाई दे रहा है।

एआई आधारित गेम्स, वीडियो प्लेटफॉर्म और चैटबॉट्स बच्चों को उनकी व्यक्तिगत रुचि के अनुसार सामग्री परोसते हैं। एल्गोरिद्म उनकी पसंद-नापसंद को पहचानकर वैसा ही कंटेंट बार-बार दिखाते हैं, जिससे वे घंटों स्क्रीन से जुड़े रहते हैं। परिणामस्वरूप शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं। मोटापा, आंखों की समस्या, गर्दन और पीठ दर्द, तथा नींद की कमी जैसी परेशानियां तेजी से बढ़ रही हैं। खेल का मैदान अब खाली दिखाई देता है, जबकि वर्चुअल दुनिया में बच्चे सक्रिय नजर आते हैं।

एआई का एक सकारात्मक पक्ष भी है। आज ऑनलाइन ट्यूटर, स्मार्ट लर्निंग ऐप्स और पर्सनलाइज्ड स्टडी टूल्स बच्चों की पढ़ाई में सहायक बन रहे हैं। कठिन विषयों को सरल तरीके से समझाया जा सकता है और हर बच्चे की सीखने की गति के अनुसार सामग्री उपलब्ध हो सकती है, लेकिन दूसरी ओर यही तकनीक बच्चों को 'तुरंत जवाब' पाने की आदत डाल रही है। सोचने, तर्क करने और धैर्यपूर्वक समस्या हल करने की क्षमता कमजोर पड़ रही है। होमवर्क स्वयं करने के बजाय एआई पर निर्भरता बढ़ रही है, जिससे रचनात्मकता और मौलिकता प्रभावित हो रही है। सबसे चिंताजनक प्रभाव बच्चों के भावनात्मक और सामाजिक विकास पर पड़ रहा है। दोस्ती अब मैदान में नहीं, बल्कि ऑनलाइन चैट और गेमिंग प्लेटफॉर्म तक सीमित होती जा रही है। आमने-सामने संवाद, भावनाओं को समझना और संबंधों को निभाना धीरे-धीरे कम हो रहा है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, अकेलापन और तनाव जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। वास्तविक दुनिया से दूरी उन्हें आभासी दुनिया पर अधिक निर्भर बना रही है। इसके अतिरिक्त, एआई द्वारा सुझाया गया कंटेंट हमेशा सुरक्षित या उम्र के अनुकूल हो, यह आवश्यक नहीं है। हिंसक गेम्स, भ्रामक वीडियो और अनुचित सामग्री तक पहुंच आसान हो गई है। डेटा प्राइवेसी भी एक गंभीर प्रश्न है-बच्चों की आदतें, रुचियां और निजी जानकारी किस प्रकार संग्रहित और उपयोग की जा रही हैं, इसकी जानकारी प्राय: अभिभावकों को भी नहीं होती।



इस परिस्थिति में सबसे बड़ी जिम्मेदारी अभिभावकों, शिक्षकों और समाज की है। बच्चों को तकनीक से पूरी तरह दूर रखना संभव नहीं, परंतु संतुलन आवश्यक है। स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय करना, आउटडोर खेलों को प्रोत्साहित करना, परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना और खुलकर संवाद करना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विद्यालयों में डिजिटल साक्षरता के साथ नैतिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी समान ध्यान दिया जाना चाहिए।

अत: आर्टफिशियल इंटेलिजेंस न तो पूर्णत: अच्छा है और न ही पूर्णत: बुरा। प्रश्न इसके विवेकपूर्ण उपयोग का है। यदि समय रहते संतुलन नहीं साधा गया, तो आने वाली पीढ़ी उस बचपन से वंचित हो सकती है जिसमें मिट्टी की खुशबू, दोस्तों की खिलखिलाहट और कल्पनाओं की उड़ान होती है। आवश्यकता इस बात की है कि तकनीक बच्चों की सहायक बने, स्वामी नहीं—ताकि उनका बचपन सुरक्षित रहे और भविष्य उज्ज्वल बने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सामाजिक न्याय, अहंकार का त्याग और आत्मबोध की दिशा


संजय गोस्वामी
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सामाजिक न्याय एक समावेशी और मानवीय समाज की मूल अवधारणा है, जो जाति, लिंग, वर्ग, धर्म या शारीरिक क्षमता के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देती है। इसका उद्देश्य सभी व्यक्तियों के लिए समान अवसर, मानवाधिकारों का सम्मान तथा संसाधनों का निष्पक्ष वितरण सुनिश्चित करना है। जब समाज में समानता, सहानुभूति और न्याय की भावना विकसित होती है, तभी सच्चे अर्थों में प्रगति संभव होती है। सामाजिक न्याय केवल कानूनों से नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन में परिवर्तन से स्थापित होता है।

ईश्वर ने समस्त मानव जाति को एक समान बनाया है। यदि मनुष्य को अलग-अलग धर्मों या जातियों में बांटना ही उसका उद्देश्य होता, तो वह हमारे शरीर पर कोई ऐसा चिन्ह अवश्य देता जिससे हमारी पहचान अलग-अलग हो सके, परंतु ऐसा नहीं है। इससे स्पष्ट है कि विभाजन मनुष्य की रचना है, ईश्वर की नहीं। जब मनुष्य अपनी इंसानियत से गिरता है, तब उसके कर्म उसे पशुवत बना देते हैं। महान संतों और महात्माओं ने सदैव मानवता को जोड़ने का कार्य किया है, तोड़ने का नहीं। उन्होंने सिखाया कि धर्म का सार प्रेम, करुणा और एकता है।

अहंकार (ईगो) मनुष्य के पतन का प्रमुख कारण है। यह शरीर, पद, धन या बुद्धि के साथ स्वयं को जोड़ लेने की अज्ञानता से उत्पन्न होता है। जब व्यक्ति 'मैं करता हूं' की भावना से कार्य करता है, तब वह कर्तापन के भ्रम में फंस जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवद्गीता के सातवें अध्याय में कहा गया है- 'दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया; मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते।' अर्थात् ईश्वर की माया को पार करना कठिन है, परंतु जो उसकी शरण में जाते हैं, वे इस भ्रम से मुक्त हो जाते हैं। अहंकार का अंत ही सच्ची मुक्ति का प्रारंभ है। संतों ने आत्मबोध का मार्ग दिखाया। रमण महर्षि का उपदेश था-'पहले यह जानो कि मैं कौन हूं?' जब व्यक्ति अपने भीतर झांकता है, तब उसे ज्ञात होता है कि वह शरीर या मन नहीं, बल्कि शुद्ध चेतना है।

शरीर और मन प्रकृति के अंग हैं, जो परिवर्तनशील हैं। इनके साथ तादात्म्य ही अहंकार को जन्म देता है। ध्यान की अवस्था में जब हम अपने अनुभवों को बिना रोक-टोक स्वीकार करते हैं, तब देहाध्यास ढीला पड़ने लगता है और भीतर शांति का उदय होता है। भक्ति की परंपरा में भी यही सत्य प्रकट होता है। मीरा बाई ने अपने जीवन में सांसारिक कष्टों के बीच भी ईश्वर-प्रेम को सर्वोपरि रखा।

उनके लिए सामाजिक बंधन, राजसी वैभव या विरोध कोई मायने नहीं रखते थे। वे केवल गिरधर गोपाल की शरण में रहीं। उनका जीवन दर्शाता है कि सच्ची शांति बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि अंत:करण की निष्काम भक्ति में मिलती है। मनुष्य के भीतर उठने वाले क्रोध, भय, मोह या आसक्ति को दबाने के बजाय सजगता से देखना चाहिए। जब हम अनुभवों को शारीरिक और मानसिक स्तर पर स्वीकार करते हैं, तब वे स्वत: क्षीण हो जाते हैं। जैसे भाप को उचित दिशा मिले तो वही शक्ति इंजन चला सकती है, वैसे ही भावनाओं की ऊर्जा को समझकर आत्मविकास का साधन बनाया जा सकता है। यह साहस और धैर्य का मार्ग है, परंतु यही वास्तविक स्वतंत्रता की ओर ले जाता है।



अंतत: सामाजिक न्याय और आत्मिक मुक्ति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब व्यक्ति अहंकार से मुक्त होकर स्वयं को व्यापक चेतना का अंश समझता है, तब वह दूसरों के साथ भेदभाव नहीं कर सकता।

भीतर की शांति बाहर के व्यवहार में प्रकट होती है। यही स्थितप्रज्ञता है, जहां मनुष्य समता, प्रेम और करुणा से परिपूर्ण होकर समाज में जीता है। सच्चा परिवर्तन बाहर से नहीं, भीतर से आरंभ होता है और वही परिवर्तन समाज को भी प्रकाशमान करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आयकर : राष्ट्रीय विकास और नागरिक उत्तरदायित्व का आधार


परीक्षित 'शशि' धवन
अधीक्षक, शिक्षा विभाग, चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आयकर किसी भी देश की आर्थिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ होता है। भारत जैसे विकासशील देश में आयकर न केवल राजस्व का प्रमुख स्रोत है, बल्कि यह सामाजिक संतुलन एवं राष्ट्रीय विकास का आधार भी है।

सरकार द्वारा संचालित शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन, रक्षा, प्रशासन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं मुख्यत: करों से प्राप्त धन पर ही निर्भर करती हैं। यदि कर प्रणाली सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी हो, तो देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है तथा विकास की गति निरंतर बनी रहती है।

भारत में आयकर की व्यवस्था आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत की गई है। इस अधिनियम के अनुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति, संस्था तथा कंपनी को अपनी आय के अनुसार सरकार को कर अदा करना अनिवार्य है। आय के प्रमुख स्रोतों में वेतन, व्यवसाय या पेशा, गृह संपत्ति, पूंजीगत लाभ तथा अन्य स्रोत शामिल हैं। आयकर प्रणाली प्रगतिशील दरों पर आधारित है, अर्थात अधिक आय वाले व्यक्तियों पर अधिक दर से कर लगाया जाता है। इस व्यवस्था का उद्देश्य आय के समान वितरण को बढ़ावा देना तथा आर्थिक विषमता को कम करना है।

आयकर केवल सरकार के लिए राजस्व एकत्र करने का साधन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय की स्थापना का माध्यम भी है। अधिक आय वाले वर्ग से प्राप्त कर के माध्यम से सरकार समाज के कमजोर, निर्धन एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित करती है। ग्रामीण विकास कार्यक्रम, छात्रवृत्तियां, स्वास्थ्य बीमा योजनाएं, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, वृद्धावस्था पेंशन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे अनेक प्रयास आयकर से प्राप्त धन के द्वारा ही संचालित होते हैं।

इस प्रकार आयकर राष्ट्र के समग्र विकास में प्रत्यक्ष भूमिका निभाता है। आयकर रिटर्न दाखिल करना प्रत्येक करदाता का कर्तव्य है और यह अनेक दृष्टियों से लाभकारी भी है। रिटर्न भरने से आय का आधिकारिक प्रमाण प्राप्त होता है, जो बैंक ऋण, आवास ऋण, वाहन ऋण अथवा व्यावसायिक ऋण प्राप्त करने में सहायक होता है। विदेश यात्रा के लिए वीजा आवेदन के समय भी आयकर रिटर्न उपयोगी सिद्ध होता है। इसके अतिरिक्त आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं, जैसे धारा 80C, 80D, 80G आदि के अंतर्गत निवेश और बीमा योजनाओं पर कर छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। समय पर रिटर्न दाखिल करने से दंड, ब्याज तथा कानूनी जटिलताओं से भी बचा जा सकता है। वर्तमान समय में कर चोरी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कर चोरी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है। जब कुछ लोग कर का भुगतान नहीं करते, तो सरकार को आवश्यक संसाधन नहीं मिल पाते और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है।

इस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने कर प्रणाली को सरल, डिजिटल और पारदर्शी बनाने के अनेक प्रयास किए हैं। ऑनलाइन आयकर रिटर्न फाइलिंग, फेसलेस असेसमेंट, ई-नोटिस प्रणाली तथा नई कर व्यवस्था जैसे सुधारों ने कर प्रक्रिया को अधिक सहज और पारदर्शी बना दिया है।




नागरिकों का दायित्व है कि वे आयकर को बोझ न समझें, बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता के रूप में देखें। ईमानदारीपूर्वक कर भुगतान करना एक जागरूक, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक की पहचान है। जब प्रत्येक नागरिक अपने आर्थिक दायित्वों का पालन करता है, तभी देश की प्रगति सुनिश्चित होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एक दिन और दस देवता












# दूसरी जलेब में देवलुओं का जोश

## शान से निकली माधव राय की शोभायात्रा, अलग-अलग वेशभूषा में देव रथों ने मोहा मन

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रीराज माधव राय की दूसरी शाही जलेब पारंपरिक रीति रिवाज के साथ निकली। जलेब में सबसे पहले शिवजी के गण भूत-प्रेत, यक्ष, किन्नर, गंधर्व, नाग, सिद्ध, मुनि और देवलु पड्डल की ओर प्रस्थान कर रहे थे। घुड़सवार, पुलिस जवान, होमगार्ड जवानों की टुकड़ी ने कदम से कदम मिलाकर अनुशासित जलेब का परिचय दिया। भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

इसके पश्चात विभाग के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य करते हुए पड्डल मैदान की ओर कूच किया। तदोपरांत देव छांजणु और देव छमाहू ने जलेब में सबसे आगे चलकर रास्ता बनाया और जलेब की अगवाई की। दोनों ही देवता अपने देवलुओं द्वारा वाद्य यंत्रों की थाप पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। बाद इसके कतारबद्ध एक के बाद एक देवता जलेब की शोभा बढ़ा रहे थे। विष्णु मतलोड़ा, बिट्टू नारायण सहित शैटीनाग, शुकदेव ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, बायला नारायण, देव हुरंग नारायण, घडौणी नारायण, देव पशाकोट, देव पेखरू गहरी, देव चुंजवाला शिव जलेब की शोभा बढ़ाते हुए पड्डल मैदान पहुंचे। इसके पश्चात श्रीराज माधव राय चार घटी उपरांत अपने मंदिर में लौट आए।



जलेब में भाग लेते हुए देवी, देवता और देवलू। अनंत ज्ञान

जलेब में विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों की धुनें और विभिन्न प्रकार के सजे हुए देवरथ से ऐसा नजारा लग रहा था मानो पड्डल में स्वर्ग के देवता उतर आए हों। इस मौके पर डीसी मंडी अपूर्व देवगन, एसपी मंडी विनोद कुमार, नगर निगम कमीश्नर रोहित राठौर सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी जलेब में शामिल हुए।

### शोभायात्रा में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

**श्रीराज** माधव राय की दूसरी शाही जलेब में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया हुए शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने महाशिवरात्रि महोत्सव की मध्य जलेब में शामिल होने से पहले राज देवता माधोराय मंदिर में पूजा-अर्चना की। देव ध्वनियों के साथ श्रीराज देवता माधव राय के मंदिर से शुरू होकर मध्य जलेब पड्डल मैदान में संपन्न हुई।

## जोगिंद्रनगर में कन्या और बाल स्कूलों का होगा विलय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने जोगिंद्रनगर स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल पाठशाला के विलय का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दोनों विद्यालयों को मर्ज कर एक सहशिक्षा विद्यालय बनाया जाएगा। विलय के बाद नए संस्थान का नाम पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जोगिंद्रनगर होगा। सरकार के अनुसार इस कदम का उद्देश्य संसाधनों का बेहतर उपयोग, शैक्षणिक सुविधाओं का एकीकरण तथा विद्यार्थियों को एक ही परिसर में समग्र शिक्षा उपलब्ध कराना है। विलय के बाद दोनों स्कूलों का प्रशासनिक व शैक्षणिक ढांचा एकीकृत किया जाएगा, जिससे शिक्षकों, कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस पूरी प्रक्रिया को चरणबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। स्थानीय स्तर पर इस निर्णय को लेकर अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच चर्चा शुरू हो गई है।

## हिमाचल शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए नई पुस्तक का विमोचन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण शैक्षिक पहल के तहत शिक्षाविद् एवं लेखिका अनुपम राणा की पुस्तक निष्कर्ष-हिमाचल प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा कला वर्ग निर्णायक समाधान का लोकार्पण विक्रमादित्य सिंह ने किया।



पुस्तक का विमोचन करते हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। पुस्तक में विषयवार महत्वपूर्ण प्रश्न, सरल व्याख्या और परीक्षा उन्मुख सामग्री शामिल है। लेखिका ने बताया कि इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उन विद्यार्थियों तक पहुंचाना है जो महंगी कोचिंग का लाभ नहीं ले सकते। लोकार्पण समारोह में शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## विकलांगता पेंशन पर टैक्स का विरोध, पूर्व सैनिकों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा (सेवानिवृत्त) ने केंद्रीय बजट में पूर्व सैनिकों की अपंगता पेंशन और सर्विस पेंशन को आयकर के दायरे में लाने के फैसले पर गहरा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हजारों पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए आघात है। अपंगता पेंशन सेवा के दौरान घायल या स्थायी रूप से अपंग हुए सैनिकों को दी जाती है, जो किसी आय का स्रोत नहीं बल्कि शारीरिक क्षति की भरपाई है। ऐसे में इस पर कर लगाना अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं दुरुपयोग की आशंका है तो दोषियों पर कार्रवाई हो, न कि सभी पूर्व सैनिकों को दंडित किया जाए। आवश्यकता हो तो आयकर अधिनियम में संशोधन कर अपंगता पेंशन को पूर्णतः करमुक्त रखा जाए। संयुक्त मोर्चा ने इस संबंध में सेना मुख्यालय को पत्र भेजकर निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की है।

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में एसवीएम मंडी फर्स्ट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के नन्हे प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर मंडी प्रथम, क्रेडल 2 क्रेंस मंडी द्वितीय तथा गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल मंडी तृतीय रहा। नन्हे बच्चों ने विभिन्न सामाजिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पात्रों की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। अपर प्राइमरी वर्ग में एसवीएम मंडी प्रथम, एएसएम स्कूल मंडी द्वितीय, जबकि गुरु गोबिंद सिंह विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की वेशभूषा, अभिव्यक्ति, विषय की समझ और मंच प्रस्तुति के आधार पर परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को बधाई दी।



फैंसी ड्रेस में बच्चे। अनंत ज्ञान

## शिवरात्रि मेले में प्राकृतिक खेती स्टॉल बना जन जागरूकता का केंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक मंडी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में इस वर्ष कृषि जागरूकता का विशेष आयाम भी जुड़ गया है। कृषि विभाग की एटीएमए परियोजना की ओर से पड्डल मैदान स्थित प्रदर्शनी पंडाल में प्राकृतिक खेती को समर्पित एक विशेष स्टॉल लगाया गया है, जिसका शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। यह स्टॉल मेले के दौरान एक सप्ताह तक आमजन के लिए खुला रहेगा। स्टॉल पर प्राकृतिक खेती की विधि, उसके लाभ और इसे अपनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।



प्राकृतिक खेती का लगा स्टॉल। अनंत ज्ञान

कृषि विभाग के अधिकारी एवं विशेषज्ञ आगंतुकों को रसायनमुक्त खेती के महत्व से अवगत करा रहे हैं और उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस स्टॉल का मुख्य आकर्षण प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की और गेहूं का 'हिमभोग' ब्रांड का रसायनरहित, पोषणयुक्त आटा है, जिसे पहली बार मेले में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है। मेले में आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक इसकी जानकारी लेने के साथ-साथ इसे खरीदकर स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

स्टॉल पर प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत तथा अन्य पारंपरिक घटकों की जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। जिला परियोजना निदेशक, एटीएमए, डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल उत्पादों का प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि समाज में प्राकृतिक खेती के प्रति व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित अन्न उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## खस्ताहाल सड़कों से बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा

अनंत ज्ञान

**पधर, कविता।** उपमंडल मुख्यालय पधर की अधिकांश संपर्क सड़कों की स्थिति दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। जगह-जगह गड्ढे पड़ने व सड़कें उखड़ने से वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कार्य शीघ्र शुरू न किया तो होगा आंदोलन

क्षेत्र की सड़कों की दयनीय हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़कों पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि पधर-नौहली, चुक्कू-खजरी, कुन्नू-नशधरा, कटोला-बथेरी, सुधार, बरोट सहित कई प्रमुख संपर्क मार्ग जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं और आए दिन छोटे-बड़े हादसे सामने आ रहे हैं। इन सड़कों से होकर रोजाना स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीज गुजरते हैं, जिन्हें सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी जोखिम भरा हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कई स्थानों पर सड़क किनारे नालियों की उचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे सड़क की परत तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है। उन्होंने बताया कि चुक्कू पंचायत में गत बरसात के दौरान डंगा गिर जाने से मार्ग संकरा हो गया है, जहां से बसों को भी बड़ी मुश्किल से निकाला जा रहा है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। संबंधित कार्य का टेंडर भी हो चुका है, लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वहीं, दमेला पुल का निर्माण कार्य भी अधर में लटका हुआ है, जिससे लोगों में रोष है।

उन्होंने विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र निरीक्षण कर विशेष मरम्मत अभियान चलाया जाए और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। भूपेंद्र ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की जीवनरेखा होती हैं और इनके सुचारु संचालन से ही क्षेत्र का समुचित विकास संभव है।

## शिवरात्रि मेले में नृत्य से चेतन ने जीता दर्शकों का दिल



**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** तीसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते हुए, चेतन ने अपनी ऊर्जा और ताल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। चेतन की नृत्य प्रस्तुति की विशेषता थी उनकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और लंगरदार कदम, जिन्होंने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और उन्हें बहुत प्रशंसा मिली। चेतन की इस सफलता पर उनके परिवार और मित्रों में खुशी की लवली है। उन्हें भविष्य में और भी सफलता मिलने की कामना है।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापार मंडल महादेव ने बजट से पूर्व भेजे अहम सुझाव

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र से संबंधित व्यापार मंडल महादेव के प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सहायक आयुक्त एसटीएंडई (जीएसटी एलाइड टाइम्स) सर्कल सुंदरनगर आदि को भेजे गए पत्र में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। उन्होंने लिखा है कि हिमाचल प्रदेश कृषि और औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विपणन) अधिनियम 2005 को कंप्यूटरीकृत कर पूर्णतः ऑनलाइन किया जाए, ताकि मार्केट फीस व रिटर्न जमा करने में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। साथ ही हिमाचल प्रदेश रुरल स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट को प्रदेश में सख्ती से लागू करने की मांग की गई है, जिससे स्थायी व्यापारियों को चालान, सैंपलिंग, अभिलेख संधारण व गुणवत्ता संबंधी नियमों में राहत मिले तथा पुलिस सत्यापन के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। पत्र में व्यापारियों की सुरक्षा हेतु जीएसटी कोष से 10 से 20 लाख रुपए तक के बीमा प्रावधान की मांग भी उठाई गई है, ताकि आगजनी, चोरी, आकस्मिक दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में राहत मिल सके।

### डलाह में स्मार्ट मीटर बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर की ग्राम पंचायत डलाह में स्मार्ट मीटर को लेकर विद्युत बोर्ड पधर के द्वारा विद्युत पखवाड़े लोगों को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, लाभ एवं उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के जोगिंद्रनगर नोडल ऑफिसर शिव कुमार, सहायक अभियंता रमेश सकलानी और कनिष्ठ अभियंता हरिश ने उपस्थित लोगों को बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली उपभोग की सटीक रीडिंग मिलती है तथा बिलिंग प्रक्रिया पारदर्शी बनती है। उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग की जानकारी रियल टाइम में प्राप्त कर सकते हैं, जिससे अनावश्यक खपत पर नियंत्रण संभव होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से मीटर रीडिंग के लिए बार-बार कर्मचारियों के घर-घर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का समाधान भी शीघ्र किया जा सकेगा।

### शिवरात्रि मेले में अश्वगंधा अभियान हुआ हिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले मंडी में अश्वगंधा जागरूकता अभियान के तहत विशेष प्रदर्शनी लगाई, जिसे अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला। अभियान का उद्देश्य अश्वगंधा के वैज्ञानिक महत्व, सतत खेती और दैनिक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। तीन दिनों में 500 से अधिक आगंतुकों को 2000 से ज्यादा निःशुल्क अश्वगंधा पौधे व जानकारी पुस्तिकाएं वितरित की गईं। एडाप्टोजेनिक गुणों, प्रतिरक्षा सुदृढ़ीकरण और मानसिक संतुलन के लिए प्रसिद्ध अश्वगंधा पर विद्यार्थियों ने खेती व उपयोग संबंधी जानकारी दी। मिलेट-अश्वगंधा सिड्डू व लड्डू जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने इसे स्वास्थ्य, कौशल विकास व महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम पहल बताया। अभियान का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. तारा देवी सेन ने किया।

### धर्मपुर कॉलेज में रोड सेफ्टी पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय, धर्मपुर (जिला मंडी) के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके बौद्धिक एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोनों गतिविधियों में प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और तार्किकता का परिचय दिया, वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता और गहन चिंतन प्रदर्शित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद ढलारिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में आयोजित होने वाली शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विभिन्न संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रो. रमेश चंद शर्मा, प्रो. विवेका नंद शर्मा, डॉ. मनबीर, प्रो. पूजा भारद्वाज, प्रो. ओम प्रकाश, प्रो. शीतल भोपाल एवं प्रो. अभिषेक शर्मा शामिल रहे।

## यादें

### लोक संस्कृति के संवर्द्धन में युवा पीढ़ी का उत्साह प्रशंसनीय

## महाशिवरात्रि में शामिल होना अविस्मरणीय अनुभव: पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। चाहे मंडी की शिवरात्रि हो, कुल्लू का दशहरा, चंबा का मिंजर या रामपुर की लवी, हमारा प्रदेश देवी-देवताओं की आस्था से ओत-प्रोत है। महाशिवरात्रि महोत्सव में उन्हें पहली बार आने का अवसर मिला है और यह अनुभव अविस्मरणीय है।

विशेषतौर पर सदियों से चली आ रही लोक परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्द्धन यहां पीढ़ी दर पीढ़ी किया जाता रहा है और आज भी लोक देवताओं के साथ युवाओं की भारी संख्या में उपस्थिति इसे सार्थक सिद्ध कर रही है। यह बात हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी के अवसर पर राज देवता श्री माधोराय की अगवानी में निकाली गई मध्य जलेब में शामिल होने के उपरांत अपने संबोधन में कही।



विधानसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

उन्होंने श्री राज माधो राय मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि हिमाचल की समृद्ध संस्कृति एवं लोक आस्था यूं ही अनवरत आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। हिमाचल देश के अग्रणी राज्यों में से एक है और यहां के गांव अन्य राज्यों की तुलना में अधिक विकसित हैं। इसके पीछे प्रदेश के सशक्त नेतृत्व और जनता की सजगता का विशेष योगदान है। उन्होंने देवी-देवताओं से सभी पर आशीर्वाद बनाए रखने की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंडी नगर की स्थापना के 500वें प्रवेश वर्ष के उपलक्ष्य में मेला आयोजन समिति के सहयोग से भारतीय डाक विभाग द्वारा तैयार विशेष कवर का अनावरण भी किया। पठानिया ने कहा कि मंडी व चंबा का ऐतिहासिक जुड़ाव रहा है। आधुनिक मंडी नगर जहां स्थापना के 500वें वर्ष में प्रवेश कर गया है, वहीं चंबा शहर लगभग 1100 वर्षों से अपनी विरासत को संजोए है।

कार्यक्रम के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने मेला मैदान में लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इससे पहले शिवरात्रि आमसभा के अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। मेला समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सभी का स्वागत किया और महोत्सव की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला की ओर से प्रायोजित राजस्थान, उत्तराखंड एवं पंजाब के सांस्कृतिक दलों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, अध्यक्ष हि.प्र. अजा एवं जजा विकास निगम लाल सिंह कौशल, उपाध्यक्ष राज्य जल प्रबंधन बोर्ड शशि शर्मा, अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति मंडी संजीव गुलेरिया आदि उपस्थित रहे।

## सोलन के यश ठाकुर और विकास खाम की पेंटिंग प्रथम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर मेला कमेटी और जिला प्रशासन मंडी द्वारा नगर निगम मंडी के सहयोग से छोटी काशी मंडी में पहली बार आयोजित मंडी आर्ट फेस्टिवल के तहत वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कलाकारों ने इंदिरा मार्केट और उपायुक्त कार्यालय मार्ग के समीप सार्वजनिक दीवारों पर मंडी की संस्कृति, देव परंपरा और इतिहास को दर्शाते आकर्षक भित्ति चित्र तैयार किए।



विजेता को सम्मानित करते हुए डीसी।

महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान उपायुक्त अपूर्व देवगन और मेयर नगर निगम वीरेंद्र भट्ट ने विजेता टीमों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में सोलन के यश ठाकुर और विकास खाम की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान हिमाचल प्रदेश विवि की वृष्टि गिस्ट और अश्वनी राणा की टीम को मिला, जबकि तृतीय स्थान मंडी की रिद्धि सुयाल और गौरव शर्मा की टीम ने हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव में पहली बार दृश्य कला को शामिल करना एक सराहनीय पहल है, जिससे शहर की सौंदर्य वृद्धि के साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### फिश सीड फॉर्म देओली का भ्रमण कर बढ़ाया ज्ञान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्री-वोकेशनल एजुकेशनल एक्सपोजर स्कीम के तहत मजारी स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला बिलासपुर के दियोली स्थित एशिया के सबसे बड़े फिश सीड फॉर्म का भ्रमण किया। इस फॉर्म में मछली उत्पादन के लिए विभिन्न प्रजातियों के बीज तैयार किए जाते हैं। विद्यार्थियों ने मछली पालन की प्रक्रिया, रोजगार अवसरों व सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी अध्यापिका रेणु शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षिकाओं ने पीपीटी के माध्यम से रिपोर्ट प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर को प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना की और इसे भारत को उद्योग और रोजगार के हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता बनाने का आग्रह किया

**अनंत ज्ञान जुखाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट, बागा प्लांट में सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में डीएसपी बिलासपुर मनीष चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पिनाकी दत्ता, तरुण गुप्ता, सुशील सिंह (लॉजिस्टिक्स हेड) सहित अल्ट्राटेक सीमेंट के अन्य अधिकारी एवं लगभग 300 ड्राइवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में ड्राइवरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में लॉजिस्टिक्स हेड सुशील सिंह ने सभी मुख्य अतिथियों, अधिकारियों व ड्राइवरों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने सभी ड्राइवरों से हमेशा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी प्राथमिकता बनाने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### आरडीजी मुद्दे पर विपक्ष एक्सपोज : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद होने के मुद्दे पर भाजपा और विपक्ष की भूमिका जनता के हितों के विपरीत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा में पारित सरकारी संकल्प के दौरान विपक्ष का रवैया स्पष्ट करता है कि उन्हें हिमाचल की जनता से ज्यादा अपने केंद्रीय आकाओं को खुश करने की चिंता है। सांख्यान ने कहा कि आरडीजी बंद होने से प्रदेश को लगभग 40-50 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, जो सीधे तौर पर विकास कार्यों और जनता के अधिकारों पर असर डालता है। उन्होंने इसे हिमाचल के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा पारित संकल्प प्रदेश के हित में उठाया गया न्यायोचित कदम है।

### हिमोत्कर्ष परिषद का वार्षिक समारोह 1 मार्च को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष परिषद ने वर्ष 2025-26 के राष्ट्रीय एकात्मकता और हिमाचल श्री पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। परिषद के मुख्य सलाहकार व सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी सतपाल शर्मा ने बताया कि 1 मार्च, 2026 को एलजेएन हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटला खुर्द के सभागार में परिषद के 52वें वार्षिक समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कार के तहत कांगड़ा के शाहपुर से शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार को, ऊना के बाथू गांव से बीएसएफ उपनिरीक्षक व्यास देव को, सिरमौर के शिलाई से महिला कबड्डी टीम की उपकप्तान पुष्पा राणा को, हमीरपुर से पंजाब केसरी टीवी के डॉ. संजीव शर्मा को, बिलासपुर के डॉ. अनिकेता शर्मा को और हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा, दिल्ली को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, झारखंड राज्य न्यायिक सेवा के जिला जज शिव करण राणा को हिमाचलश्री शान-ए-ऊना पुरस्कार से, चंडीगढ़ की हिमाचल महासभा को उत्कृष्ट समाज सेवी संस्था पुरस्कार से तथा बिलासपुर के साहित्यकार श्याम लाल शर्मा को श्रेष्ठ लेखन, साहित्य और संस्कृति पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा। सतपाल शर्मा ने कहा कि इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज में सेवा, एकात्मता और उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया जाता है।

### शाहतलाई का 5.71 करोड़ का वार्षिक बजट पारित

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** आयुक्त व डीसी बिलासपुर राहुल कुमसा की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 5 करोड़ 71 लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। विकास कार्यों पर 2.08 करोड़, चैत्र मेले की व्यवस्थाओं पर 64 लाख, आर्थिक सहायता के लिए 7 लाख और वार्षिक मरम्मत के लिए 5.5 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। नॉन-प्लान मद में 2.56 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए। बैठक में मंदिर परिसर में नयना देवी जी मंदिर की तर्ज पर आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने, चरण गंगा सौंदर्यीकरण कार्य जल्द पूरा करने, जीर्णोद्धार कार्यों में तेजी लाने तथा लाइब्रेरी के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। गोशाला के लिए एक हेक्टेयर भूमि प्रस्ताव, सोलर लाइट स्थापना व झंडूता क्षेत्र में टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा गया। बैठक में एसडीएम झंडूता आर्शिया शर्मा सहित न्यासीगण व अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा सुधार समिति ने स्टूडेंट्स को दी नकद राशि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षा सुधार समिति के प्रतिनिधि सुच्चा सिंह कंग, समाजसेवी जीवन महंत व समाज सुधारक राकेश कुमार ने समिति द्वारा राजकीय पाठशाला टक्का, खड्ड चताड़ा, राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय चताड़ा का निरीक्षण किया। समिति द्वारा स्कूलों में रखे अध्यापकों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी जीवन महंत ने स्टूडेंट्स से ज्ञानवर्धक प्रश्न, स्वास्थ्य संबंधी, नशा व टेलीफोन के दुष्प्रभाव कार्य के बारे में जानकारी दी। स्कूली बच्चों को नकद राशि दी गई। समाजसेवी जीवन महंत को शिक्षकों ने शाल टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

### जैजों-पोलियां सड़क आज चार घंटे के लिए रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल हरोली के तहत जैजों-पोलियां सड़क मार्ग 20 फरवरी को चार घंटे (दोपहर 12 से सायं 4 बजे) तक यातायात के लिए बंद रहेगा। डीसी ऊना जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जैजों-पोलियां सड़क मार्ग (नजदीक पुलिस चेक पोस्ट) पर बल्क ड्रग पार्क व उठाऊ सिंचाई योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। निर्माण कार्यों को सुचारू व त्वरित करने को लेकर यह आदेश जारी किए गए हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने व मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### आग लगने पर अग्निशमन यंत्रों का करें प्रयोग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला अग्निशमन विभाग ने बढ़ेड़ा में स्वामी विवेकानंद प्राइवेट आईटीआई के स्टाफ व छात्रों को आग से बचाव व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मॉक ड्रिल कर आग पर नियंत्रण, विभिन्न अग्निशमन यंत्रों का सही उपयोग व सुरक्षा उपकरणों का संचालन सिखाया। होमगार्ड्स कमांडेंट हितेश लखनपाल ने बताया कि जागरूकता अभियान लगातार जारी है और अग्निशमन कर्मचारी जोखिम उठाकर जीवन बचाते हैं। अग्निशमन केंद्र अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि जिले में शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल और उद्योगों में भी समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि आग लगने पर समय पर नियंत्रण और नुकसान कम किया जा सके।

### घुमारवीं में 'अगेंस्ट चिट्टा अभियान' का विस्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा चलाए जा रहे 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान' के तहत ग्राम पंचायत गाहर, दधोल, पद्यालग, सेऊ, डंगार, तड़ौन व कसारू जोन में घर-घर जागरूकता अभियान को मजबूत करने के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। त्रिलोक शर्मा को संयोजक व राजेश शर्मा, अखिल ठाकुर, सुरेश धीमान सहित अन्य को सहसंयोजक व सदस्य नियुक्त किया गया। संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि समिति गठन से अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी व युवाओं को नशे से बचाने में मदद मिलेगी। यह पहल सामाजिक सहभागिता और जन-जागरूकता के माध्यम से क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नलवाड़ी मेले की कुश्तियों में बरसेगी इनामों की बारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मार्च माह में ऐतिहासिक नलवाड़ी मेला के दौरान लुहणू मैदान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं को लेकर पुलिस लाइंस लखनपुर में कुश्ती समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एस.पी. बिलासपुर संदीप धवल ने की। बैठक में कुश्तियों के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों और उप-समितियों का गठन किया गया और प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला वर्ग की सामान्य कुश्ती में विजेता पहलवान को 51 हजार रुपए और पुरुष वर्ग के विजेता पहलवान को 1,01,000 रुपए पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इसके अलावा हिम कुमार और बिलासपुर कुमार कुश्ती के विजेताओं को भी इनामी राशि दी जाएगी। समिति के सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने आयोजन को भव्य व सुव्यवस्थित बनाने के सुझाव दिए। इस बार मेले की कुश्तियों में प्रदेश भर के नामी पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे लुहणू मैदान उत्साह और जोश से गूंज उठेगा।

# सड़कों पर बेसहारा पशुओं से 'खतरा'

## बिलासपुर के 'बाजार अब बने डर का मैदान' व्यापार प्रभावित, अभिभावकों में चिंता

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** शहर के बस स्टैंड, रौड़ा सेक्टर व डिआरा सेक्टर में बेसहारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। दिनदहाड़े सांडों की आपसी भिड़ंत से बाजार में अचानक भगदड़ मच जाती है।

राहगीरों को जान बचाकर इधर-उधर भागना पड़ता है, जबकि दुकानदार व अभिभावक डर के साए में जी रहे हैं। कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन जाती है। हाल ही में बस स्टैंड क्षेत्र में 62 वर्षीय रामलाल दो सांडों की लड़ाई के बीच फंस गए। भगदड़ में गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं व उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। उनकी बेटी ने भावुक होकर कहा, 'पापा तो सिर्फ सब्जी लेने गए थे। अब बाजार भेजते समय डर लगता है।' रौड़ा सेक्टर में रहने वाली 10 वर्षीय अनुष्का अब अकेले स्कूल जाने से घबराती है। कुछ दिन पहले स्कूल जाते समय अचानक सांडों के झुंड की भिड़ंत से बच्चे चीखते हुए भागे। अनुष्का गिर पड़ी व घायल हो गई। उसकी मां का कहना है, 'हर सुबह बच्चों को स्कूल भेजते हैं तो दिल बैठ जाता है।'

डिआरा सेक्टर की संकरी गलियों में भी पशुओं का जमावड़ा आम हो गया है। बुजुर्गों व महिलाओं ने शाम के समय बाहर निकलना कम कर दिया है। बस स्टैंड व बाजार क्षेत्र के दुकानदारों का कहना है कि पशु दुकानों के सामने बैठ जाते हैं। ग्राहक अंदर आने से कतराते हैं। एक दुकानदार ने बताया, 'ग्राहक पहले जान बचाए या खरीदारी करे? रोज कारोबार प्रभावित हो रहा है।' जनता की मांग, नियमित व प्रभावी पकड़ अभियान, स्थायी गोशाला व्यवस्था, पशु मालिकों पर सख्त जुर्माना, शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक किया जाए।


बिलासपुर की गांधी मार्केट में घूमते बेसहारा पशु। अनंत ज्ञान

### आंकड़े भी दे रहे चेतावनी

**पिछले** एक वर्ष में नगर परिषद को आवारा पशुओं को लेकर 32 शिकायतें प्राप्त हुईं। स्थानीय अस्पताल सूत्रों के अनुसार, पशुओं से टकराने या गिरने के 45 मामले उपचार के लिए पहुंचे। बस स्टैंड और रौड़ा सेक्टर को लोग 'संवेदनशील क्षेत्र' बता रहे हैं। पकड़ो-छोड़ो अभियान के बावजूद पशु दोबारा शहर में लौट आते हैं। नगर परिषद समय-समय पर अभियान चलाने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्थिति में सुधार नजर नहीं आ रहा। शहरवासियों का कहना है कि अस्थायी कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोगों का सीधा सवाल है क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

## सुक्खू सरकार ने हिमकेयर को दी नई मजबूती तीन वर्षों में ऊना में 42 करोड़ की स्वास्थ्य राहत

अनंत ज्ञान

**ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना को नई गति और पारदर्शिता के साथ मजबूत किया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिले में 45,721 पात्र लाभार्थियों को 42 करोड़ रुपये से अधिक की उपचार सहायता प्रदान की गई है। इससे हजारों जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि अब तक 73,113 परिवारों का पंजीकरण कर हिमकेयर कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि 72,752 लाभार्थियों ने उपचार सुविधा प्राप्त की है। योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार कवरेज प्रदान किया जाता है। पाँच से अधिक सदस्य वाले परिवारों के लिए अतिरिक्त सदस्य अलग इकाई के रूप में नामांकित किए जा सकते हैं। सरकार ने लाभार्थियों को श्रेणी अनुसार प्रीमियम दरें निर्धारित की हैं। श्रेणी-1 में बीपीएल परिवार, पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स, मनरेगा श्रमिक और अनाथालय के बच्चे शून्य प्रीमियम पर लाभान्वित होंगे। श्रेणी-2 में एकल नारी, दिव्यांग व्यक्ति, मिड-डे मील वर्कर, दैनिक वेतनभोगी और अंशकालिक कर्मचारी के लिए वार्षिक प्रीमियम 365 रुपये है। अन्य पात्र नागरिकों के लिए 1000 रुपए वार्षिक प्रीमियम निर्धारित है।

हिमकेयर योजना में ई-कार्ड जारी किए जाते हैं। आवेदन वेबसाइट या लोक मित्र केंद्र/सामान्य सेवा केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है। लाभार्थियों को सही श्रेणी का चयन करना अनिवार्य है। योजना के तहत आयुष्मान भारत से जुड़े अस्पतालों के साथ-साथ पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ और जीएमसीएच सेक्टर-32 में भी कैशलेस उपचार उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे शीघ्र पंजीकरण कर हिमकेयर योजना का लाभ उठाएं और अपने परिवार के स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करें।

## सुंगल में श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति व मर्यादा का संदेश

अनंत ज्ञान



**बिलासपुर।** सुंगल गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य संजय शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम व पारिवारिक मूल्यों का मार्मिक संदेश दिया।

कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम और माता शबरी के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति में जाति, पद या स्थिति का कोई महत्व नहीं होता, केवल निष्कलंक प्रेम और समर्पण ही प्रभु तक पहुंचाता है। शबरी द्वारा प्रेमपूर्वक बेर अर्पित करने की कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इसके साथ ही आचार्य ने श्रीकृष्ण व गोपियों के वार्तालाप का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा कि यह संवाद सांसारिक प्रेम नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि गोपियों की भक्ति पूर्ण समर्पण का उदाहरण है, जहां अहंकार का कोई स्थान नहीं होता। कथा के दौरान आचार्य संजय शास्त्री ने दांपत्य जीवन पर भी विशेष संदेश देते हुए कहा कि पति-पत्नी को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। परिवार तभी सुखी रह सकता है जब उसमें आपसी विश्वास, संवाद और आदर हो। उन्होंने कहा कि जहां सम्मान और समझ होती है, वहां कलह नहीं, बल्कि प्रेम का वास होता है। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक कुलदीप डोगरा और सरोज डोगरा हैं, जिनके प्रयासों से गांव में भक्ति का सुंदर वातावरण बना हुआ है। कथा के दौरान संगीत की मधुर संगत अजय शर्मा, राकेश शर्मा, यशपाल, सोनू शर्मा और धनंजय ने दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं और गांव में आध्यात्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## लूट की वारदात के आरोपी को 4 दिन का पुलिस रिमांड

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पुलिस थाना के तहत चंबी क्षेत्र में हुई लूट की वारदात को सुलझाते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस ने आरोपी का 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान अब पुलिस टीम आरोपी द्वारा चुराई गई नकदी को बरामद करने के लिए पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दे रही है। इसी कड़ी में वीरवार को पुलिस की एक विशेष टीम फगवाड़ा पहुंची। जानकारी के अनुसार, चंबी में हुई लगभग डेढ़ लाख रुपए की चोरी के इस मामले में पुलिस ने आरोपी को पंजाब के कपूरथला से गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए किराए की स्कूटी (एक्टिवा) पर आया था, जो उसने धर्मशाला से ली थी। वारदात के बाद वह बधमाना रोड से होते हुए पंजाब की ओर फरार हो गया था। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से ही बड़सर और नादौन थाना में चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि लूट की राशि सुरक्षित है या आरोपी ने उसे कहीं खर्च कर दिया है। वीरवार को पुलिस टीम फगवाड़ा में उन ठिकानों की पड़ताल करने पहुंची, जहां आरोपी के छिपे होने या पैसे रखे होने की संभावना थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने चोरी के पैसों को कहां ठिकाने लगाया है। डीएसपी अनिल पटियाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी पुलिस रिमांड पर है। पुलिस टीम उसे लेकर फगवाड़ा गई है, ताकि चोरी की गई राशि की शत-प्रतिशत बरामदगी की जा सके। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही रिकवरी सुनिश्चित की जाएगी।

## कंवर ने जरूरतमंदों को भेंट की व्हील चेयर


जरूरतमंद को व्हील चेयर भेंट करते पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सेवा, समर्पण और मानवता की एक सराहनीय पहल उस समय देखने को मिली, जब पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने लंबी बीमारी से पीड़ित दो जरूरतमंद व्यक्तियों को व्हील चेयर भेंट की।

इस मानवीय कार्य से क्षेत्र में संवेदनशील जनसेवा का संदेश प्रसारित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव वोट निवासी 62 वर्षीय रघुबीर सिंह उर्फ कुकू लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। बीमारी के कारण उनकी चलने-फिरने की क्षमता अत्यंत प्रभावित हो चुकी है, जिससे दैनिक जीवन के सामान्य कार्य भी उनके लिए कठिन हो गए थे।

वहीं गांव चपलाह के निवासी जगदीश चंद भी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे हैं और शारीरिक रूप से अत्यधिक कमजोर हो चुके हैं। दोनों परिवारों ने अपनी स्थिति से अवगत कराया, जिसके उपरांत तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई गई। वीरेंद्र कंवर स्वयं उनके निवास स्थान पर पहुंचे और व्हली कुर्सी भेंट कर परिजनों से भेंट की। उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीमारी केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभावित करती है। ऐसे समय में समाज और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे आगे बढ़कर सहायता करें। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक जरूरतमंद परिवार उनका अपना परिवार है और जनसेवा ही उनका मूल उद्देश्य है। स्थानीय ग्रामीणों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सच्ची मानव सेवा बताया।

## जेईई मेन्स परीक्षा में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम


शब्द ठाकुर। शिवेन चंदेल। अनीमा। निकिता। अर्णव सिंह। अक्षत गुप्ता। आदित्य।

अनंत ज्ञान

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल के लिए अत्यंत हर्ष व गर्व का विषय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली सात विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का यह गौरवपूर्ण परिणाम है।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में शब्द ठाकुर ने 99.1 परसेंटाइल, शिवेन चंदेल 97.6 परसेंटाइल, अनीमा वशिष्ठा 94.2 परसेंटाइल, निकिता 91.28 परसेंटाइल, अर्णव सिंह मान, अक्षत गुप्ता और आदित्य शर्मा ने भी 90 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। इन उत्कृष्ट परसेंटाइल के साथ विद्यार्थियों ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन व शिक्षकों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी उच्च शिखरों को स्पर्श करेंगे व देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन व सकारात्मक वातावरण में हर छात्र अपनी क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा दिए गए मार्गदर्शन व सहयोग के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। स्कूल के अध्यक्ष सतपाल वशिष्ट ने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पंप ऑपरेटरों के नियमितीकरण की अधिसूचना से कर्मी खुश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आईटीआई प्रशिक्षित पंप आपरेटर कल्याण संघ पैरा पंप चालक व पैरा फिटर वर्गों के नियमितिकरण की अधिसूचना जारी करवाने पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व हिमाचल प्रदेश सरकार तथा विभागाध्यक्ष जल शक्ति विभाग का संघ ने आभार व्यक्त किया है तथा आशा जताई है कि पंप चालक वर्ग की पदोन्नति के लिए फोरमैन वर्ग के पद अनुभाग स्तर पर सृजित करवाने की अधिसूचना भी मंत्री के आशीर्वाद से जल्द ही जारी होगी। राज्य संगठन के प्रधान मनजीत सिंह व महासचिव भादर सिंह मुख्य सलाहकार राजीव पाठक और वरिष्ठ उपप्रधान जगदीप डोगरा, जिला ऊना के प्रधान राजकुमार समेत सभी ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा 7 फरवरी को जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त अधिवेशन करवाने पर बहुत-बहुत धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री द्वारा तमाम मांगों को चरणबद्ध ढंग से निपटारा किया जा रहा है । बैठक के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं ।

## मिनर्वा माइंड गार्डन में ग्रैंड पेरेंट्स डे की धूम, बच्चों ने गीतों से बांधा समां

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** मिनर्वा माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स-डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर पंडाल हंसी, तालियों और बच्चों की मधुर प्रस्तुतियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल और स्कूल को-ऑर्डिनेटर अनु चंदेल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिनर्वा माइंड गार्डन कॉर्डिनेटर आरती चंदेल ने की। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि पूरा आयोजन बच्चों के दृष्टिकोण से तैयार किया गया था। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने मंच पर आकर मेरे दादा-दादी सबसे प्यारे, नानी तेरी मोरनी जैसे गीत प्रस्तुत किए। नन्हीं आवाजों में गूंजते इन गीतों ने सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी। कई बच्चे अपने ग्रैंड पेरेंट्स का हाथ पकड़कर मंच तक लाए, जिससे भावनात्मक माहौल बन गया। ग्रैंड पेरेंट्स के लिए आयोजित फैशन शो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। स्टेज 1 से निवान के नाना-नानी और स्टेज 2 से रयांश के दादा-दादी विजेता घोषित किए गए। इसके अतिरिक्त ग्रैंड फादर्स के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में निवान के नाना विजेता रहे, जबकि ग्रैंड मदर्स म्यूजिकल चेयर में काविश की दादी ने बाजी मारी। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों की उत्साहवर्धक तालियों ने वातावरण को और भी खास बना दिया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी हमारे बच्चों के जीवन की जड़ों के समान हैं। वे संस्कार, अनुभव और जीवन मूल्यों के स्रोत हैं। आज के डिजिटल युग में जहां समय की कमी है, वहां दादा-दादी का सान्निध्य बच्चों को भावनात्मक मजबूती देता है। कार्यक्रम के अंत में अनु चंदेल और आरती चंदेल ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**आयोजन** धूमधाम से मनाया गया 13वां मूर्ति स्थापना जयंती उत्सव, झंडा पूजन की रस्म की अदा

## श्री लक्ष्मेश्वर शिव महादेव मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान

**ऊना।** चंद्रलोक कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मेश्वर शिव महादेव मंदिर में 13वें मूर्ति स्थापना जयंती उत्सव के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

विधिवत हवन-यज्ञ, मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच झंडा पूजन की रस्म अदा की गई, जिसके बाद देशी घी का हलवा वितरित किया गया। इसके साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को पारंपरिक कांगड़ी धाम का प्रसाद वितरित किया गया। संत प्रवचनों व भजनों से भक्त हुए भाव-विभोर विशाल भंडारे के दौरान राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया और धर्म, सेवा तथा मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय धार्मिक गायिका रेंसी शेरगिल और भजन गायक राजन ने भगवान शिव के भजनों का सुमधुर गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। इसके अलावा नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भगवान शिव का स्वरूप धारण कर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। शिव सेवक स्वर्गीय एलडी सिंगला (सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक) की पावन स्मृति में सेहत एवं आयुर्वेद विभाग के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में आयुर्वेदिक व एलोपैथिक चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। चिकित्सा शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया। इस अवसर पर एपीएमसी अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उद्योग विकास निगम के उपाध्यक्ष अनुराग, कांग्रेस नेत्री प्रोमिला, हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, विधायक सतपाल रायजादा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने हवन-यज्ञ में भाग लेकर विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ विजय डोगरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन में पूर्व अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत सीएल कोछड़, मंडी गोबिंदगढ़ के एमसी चेयरमैन जगमीत सहोता, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. किरण, सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा, एमएस डॉ. संजय मनकोटिया, एएसपी संजीव भाटिया, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रबंधक, चिकित्सक, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज व अन्य। अनंत ज्ञान

इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय स्थित सरकारी एवं गैर-सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, स्कूल, कॉलेज और आईटीआई के स्टाफ तथा विभिन्न बैंकों और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उपमुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने भेजीं शुभकामनाएं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू, विधायक यादविंद्र गौमा, सतपाल सती, राकेश कालिया, चौधरी रामकुमार, हरदीप बावा तथा पूर्व विधायक बंबर सहित अन्य नेताओं ने मंदिर कमेटी के प्रबंधक विवेक अग्रवाल को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## मनरेगा में किए गए बदलावों के विरोध में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आक्रोश, प्रदर्शन


मनरेगा में किए गए बदलावों का विरोध करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भराड़ी।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस भराड़ी में मनरेगा योजना में किए गए बदलावों के विरोध में ग्रामीणों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण नागरिक शामिल हुए।

मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योजना में किए गए संशोधन मजदूरों व ग्रामीण परिवारों के अधिकारों को कमजोर करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना 2005 में ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिन रोजगार देने के लिए शुरू की गई थी व इसके माध्यम से सड़क, नाली, जल संरक्षण, तालाब निर्माण जैसे विकास कार्य संपन्न हुए हैं। धर्माणी ने चेतावनी दी कि योजना को कमजोर करने से ग्रामीणों की आजीविका प्रभावित होगी और पलायन की समस्या बढ़ सकती है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने मांग की कि मनरेगा योजना को उसके मूल स्वरूप में ही लागू रखा जाए व मजदूरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी किरण दत्ता ने कहा कि गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक किया जाएगा और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंजना धीमान, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल, राजेश ठाकुर, दिनेश शर्मा, नीलम ठाकुर, मनोहर लाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और सभी ने योजना में किसी भी प्रकार के अनुचित संशोधन के खिलाफ संकल्प व्यक्त किया।

# नशे पर पुलिस का शिकंजा, तीन मामलों में 53.58 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुल्लू पुलिस ने जिला कुल्लू में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में कुल 53.58 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की है।

पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 व 29 के तहत मामले दर्ज किए हैं। थाना भुंतर में दर्ज एफआईआर नंबर 29/26 दिनांक 18.02.2026 के तहत पुलिस ने 11 ग्राम चिट्टा बरामद कर एक वाहन को भी कब्जे में लिया। इस मामले में राजेश कुमार (33) पुत्र रवि कुमार निवासी वीपीओ मोहल, तहसील भुंतर तथा आशीष (40) पुत्र ध्यान चंद निवासी वार्ड नंबर 9, डाकघर ढालपुर, कुल्लू को गिरफ्तार किया गया। वहीं, थाना ब्रो में एफआईआर नंबर 06/26 दिनांक 18.02.2026 के तहत 2.58 ग्राम चिट्टा (22 फॉयल पेपर में) बरामद किया गया। इस मामले में कैलाश चंद (26) पुत्र हरि सिंह निवासी गांव धरमोट, डाकघर खरगा, तहसील निरमंड जिला कुल्लू, सुशांत नेगी (25) पुत्र परवीन कुमार निवासी गांव पुनंग, डाकघर एवं तहसील टापरी जिला किन्नौर तथा नावांग सोनम (33) पुत्र नामदुल सोनम निवासी वीपीओ रिकांगपिओ, तहसील कल्पा जिला किन्नौर को गिरफ्तार किया गया।



इसके अतिरिक्त थाना भुंतर क्षेत्र में बड़ा बूहिन के समीप विमला देवी के मकान में दबिश के दौरान 40 ग्राम चिट्टा, 4500 रुपए नकद, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू व लाइटर बरामद किया गया।

इस मामले में अर्जन मसीह (21) पुत्र काला मसीह निवासी वार्ड नंबर 1, फॉरेस्ट चौक, गांव शमशी, डाकघर शामशी, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भुंतर व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सहायक अभियंता ई. अमन कुमार हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड, बिजली उपमंडल भुंतर द्वारा सूचित किया गया है कि आवश्यक रखरखाव और तकनीकी सुधार कार्यों के कारण आगामी 20 से 24 फरवरी के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 20 व 21 फरवरी को 11 केवी दियार फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बगीचा, दियार, कहुधार, त्रैहन, भाटग्रां, बाहमीनाला जरड़, कलहैली, लॉअर कलहैली, कमांद, लॉअर बजौरा, लॉअर हाट व आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 22 फरवरी को भुंतर बाजार, एयरपोर्ट, खोखन चौक, तहसील, सैनिक चौक, पारला भुंतर, हाथिथान, गड़सा रोड, जिया, छिरौढ नाला, नरोगी, शाट, बड़ा भुईन, छन्नीकोड, जलूग्रां, औद्योगिक क्षेत्र शमशी, जिया, मौहल चौक, अंगोरा फार्म इंडियन ऑयल, सब्जी मंडी, संध्या पेलेस, नाग मंदिर का सारा ईलाका में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 24 फरवरी को कलहैली फीडर के तहत शाढ़ाबाई, कलैहली, बजौरा, रेरी, बजौरा हाट, मशगां, लोअर बजौरा शाड़ीनाला आदि में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। बिजली बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित तिथियों पर मौसम खराब रहता है या बारिश होती है, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

# डॉ. बलवंत रॉय मेहता पंचायतीराज विचारधारा के युगपुरुष : सत्य प्रकाश

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य पंचायत परिषद् के बैनर तले वीरवार को सत्य-प्रेम भवन भुट्टि कालोनी में पंचायतीराज व्यवस्था में विकेंद्रीकरण लाने वाले राजनितिज्ञ और अखिल भारतीय पंचायत परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. बलवंत रॉय मेहता की 127वीं जयंती के साथ मनाई गई।



इसमें अखिल भारतीय पंचायत परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री ठाकुर सत्य प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस समारोह में सर्व प्रथम डॉ. बलवंत रॉय मेहता के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का सभी उपस्थित महानुभावों ने संकल्प लिया। इसके पश्चात महासचिव किशन ठाकुर ने पंचायत राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए सरकार से विशेष आग्रह किया। गुलज़ार मुहम्मद भारती ने अपने सम्बोधन में संवैधानिक अधिकार और जन भावनाओं को पंचायती राज व्यवस्था के साथ जोड़ने का सुझाव दिया। पूर्व मंत्री एवं अखिल भारतीय पंचायत परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष ठाकुर सत्य प्रकाश ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंचायतों का मूल कार्य केवल क्षेत्र विकास नहीं है अपितु इसमें वे सभी पहलू शामिल हैं, जिनका सीधा संबध जनमानस के संपूर्ण विकास के साथ जुड़ा हुआ है। इसमें सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व बौद्धिक विषय प्रमुख हैं। उन्होंने डॉक्टर वलवंत रॉय मेहता को पंचायती राज विचार धारा का युगपुरुष करार देते हुए कहा कि वे अपने आप में पंचायत समिति व्यवस्था और उसके विकेंद्रीकरण के लिए समर्पित एक अनूठे व्यक्तित्व थे। पंचायतीराज के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ एसकेडे, डॉ. लाल सिंह त्यागी, पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने के लिए पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी के निर्णयो को देश आज भी याद करता है। सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुख्खू पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए गंभीर और संवेदनशील है जिसे संवैधानिक रूप में और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है जिसके फलस्वरुप ही हम डॉ. वलवंत राय मेहता के सपनों को साकार कर सकते हैं।

## जिला कुल्लू भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के द्वारा अब अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है, ऐसे में अब जिला कुल्लू भाजपा के विभिन्न मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिला कुल्लू भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरीश गौतम ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के बाद अभी सभी मंडलों में नई अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है और यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जिला कुल्लू भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हरीश गौतम ने बताया कि मनाली भाजपा मंडल से मान चंद, नग्गर भाजपा मंडल से चूड़ामणि, कुल्लू भाजपा मंडल से देव राज, भुंतर भाजपा मंडल से आशु व पार्वती भाजपा मंडल से ओम प्रकाश की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा बंजार भाजपा मंडल से विनीत कुमार, सैंज भाजपा मंडल से कुंदन कारदार, मंगलौर भाजपा मंडल से हीरा लाल, बंजार भाजपा मंडल से ओमप्रकाश, आनी भाजपा मंडल से राजेश, दलाश भाजपा मंडल से मोहर सिंह व निरमंड भाजपा मंडल से हीरा लाल राणा की नियुक्ति की गई है। हरीश गौतम ने बताया कि अब सभी मंडलों के अध्यक्ष जल्द अपनी कार्यकारिणी काफी विस्तार करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जेबीटीडीए की वार्षिक आम बैठक 7 मार्च को

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन (जेबीटीडीए) कार्यकारिणी बैठक 18 फरवरी 2026 को गूगल मीट के माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त कैप्टन किशन चौहान ने की। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक व विकास से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा संगठन को व मजबूत बनाने पर विचार साझा किए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जेबीटीडीए की वार्षिक आम बैठक 7 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर वर्तमान कार्यकारिणी का दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव भी कराए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष व लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से संगठन के फाउंडर मेंबर जगदीश ठाकुर और संदीप कुमार को चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों को चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य करने का दायित्व दिया गया है।कार्यकारिणी ने दोहराया कि जेबीटीडीए क्षेत्र में सतत पर्यटन विकास, स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा पारदर्शी संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन की प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### राजस्व मामलों का जल्द निस्तारण सुनिश्चित करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जिला राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने पार्टीशन, म्यूटेशन, डिमार्केशन तथा करेक्शन ऑफ रेवेन्यू एंट्रीज से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। उन्होंने गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा से संबंधित राहत मामलों की समीक्षा करते हुए पटवारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित राहत प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं। साथ ही, राहत से जुड़े सभी नए मामले केवल ऑनलाइन माध्यम से ही दर्ज व निपटाए जाएं, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही बनी रहे। डीसी ने आरएमएस पोर्टल के आंकड़ों का न्यायालयीन मामलों के डाटा के साथ मिलान (मैचिंग) सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे रिकॉर्ड में किसी प्रकार की विसंगति न रहे। बैठक में रिकॉर्ड ऑफ राइट्स के साथ आधार सीडिंग की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक प्राप्त मानचित्रों (मैप्स) की ग्राउंड ट्रुथिंग कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उन्हें डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड को प्रेषित करने के भी निर्देश दिए गए।

### केसीसी बैंक ने योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा सिस्सू ने वीरवार को नाबार्ड के सौजन्य से नर्सरी परिसर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ने उपस्थित लोगों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना तथा अटल पेंशन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ढाबा और रेस्टोरेंट जैसे व्यवसायों के लिए उपलब्ध ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। शाखा प्रबंधक ने साइबर क्राइम और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

# संदीप ने स्मार्ट क्लासरूम व सुविधाओं का किया अवलोकन

## कहा-पीएम श्री योजना का उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार करना

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** खान मंत्रालय (भारत सरकार) में संयुक्त सचिव संदीप कदम ने वीरवार को पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों का दौरा एवं निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) कुल्लू, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुट्टी कुल्लू का निरीक्षण किया।




मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए एडीएम कुल्लू। अनंत ज्ञान

निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने विद्यालयों में संचालित पीएम श्री योजना के अंतर्गत किए जा रहे शैक्षणिक व आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं, स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय व अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया तथा शिक्षकों से शिक्षण पद्धति, नवाचारों व योजना के प्रभाव पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएम श्री योजना के तहत विद्यालय में आए बदलावों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। संयुक्त सचिव संदीप कदम ने कहा कि पीएम श्री योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी व आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

उन्होंने विद्यालय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए। दौरे के दौरान जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने जिला जिला के अधिकारियों तथा प्रिंसिपल एवं सेंटर हेड- टीचर्स के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बहुउद्देशीय भवन के बैठक कक्ष में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने पीएम श्री-विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रदान करने के उद्देश्य से सभी पीएम श्री- विद्यालयों में आवश्यक सुविधाओं, तथा अधोसंरचना का सृजन करना पीएम श्री योजना का उद्देश्य है ताकि अधिक से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने सभी से पीएम श्री- विद्यालय बनने से आए गुणात्मक बदलावों के बारे में भी फीडबैक ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा के लिए सामुदायिक भागीदारी तथा युवाओं को इसमें जोड़ने का भी सहयोग लेने का सुझाव दिया। प्रिंसिपल डाइट डॉ. सुरेंद्र शर्मा तथा समन्वयक डाइट कुलदीप शर्मा ने प्रस्तुति देते हुए बैठक में जानकारी दी कि जिला में कुल 15 पीएम श्री-विद्यालय हैं, जिनमें 10 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं। अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार ने संयुक्त सचिव का स्वागत किया।बैठक में एसडीएम निशांत ठाकुर, सहायक आयुक्त डॉ. जयवंती ठाकुर, उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा देशराज डोगरा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा डॉ. सुनील कुमार पीएम श्री- विद्यालयों के प्रिंसिपल तथा सेंटर हेड टीचर उपस्थित रहे।

# स्नोर वैली स्कूल ने रचा इतिहास एआई वाला पहला स्कूल बना

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बजौरा स्थित सनौर वैली पब्लिक स्कूल को डिजिटल क्षेत्र की अग्रणी कंपनी जिओ ने आधिकारिक रूप से क्षेत्र का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) लिए तैयार विद्यालय घोषित किया है।



यह उपलब्धि विद्यालय का दूरदर्शी सोच का परिणाम है जिसमें पारंपरिक शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ आधुनिक तकनीक को जोड़ा गया है। स्कूल ने विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीक आधारित दुनिया के लिए तैयार करने के लिए अपने पाठ्यक्रम व आधारभूत ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं शिक्षण पद्धति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों व डिजिटल दक्षता को शामिल कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि विद्यार्थी केवल तकनीक के उपभोक्ता न रहे, बल्कि नवाचार करने वाले सृजन कर्ता बने। प्रमुख उपलब्धियां उन्नत पाठ्यक्रम विद्यालय ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े उन्नत अध्ययन मॉड्यूल को पाठ्यक्रम में शामिल किया है, जिससे विद्यार्थी कम आयु में ही मशीन लर्निंग कोडिंग और डाटा विज्ञान जैसे विषयों की समझ विकसित कर सकें जिओ द्वारा मिली यह पहचान विद्यालय के मजबूत डिजिटल ढांचे और शैक्षिक तकनीक के उच्च मानकों की पुष्टि करता है।

# कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में विभिन्न पदों पर 40 अभ्यर्थियों का चयन




कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर की ओर से विभिन्न विषयों के पदों के लिए साक्षात्कार लेते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के माध्यम से कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर द्वारा विभिन्न विषयों के पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, इतिहास, भूगोल आदि विषयों के लिए कुल 160 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

चयन प्रक्रिया विद्यालय प्रबंधन एवं चयन समिति की देखरेख में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। साक्षात्कार के उपरांत कुल 40 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित उम्मीदवारों को विद्यालय प्रशासन द्वारा नियमानुसार सूचित किया जाएगा।

जिला रोजगार कार्यालय, कुल्लू ने इस आयोजन को युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक सुरेश कुमार ने जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का तहेदिल से धन्यवाद किया और इसकी सराहना करते हुए इस तरह के आयोजन द्वारा बेरोजगारों के लिए एक अच्छा मौका प्रदान किया।

## परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** 2009 में स्थापित परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो ने अपना स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया। यह अवसर विद्यालय की निरंतर प्रगति, शैक्षणिक उत्कृष्टता प संस्कारयुक्त शिक्षा की परंपरा को स्मरण करने का विशेष दिन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन को स्कूल के प्रबंधक महोदय कमल ठाकुर और स्कूल की प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर के हाथों से हुआ एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रोमिला ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में वर्ष 2009 से अब तक की विद्यालय की उपलब्धियों, विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलताओं तथा भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें समूह नृत्य, समूह गीत, नाटक एवं कविताएं शामिल थीं। मेधावी विद्यार्थियों एवं समर्पित शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ। स्थापना दिवस समारोह ने विद्यालय की उत्कृष्ट परंपराओं एवं उज्ज्वल भविष्य के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया।

# जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों/वार्डों का पुन: परिसीमन अधिसूचित

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पंचायतराज (निर्वाचन) अधिनियम, 1994 तथा संबंधित नियमों के अंतर्गत जिला परिषद कुल्लू के निर्वाचन क्षेत्रों/वार्डों का पुनः परिसीमन अधिसूचित कर दिया गया है। डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियमों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सर्वसाधारण की सूचना के लिए जिला परिषद कुल्लू के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के वार्डों की सीमाओं को निम्नानुसार अधिसूचित किया है।

- जनता को आपत्तियां/सुझाव प्रस्तुत करने की सात दिन की अवधि

अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर यदि किसी को परिसीमन संबंधी कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो वह निर्धारित अवधि के भीतर उपायुक्त कुल्लू के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा। जिला परिषद वार्ड-1 : वशिष्ठ पलचान, बुरुआ, वशिष्ठ, चचोगा, प्रीणी, जगतसुख, गोजरा, करजा, सोयल, हलाण-1, सरसेई, नगर, रूमसु। जिला परिषद वार्ड-2 : लरा केलो, नथान, लरा केलो, जाणा, अरछण्डी, कराड़सू, राउगी, सोयल-2, काईस, गाहर, नेउली, चतानी, ग्राहण, पुईद, बंदल, चौकी डोभी, सेउगी, चनसारी तलोगी। जिला परिषद वार्ड-3 : बरशैनी, जिया, भरैंण, दनोगी, पीणी, तलपिणी, छलाल, जरी, पुंथल, बराधा, जां, शॉर्ट चौग, जलूग्रां, रतोचा, मलाणा। जिला परिषद वार्ड-4 : ज्येष्ठा छेवर, शिलीहार, दियार, पारली, ज्येष्ठा, मंझली, भलाण-1, गड़सा, हुरला, रोट, दलासणी, सचाणी, देवगढ़गोही, भलाण-2, तलाड़ा, रैला, रैला-2। जिला परिषद वार्ड-5 : धाउगी: रैला-2, गाड़ापारली, शांघड, शैंशर, देउरीधार, बनोगी, सुचेहण, धाउगी, दुशाहरड़, कनौंन, लारजी, गोपालपुर, चनौन, देउठा, पलाहच, जमद, कलवारी, श्रीकोट। जिला परिषद वार्ड-6 : चायल: देहरा, नीथर, लोट, दुराह, चायल, बागा सराहन, डीम, अरसू, बडीधार। जिला परिषद वार्ड-7 : बाड़ी: निशानी, तवार, भालसी, शिशवी, गडेझ, बाहवा, बखन, सरघा, कुशवा, तुनन, जगातखाना। जिला परिषद वार्ड-8 : बखनाओ: पलेही, कुठेह, व्यूगल, डींगीधार, दलाश, बैहना, तलुणा, आनी, नम्होग, जाबन, बखनाओ, चवाई, शिल्ही, देउठी, बुच्छेर, लफाली। जिला परिषद वार्ड-9 : लझेरी: कोहिला, कमांद, खणी, बटाला, लझेरी, खनाग, कोटासेरी, टकरासी, करशैईगाड, फनोटी, लगौटी, रोपा, मुण्डदल, कराणा, कराणा-1, कुंगश, विनण। जिला परिषद वार्ड-10 : कोठीचैहनी: सराज, टील, मोहनी, खावल, नौहांडा, पैखड़ी, तुग, शिल्ली, शरची। जिला परिषद वार्ड-11 : जरड़मुठी कॉलोनी: न्यूल, हाट, बजौरा, कलैहली, मंशगा, खोखन, परगाणू, भूईण, तेगूबेहड, शमशी, जरड़मुठी कॉलोनी। जिला परिषद वार्ड-12 : मौहल: मौहल, भुलंग, शिलीराजगिरी, खड़ीहार, बाराहार, बल्ह, बल्ह-2, पीज, भल्याणी, चौपाडसा, मानगढ़, माशना। जिला परिषद वार्ड-13 : डुगीलग: डुखरीगाहर, फलाण, मझाट, डुगीलग, न्यूल, हाट, बस्तोरी, बंद्रोल, जिन्दौड, बैंची, रायसन, शिरढ़, देवगढ़, मंडलगढ़, सलिगचा, हुरग। जिला परिषद वार्ड-14 : नसोगी: पिछलीहार, दुआडा, कटराई, हलाण-2, बड़ाग्रां, रियाडा, पनगा, ब्राण, शलीन, नसोगी, मनाली, शनाग।

**योजना** अभियान के अंतर्गत जिले की 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी 182 पात्र किशोरियों का होगा टीकाकरण

# जिले में मार्च व अप्रैल माह में चलेगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

अनंत ज्ञान

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की डीसी किरण भड़ाना की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय में जिला टास्क फोर्स (इम्यूनाइजेशन) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी मार्च व अप्रैल माह में जिले में चलाए जाने वाले ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई। इस मौके पर डीसी किरण भड़ाना ने कहा कि जिले में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी व 15 वर्ष से कम आयु की 182 किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। अभियान की अवधि के दौरान आयु सीमा में 15 वर्ष व अतिरिक्त 90 दिनों तक की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिले व प्रदेश के बाहर से आने वाली किशोरियों को भी इस टीकाकरण अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के हवाले से बताया कि गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) का कैंसर महिलाओं में गंभीर स्वास्थ्य समस्या है और इसका प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण है।



डीसी अधिकारियों से चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

एचपीवी प्रजनन तंत्र का सबसे सामान्य वायरल संक्रमण है। अधिकांश संक्रमण बिना लक्षण के स्वयं समाप्त हो जाते हैं, लेकिन लंबे समय तक रहने वाला संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है। एचपीवी वायरस के 200 से अधिक प्रकार हैं, जिनमें 17 प्रकार कैंसर उत्पन्न करने वाले हैं। एचपीवी-16 व एचपीवी-18 विश्व स्तर पर लगभग 77 प्रतिशत तथा भारत में लगभग 83 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने के लिए मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीका शुरू किया जा रहा है। एचपीवी टीका मुख्य रूप से उच्च जोखिम वाले प्रकारों विशेषकर टाइप 16 व 18 से होने वाले कैंसर की रोकथाम करता है, जो भारत में लगभग 83 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण एवं स्क्रीनिंग से इस कैंसर के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है। इस टीकाकरण अभियान के दौरान एएनएम व एलएचवी नर्स वैक्सीनेटर, आशा व आंगनवाड़ी वर्कर लिंक मोबिलाइजर, स्वास्थ्य संस्थान स्टाफ वेरिफायर तथा महिला आरोग्य समिति, जन आरोग्य समिति तथा स्वास्थ्य कर्मी स्वयंसेवक के रूप में शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि एचपीवी टीका जिला में केवल कोल्ड-चेन युक्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ही लगाया जाएगा। युविन पोर्टल पर एचपीवी टीकाकरण के लिए बालिका का पंजीकरण दो तरीके से किया जा सकता है। इसमें पहला सिटीजन पोर्टल के माध्यम से स्व-पंजीकरण के तहत माता-पिता या अभिभावक युविन पोर्टल पर लॉगइन करके पंजीकरण करा सकते हैं, जबकि दूसरे तरीके से यदि पहले पंजीकरण नहीं हुआ है, तो ऑनसाइट पंजीकरण के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा सहमति विवरण का उपयोग करते हुए बालिका का पंजीकरण सीधे टीकाकरण स्थल पर भी किया जा सकता है।

## फल विविधीकरण व एफएलडी पर जोर

**केलांग।** लाहौल-स्पीति में एकीकृत बागवानी मिशन की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन डीसी किरण भड़ाना की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में डीसी ने बताया कि जिले में कुल 1225 हेक्टेयर भूमि पर बागवानी की जा रही है, जिसमें 90 प्रतिशत क्षेत्र में केवल सेब की पैदावार हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को अन्य फलदार पौधों के उत्पादन की दिशा में सार्थक कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि बागवान सेब के साथ-साथ अन्य फलों की भी पैदावार कर सकें। बैठक में विभाग ने बताया कि इस बार सेब के साथ-साथ पलक, नाशपाती, अखरोट, जापानी फल और चेरी के 7200 पौधे जिले के 150 किसानों व बागवानों को वितरित किए गए हैं। बलू बैरी का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन स्थल (एफएलडी) तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को नई तकनीकों की प्रभावशीलता दिखाई जा सके और पैदावार बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जागरूक किया जा सके। गौंधला में एफएलडी स्थल के लिए बागवान का चयन किया गया है और इसके लिए लगभग 9 लाख 37 हजार रुपए व्यय किए जाएंगे। बैठक में नए बगीचों, पालीहाउस, कोल्ड रूम, एफएलडी और एक्सपोजर विजिट सहित अन्य बागवानी कार्यों के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए के प्रपोजल को उपायुक्त द्वारा अनुमोदित कर राज्य स्तर स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा।

## 3372 बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की खुराक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि जिले में 23 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया जाएगा। इस अभियान की सफल तैयारी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपायुक्त ने बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अभियान के तहत जिले के 123 आंगनबाड़ी केंद्रों और 220 विद्यालयों में कुल 3372 बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 580 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक और 6 से 18 वर्ष के 2792 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी। डीसी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित दिन केंद्र या विद्यालय में अवश्य भेजें। यदि कोई बच्चा छूट जाता है, तो 28 फरवरी को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पारस एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण व महिलाओं को डिजिटल भुगतान सुरक्षित बैंकिंग के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान



**सैंज।** डाक विभाग ने वीरवार को वित्तीय समावेशन व डिजिटल बैंकिंग जागरूकता शिविरों के माध्यम से रैला पंचायत के ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता, आधार-आधारित ई-केवाईसी व सुरक्षित डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए शिविर का आयोजन किया है।

शिविर में इंडिया पोस्ट पेमेंट कुल्लू ब्रांच मैनेजर राम प्रकसह ने उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र सरकार की इंडिया पोस्ट पेमेंट बैक के माध्यम से दिए जा रही बैंकिंग सेवाओं (खाता, बीमा, ऋण) का प्रसार और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और कमजोर वर्गों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। जागरूकता शिविर की गतिविधियां। डिजिटल साक्षरता: मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और सुरक्षित डिजिटल भुगतान के तरीके सिखाना है। वित्तीय साक्षरता बीमा, पेंशन व बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी उपस्थित लोगों को दी है। डाक विभाग अब लोगों को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से आधार आधारित, नकद रहित और पेपरलेस बैंकिंग का उपयोग कर नकद जमा/निकासी, बैलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकते है। फिंगर प्रिंट सत्यापन के उपयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग आसान हो गई है, जिससे बचत की आदत विकसित हो रही है। उन्होंने कहा है कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक पूर्ण बीमा और पेंशन कवरेज प्राप्त करना है। वहीं, दक्षिण उपमंडल कुल्लू के डाक पर्यवेक्षक सुनील सिंह ने लोगो डाक विभाग में अपने ज्यादा से ज्यादा निवेश करने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वर्तमान समय मे लोग जूठे लोगो ओर कम्पनियों में अपनी पूजी का निवेश कर रहे हैं और बाद में पछताते हैं। उन्होंने लोगो से सुकन्या समृद्धि,आवर्ती जमा,बचत योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक जीवन बीमा, किसान विकास पत्र, नेशनल सेविंग सर्टिफकेट से जुड़ने का आग्रह किया है।

# सोलन-सुबाथू रोड की जर्जर हालत से शहरवासियों में पनप रहा आक्रोश

## राजनीतिक बयानबाजी के बीच जनता परेशान, कर्नल धनीराम शांडिल ने दिए मरम्मत के निर्देश

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन-सुबाथू रोड की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। वहीं चुनावी मौसम की आहट के चलते कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। इसी बीच स्थानीय विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने सड़क का मुआयना किया और संबंधित विभाग को तत्काल मरम्मत के निर्देश जारी किए। हालांकि, भाजपा ने 23 फरवरी को सड़क की दयनीय स्थिति के खिलाफ धरना-प्रदर्शन का एलान कर दिया है। चुनावी माहौल में दोनों पार्टियां जनता का ध्यान आकर्षित करने में जुटी है, लेकिन पिछले कई वर्षों से सड़क की खस्ताहाल पर किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। पंचायत प्रतिनिधियों की भी सुनवाई नहीं हुई। यह सड़क जिला मुख्यालय सोलन से शुरू होकर कसौली, दून और अर्की विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ती हुई 14 जीटीसी सुबाथू को भी जिला मुख्यालय को जोड़ती है। सोलन के दोहरी दीवार से शुरू होकर सड़क कायलर, बेरटी, कोठी, देवठी समेत दर्जनों पंचायतों की जीवन रेखा है। पर विभाग और सरकार की उपेक्षा से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

बता दें कि कुछ समय पहले चौड़ीकरण और मेटलिंग का काम हुआ, लेकिन बंद नालियों से सड़क पर बहते पानी ने सड़क की टारिंग को उखाड़ दिया। दिन-रात बसों, ट्रकों और अन्य वाहनों की आवाजाही के बावजूद रखरखाव न होने से स्थिति और खराब हो गई।

अनंत ज्ञान मुद्दा



सोलन-सुबाथू सड़क की खस्ता हालत का मुआयना करने पहुंचे मंत्री कर्नल शांडिल। अनंत ज्ञान

### यात्री और किसान सबसे ज्यादा प्रभावित

**सड़क** की जर्जर हालत से यात्री हिचकोले खाते हुए गंतव्य तक पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सड़क से जुड़े किसानों को हो रहा है। नकदी फसलें जैसे सब्जियां मंडी पहुंचाने में भारी परेशानी झेल रहे हैं। दिन भर धूल का गुबार उठने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। पीडब्ल्यूडी और सरकार की लापरवाही से लोगों में खासी नाराजगी है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक दल

**कांग्रेस** और भाजपा के बीच सड़क को लेकर तीखी बयानबाजी हो रही है। भाजपा ने धरना का एलान कर सरकार पर निशाना साधा है, जबकि कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सत्ता में रहते हुए भी इसकी अनदेखी करती रही। हैरानी की बात कि चुनावी बेला से पहले किसी ने इस महत्वपूर्ण सड़क पर ध्यान नहीं दिया।

### मंत्री ने लिया संज्ञान मौके पर जाने हालात

**स्थानीय** विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने सड़क का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा पिछले तीन वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं से सड़कों की हालत खराब हुई है, जिसमें सोलन-सुबाथू रोड भी शामिल है। नियमित मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने सड़क को पक्का करने के लिए 23.5 करोड़ की डीपीआर तैयार की है।

# केंद्र से मेडिकल कॉलेज नाहन को मिली धनराशि कहां गई : बिंदल

## कॉलेज का निर्माण कार्य पिछले तीन साल से बंद

अनंत ज्ञान



पत्रकार वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि वह दो गंभीर विषयों पर जनता का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत सरकारी रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि चंबा, हमीरपुर, टांडा मेडिकल कॉलेज, चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और आईजीएमसी को अलग-अलग आर्थिक सहायता मिली, जबकि नाहन मेडिकल कॉलेज पूरी तरह शून्य पर है। उन्होंने कहा कि नाहन मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पिछले सवा तीन वर्षों से बंद पड़ा है। पूरा धन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने दिया, लेकिन आज तक उसका हिसाब नहीं दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि 11 मंजिला बिल्डिंग और 500 बेड अस्पताल अभी तक शुरू क्यों नहीं हुआ। 50 बेड माता-शिशु अस्पताल का काम तीन साल बाद भी क्यों अटका है। नर्सिंग कॉलेज की स्वीकृत राशि कहां गई।

डॉ. बिंदल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की हालत भी चिंताजनक है। टेस्ट महंगे, पर्ची शुल्क लागू, दवाइयों की कमी, डॉक्टरों की कमी, तीन पीएचसी और एक सीएचसी बंद, हिमकेयर योजना ठप और आयुष्मान कार्ड तक अटेंड करने वाला नहीं। यह सिरमौर और नाहन की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कहने पर बुलाई गई बैठक में भाजपा पूरी गंभीरता से पहुंची और लगभग दो घंटे चर्चा सुनी। वित्त सचिव द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट भी सुनी। लेकिन जब भाजपा ने उसी सरकारी रिपोर्ट के तथ्य रखने शुरू किए तो बीच-बीच में टोका-टोकी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने पूरा दोष केंद्र सरकार पर डालने का प्रयास किया और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया, जिसका भाजपा ने विरोध दर्ज कराया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि सवा तीन साल में लगभग 27000 करोड़ रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट और अन्य मदों में हजारों करोड़ मिलने के बावजूद संस्थान बंद, विकास ठप और जनता परेशान, आखिर पैसा गया कहां? उन्होंने कहा कि इसी मुद्दे पर विरोध दर्ज कर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से वॉकआउट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 20 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 20 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अधिशाषी अभियंता सोलन विपुल कश्यप ने दी। विपुल कश्यप ने कहा कि 20 फरवरी, 2026 को प्रातः 10.30 बजे से सांय 05.00 बजे सरीता विहार, चामुंडा कॉलोनी एवं डीएवी स्कूल कथेड़ सोलन के आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### 34 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 24 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 24 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे 34 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने देते हुए कहा कि मैसर्ज जेपी मोर्टस सोलन द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव कार, सेल्स एग्जीक्यूटिव कमर्शियल कार, सेल्स ट्रेनर, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पद, मैसर्ज कॉस्मो फेराइट्स जाबली में फीडर, वेल्डर, बीटेक मैकेनिकल के 12 पद व मैसर्ज शिवालिक बायमेटल कंट्रोल्स लिमिटिड सोलन में हेल्पर, फीटर, ट्रेनी, शिफ्ट इंजीनियर के 12 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, फीटर, वेल्डर, बीटेक मकैनिकल या इलेक्ट्रिकल, एमबीए व आयु 20 से 38 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

### शिव शक्ति जावी महिला मंडल ने गांव जावी में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट के अंतर्गत शिव शक्ति जावी महिला मंडल द्वारा गांव जावी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने गांव के आसपास सफाई की तथा गांव की बावड़ी की विशेष रूप से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। महिला मंडल की प्रधान मंजू शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में उप-प्रधान प्रोमिला ठाकुर, सचिव निशा शर्मा, अमिता शर्मा, सीमा ठाकुर, कमला ठाकुर, नीलम शर्मा, बिना ठाकुर, हेमा ठाकुर, मीरा ठाकुर, कांता शर्मा, मधु गुप्ता, पूनम शर्मा, बिनता ठाकुर, रुक्मणि, कांता ठाकुर, रीता शर्मा, मीरा शुक्ला, चित्रा शुक्ला, मीरा कटवाल, जया शर्मा और लक्ष्मी देवी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला मंडल की सदस्यों ने ग्रामीणों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई में सहयोग करने की अपील भी की।

### सीबीएसई के मुद्दे पर प्रवक्ता संघ जिला सोलन की आम सभा 22 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश सरकार के सीबीएसई पैटर्न पर विशेष चर्चा के लिए प्रवक्ता संघ जिला सोलन की आम सभा 22 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुबाथू आयोजित होगी। इसकी अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष जयलाल जलपाइक करेंगे। महासचिव हेमंत शर्मा ने कहा कि बैठक में प्रदेश प्रवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय नेगी और वरिष्ठ सलाहकार चंद्रदेव ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों व त्रुटियों पर विस्तार से चर्चा होगी। महासचिव ने बताया कि सीबीएसई पैटर्न से सबसे प्रभावित होने वाला संगठन प्रवक्ता संघ है। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा। उन्होंने जिला के सभी प्रवक्ताओं व पदाधिकारियों से बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

### दाड़लाघाट क्षेत्र की रौड़ी पंचायत में राजनीतिक सरगर्मियां तेज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** आगामी पंचायत चुनावों को लेकर दाड़लाघाट क्षेत्र की रौड़ी पंचायत में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रौड़ी गांव के ग्रामीणों ने पंचायत प्रधान पद के लिए जगदीश शर्मा को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है। श्यामलाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दिनेश कुमार, मेहर सिंह, सुनील कुमार, शीला शर्मा, मीरा देवी, देवकी, सुनीता शर्मा, निर्मला देवी, लक्ष्मी, हरिराम, अनिल शर्मा, मस्तराम, देवराज, कमल, राजू शर्मा, दीपक, संतराम शर्मा एवं मनोहर लाल सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रेस को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जगदीश शर्मा लंबे समय से बिना किसी पद के क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चाहे बिजली, पानी और सड़क की समस्या हो, कंपनी से प्रभावित किसानों का मुद्दा हो या गांव में बढ़ते प्रदूषण की बात जगदीश शर्मा ने इन विषयों को सरकार और न्यायालय तक पहुंचाकर लगातार संघर्ष किया है। विशेष रूप से कंपनी से प्रभावित भूमिहीन व मकानहीन किसानों को न्याय दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही है।

### प्रयास फाउंडेशन के सहयोग से विभिन्न विद्यालयों के मेधावी शैक्षणिक भ्रमण पर

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** जिला सिरमौर के सतौन से शिक्षा में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने हेतु प्रयास फाउंडेशन के प्रयास के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थी दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर चंडीगढ़ पहुंचे। प्रयास फाउंडेशन के संयोजक दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर गए यात्रियों का पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ पहुंचने पर वाइस चांसलर व प्राध्यापकों तथा अधिकारियों की अगुवाई में फुल मालाओं से स्वागत व अभिनंदन किया गया। तदोपरांत पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में मेधावी विद्यार्थियों के साथ चाय पर चर्चा-परिचर्चा हुई। जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति (वाइस चांसलर) प्रोफेसर (डॉ.) रेनू विग, डीएसडब्ल्यूओ महिला व पुरुष के अलावा दर्जनों प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। विशेष अतिथियों में एसडीएम निशांत तोमर, डॉ. अमीचंद कमल, रमेश देसाई व अधिवक्ता गगनदीप जम्मू एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पाक की जेलों में बंद भारतीयों की रिहाई को लेकर पांवटा में हस्ताक्षर अभियान

अनंत ज्ञान

**पावंटा/ नाहन।** पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए पांवटा साहिब में युवाओं ने हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को मांग पत्र भेजा जाएगा। पांवटा साहिब में युवाओं ने पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया है।



*संदीप लोंगोवाल*

स्थानीय युवक संदीप लोंगोवाल की अगुआई में आयोजित पत्रकार वार्ता में युवाओं ने कहा कि पाकिस्तान में बंद भारतीय निर्दोष हैं और उनकी रिहाई के लिए भारत सरकार को ठोस प्रयास करने चाहिए। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से पांवटा साहिब से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एकत्रित हस्ताक्षरों और प्रार्थनापत्र को देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजकर बंद भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई की मांग की जाएगी।

स्थानीय युवाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर केंद्र सरकार का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित करने की पहल की है। बाढ़ के दौरान सीमा पार पहुंचे नागरिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में आई भीषण बाढ़ के दौरान पंजाब सीमा क्षेत्र से कई भारतीय नागरिक बहकर पाकिस्तान की सीमा में पहुंच गए थे। हालांकि वहां पहुंचे लोगों की सही संख्या स्पष्ट नहीं हो सकी है। जनवरी माह में पाकिस्तान द्वारा 7 भारतीयों को रिहा किया जा चुका है, जबकि शेष नागरिक अब भी जेलों में बंद बताए जा रहे हैं।

# आरडीजी की बहाली को लेकर शिलाई में युवा कांग्रेस की बैठक

*अनंत ज्ञान, नाहन। विधानसभा युवा कांग्रेस शिलाई की बैठक विधानसभा अध्यक्ष विपुल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में युवा कांग्रेस की आगामी कार्यों व कार्यकारिणी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा आज केंद्र सरकार ने आरडीजी बंद करके हिमाचल के लाखों लोगों अधिकारों का हनन किया है हिमाचल प्रदेश छोटा सा राज्य है जो पिछले कई वर्षों से आपदा जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन केंद्र सरकार कोई भी विशेष सहयोग करने में विफल है और हिमाचल के अधिकारों को भी छीन रही है। युवा कांग्रेस की मासिक विधानसभा बैठक में एपीएमसी के चेयमैन व पूर्व मंडल अध्यक्ष सीता राम शर्मा, पूर्व बीडीसी सदस्य रणजीत नेगी, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल चौहान, जिला सिरमौर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरुण ठाकुर, शिलाई ब्लॉक अध्यक्ष कपिल चवालटा, तरुण शर्मा, विनोद ठाकुर,किशन तोमर, अमित चौहान, अमित ठाकुर, अनिल चौहान, विक्रम चौहान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

# कुनिहार में युवाओं ने जानी चंद्रयान से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक भारत की उपलब्धियां



कुनिहार में निकाली गई जागरूकता रैली। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), शिमला द्वारा पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल, कुनिहार में 18 व 19 फरवरी को दो दिवसीय विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी एवं जन सूचना अभियान का आयोजन किया गया है। इस आकर्षक प्रदर्शनी में स्कूली विद्यार्थियों और युवाओं को चंद्रयान मिशन की सफलता से लेकर आपरेशन सिंदूर तक देश की उपलब्धियों से रू-ब-रू होने का अवसर मिला। प्रदर्शनी के जरिए लोगों को ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत और इसकी मारक क्षमता को जानने का मौका मिला।

प्रदर्शनी में हिमाचल प्रदेश की तीन रामसर साइट में शामिल रेणुका झील, चंद्रताल झील एवं पोंग डैम,बिलासपुर के एम्स, आईआईटी मंडी और हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग तक की जानकारी आकर्षक चित्रों के माध्यम से दी गई है। चित्र प्रदर्शनी में भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पहलों के बारे में भी रोचक शैली में जानकारी दी गई है। विकसित भारत चित्र प्रदर्शनी एवं जन सूचना अभियान का शुभारंभ आज मुख्य अतिथि और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार यादव ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्र सूचना कार्यालय, शिमला के सहायक निदेशक संजीव कुमार शर्मा ने की। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री यादव ने कहा कि विकसित भारत बनाने में युवा पीढ़ी और खासकर विद्यार्थियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन के जरिए विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में देश की उपलब्धियों को जानने का मंच मिलता है।

# लॉरेंस स्कूल को मिला 'स्किल भारत सम्मान 5.0' पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** लॉरेंस स्कूल सनावर के हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों को कौशल-आधारित एवं भविष्य केंद्रित शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और दूरदर्शी योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'स्किल भारत सम्मान 5.0' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुंबई स्थित जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में देशभर के शिक्षा सलाहकार, नीति-निर्माताओं एवं शिक्षा क्षेत्र के एथलीटों ने भाग लेकर कौशल विकास और शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने की बढ़ती दोहराई। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों हीथर एंडरसन, महासचिव, यूएस फेडरेशन ऑफ यूनेस्को क्लब्स एंड एसोसिएशन्स और गाइ जोकेन, अध्यक्ष, यू.एस. नेशनल कमीशन फॉर यूनेस्को क्लब्स, सेंटर्स एवं एसोसिएशन्स द्वारा प्रदान किया गया। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने इस सम्मान के अंतरराष्ट्रीय महत्व को और अधिक निर्देशांक किया। ढिल्लों के नेतृत्व में विद्यालय ने अनुभवात्मक शिक्षण, नवाचार, तकनीकी दक्षता तथा वास्तविक जीवन कौशलों को अकादमी आयामों में प्रभावी रूप से समाहित किया है। विद्यालय ने समग्र शिक्षा की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें अकादमी प्रकाशक के साथ-साथ चरित्र निर्माण, नेतृत्व विकास और वैश्विक जागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है।



'स्किल भारत सम्मान 5.0 पुरस्कार के साथ हेडमास्टर, छात्र। अनंत ज्ञान

# राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के 7 छात्रों का एनडीए के 156वें कोर्स के लिए चयन

अनंत ज्ञान

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के सात छात्रों का एनडीए के 156वें कोर्स के लिए हाल ही में हुए एसएसबी साक्षात्कार में चयन हुआ हैं। इनमें कैडेट नंबर 4148 प्रयास आर्य, 4188, हर्षित बदौरिया, 4236 हर्षित पांडे, 4475 मानवेंद्र, 4274 सात्विक वर्मा, 4277 विशाल, 4316 निखिल शामिल हैं। प्रधानाचार्य विमल कुमार गंगवाल जैन ने बताया कि एनडीए, एसएसबी के साक्षात्कार में शारीरिक क्षमता और मानसिक सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा ली जाती है। स्कूल के छात्रों ने इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे इन्होंने साबित कर दिया कि स्कूल में दी जाने वाली अनुशासन और प्रशिक्षण की शिक्षा उन्हें राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करती है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि भारतीय सशस्त्र बलों के लिए उत्कृष्ट अधिकारी तैयार करने की परंपरा को और मजबूत करती है और विद्यालय की अनुशासन, उत्कृष्टता और नेतृत्व की विरासत को बरकरार रखती है। काबिले जिक्र हैं कि इस स्कूल को देश के पहले मिल्ट्री स्कूल होने, अच्छे सैन्य अधिकारी तैयार करने का गौरव प्राप्त हैं।

**स्पर्धा** राजगढ़ महाविद्यालय द्वारा नेहरू ग्राउंड में वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन

# छात्रा वर्ग में हिमांशी और छात्र वर्ग में अक्षित को बेस्ट एथलीट से नवाजा

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ द्वारा वीरवार को नेहरू ग्राउंड में वार्षिक एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा वर्ग में हिमांशी बेस्ट एथलीट तथा छात्र वर्ग में अक्षित को बेस्ट एथलीट के रूप में नवाजा गया। इस एक दिवसीय एथलेटिक्स मीट में कॉलेज के करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । कार्यक्रम का आगाज आकर्षक मार्च पास्ट से हुआ जिसमें कॉलेज की एनसीसी, एनएसएस, रोवर और रेंजर्स यूनिट तथा शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोलाफेंक तथा चक्का फेंक सहित विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में अक्षित ने पहला, रितिक ने दूसरा व लक्ष्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्र वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में रितिक ने पहला, लक्ष्य ने दूसरा व जतिन कँवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह छात्रा वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में हिमांशी ने पहला, अंकिता ने दूसरा व आकांक्षा और ईशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में हिमांशी ने पहला, आकांक्षा ने दूसरा व महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार लंबी कूद प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में वरुण ने पहला, विकास ठाकुर ने दूसरा व जतिन कंवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्रा वर्ग में हिमांशी ने पहला, मीनाक्षी ने दूसरा व महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में वरुण ने पहला, विकास ठाकुर ने दूसरा व साहिल ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में अंकिता ने पहला, इशिता ने दूसरा व महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में अक्षित ने पहला, लक्ष्य ने दूसरा व आलोक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि छात्रा वर्ग में महक कंवर ने पहला, आकांक्षा ने दूसरा व आराध्या कंवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

चक्का फेंक प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में अभय ने पहला, हिमांशु ने दूसरा व अक्षित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा वर्ग में महक कंवर ने पहला, अर्चना ने दूसरा व रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन में खेल संयोजक डॉ. शशि किरण ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी अध्यापकों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।



खेलकूद मीट में अव्वल रहे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित। अनंत ज्ञान

# धर्मपुर कॉलेज में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर सोलन के धर्मपुर कॉलेज में शुरू हुआ। इस शिविर में कॉलेज के 44 स्वयंसेवक इस शिविर में भाग ले रहे हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास किया जा रहा है, साथ ही साथ आंतरिक गुणवत्ता, नशामुक्त भारत, अनुशासन, जिम्मेदार नागरिक बनना, सहनशीलता, स्वच्छता, साक्षरता व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझना आदि विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। एनएसएस के सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर का उद्घाटन कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सुनीता गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा अन्य स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे ।

# देश के कई एयरपोर्ट पर 40 मिनट तक चेक-इन सिस्टम रहा ठप

## सॉफ्टवेयर गड़बड़ी से एयरलाइंस प्रभावित, यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली समेत देशभर के कई शहरों के एयरपोर्ट में वीरवार को यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 40 मिनट तक चेक-इन सिस्टम ठप होने से कई एयरलाइन प्रभावित हुई हैं।

सूत्रों ने बताया कि यह समस्या करीब 40 मिनट से अधिक समय तक बनी रही। हालांकि एक्सपर्ट्स ने सॉफ्टवेयर की यह दिक्कत को ठीक कर लिया था, लेकिन इस दौरान हजारों यात्रियों को समस्या हुई और कई उड़ानों में देरी हुई। सूत्रों ने अनुसार, इस समस्या के कारण दिल्ली, मुंबई और अन्य हवाई अड्डों पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयर प्रभावित हुईं। सॉफ्टवेयर में खराबी के कारण 'चेक-इन सिस्टम' सुबह लगभग छह बजकर 45 मिनट से सात बजकर 28 मिनट तक बंद रहा। सूत्रों ने बताया कि समस्या का समाधान कर लिया गया है और सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि सॉफ्टवेयर की समस्या के कारण एयरलाइन को ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि एयरलाइन की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में भारतीय विमानन क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं देखी गई हैं। पिछले साल नवंबर में एयर ट्रैफिक कंट्रोल में खराबी की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुई थीं. एयरपोर्ट पर ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी आई थीद्ध ऐसे में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को फ्लाइट प्लान मैनुअल तरीके से तैयार करनी पड़ी थीं। (अनंत ज्ञान)




### लगातार दूसरे दिन सोने और चांदी के दामों में आया उछाल

# सोना 3151 रुपए और चांदी भी एक दिन में 8,432 रुपए महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सोना**-चांदी के दाम में वीरवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,151 रुपए बढ़कर होकर 1.55 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 8,432 रुपए बढ़कर 2.45 लाख पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 21,540 और चांदी 14,810 महंगी हो चुकी है।

इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। सोने-चांदी के दाम बढ़ने के 4 मुख्य कारण माने जा रहे हैं। वीरवार से गोल्ड-सिल्वर फ्यूचर्स पर एक्स्ट्रा मार्जिन हटा दिया गया है। ट्रेडिंग सस्ती होने से निवेशकों की खरीदारी बढ़ गई है। वहीं, मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान झगड़ा और रूस-यूक्रेन वार्ता फेल होने से असुरक्षा का माहौल है। लोग गोल्ड में पैसा लगा रहे हैं। अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं। दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है। पिछले दिनों दोनों मेटल्स में बड़ी गिरावट के बाद दाम आकर्षक हो गए। निवेशक और ज्वेलर्स ने सस्ते में खरीदना शुरू कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# एपस्टीन फाइल्स : अमेरिकी होटल चेन हयात के चेयरमैन थॉमस प्रित्जकर का इस्तीफा

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों का खुलासा होने के बाद दुनियाभर में इस्तीफों का दौर जारी है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी होटल चेन हयात होटल्स के कार्यकारी अध्यक्ष अरबपति थॉमस प्रित्जकर का है। वे इस पद पर 1999 से थे। अमेरिकी न्याय विभाग की फाइल से पता चला है कि 2008 से एपस्टीन और प्रित्जकर लगातार संपर्क में थे। 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था। 2015 का एक अन्य ईमेल बताता है कि एपस्टीन ने दुबई में निवेश बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम और प्रित्जकर को जोड़ने की कोशिश की थी। उसने सुलेयम और जेस स्टेली के बीच कारोबारी संबंध बढ़ाने की भी कोशिश की, जो उस समय जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी थे। थॉमस जे. प्रित्जकर, परिवार के 13 अरबपति होटल उत्तराधिकारियों में दूसरे सबसे धनी हैं। संपत्ति 6.2 अरब डॉलर है। 1999 से हयात के अध्यक्ष और 1999 से 2006 तक सीईओ रहे। एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद 10 देशों के 15 प्रोफेशनल्स, नेता और बैंकर्स इस्तीफा दे चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



# कराची में गैस ब्लास्ट से बिल्डिंग का एक हिस्सा गिरा, 13 की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



**पाकिस्तान** के कराची में वीरवार को एक अपार्टमेंट में गैस विस्फोट के बाद इमारत का एक हिस्सा गिरने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस एवं बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय पुलिस के प्रमुख रिजवान पटेल ने बताया कि विस्फोट सिंध प्रांत की राजधानी कराची के एक आवासीय इलाके में हुआ। उन्होंने बताया कि मलबे में कोई व्यक्ति फंसा है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए बचावकर्मी अब भी मलबा हटा रहे हैं। पटेल ने हालांकि विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी लेकिन कहा कि राहत एवं बचाव कार्य अब भी जारी है। पाकिस्तान के अन्य हिस्सों की तरह कराची में अधिकतर घरों और अपार्टमेंट भवनों में खाना पकाने के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जाती है। प्राकृतिक गैस के कम दबाव के कारण कई परिवार द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर पर भी निर्भर हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुलाई में एक घर में शादी के बाद हुए प्रीति भोज के दौरान गैस विस्फोट में दूल्हा-दुल्हन समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब मेहमान जोड़े का स्वागत करने के लिए जुटे थे।

# शेयर बाजार में हाहाकार : सेंसेक्स 1236 अंक टूटा, निवेशकों के 6.7 लाख रुपए करोड़ डूबे

**एजेंसी, मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार के लिए वीरवार का दिन 'ब्लैक थर्सडे' साबित हुआ। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल ने निवेशकों के भरोसे को झकझोर कर रख दिया। पिछले तीन दिनों से बाजार में जो हरियाली दिख रही थी, वह आज एक ही झटके में गायब हो गई। कारोबार की समाप्ति पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 1,236.11 अंक (1.48%) की भारी गिरावट के साथ 82,498.14 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 365 अंक (1.41%) फिसलकर 25,454.35 पर आ गया। यह पिछले दो हफ्तों में बाजार की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। इस भारी बिकवाली के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर लगभग 485.45 लाख करोड़ रुपए रह गया। इसका सीधा मतलब यह है कि महज कुछ ही घंटों के कारोबार में निवेशकों की करीब 6.7 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति डूब गई।

**ईरान-अमेरिका तनाव:** अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने के बाद सैन्य तनाव फिर से बढ़ गया है. इस भू-राजनीतिक अस्थिरता ने निवेशकों को जोखिम वाले एसेट्स (शेयरों) से दूर कर दिया है।
**कच्चे तेल की कीमतें:** वैश्विक तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेजी आई है. भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए महंगा तेल अर्थव्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी सांसद बोले भारत पर 'बेतहाशा' शुल्क लगाने के बहाने ढूंढ रहे ट्रंप

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर 'बेतहाशा शुल्क लगाने' के बहाने ढूंढ रहे हैं और उन्होंने उनसे इस नीति को तुरंत वापस लेने का आग्रह किया। सांसद ब्रैड शेरमैन ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर बेतहाशा शुल्क लगाने के बहाने ढूंढ रहे हैं। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति और वित्तीय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य शेरमैन ने कहा कि ट्रंप का दावा है कि भारत पर रूसी तेल के आयात के लिए शुल्क लगाया गया था। उन्होंने कहा कि हंगरी रूस से अपने कच्चे तेल का 90 प्रतिशत आयात करता है, लेकिन उस पर कोई शुल्क नहीं है।

चीन रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है, उस पर रूसी तेल खरीद से जुड़े प्रतिबंध नहीं लगाए गए, हालांकि उस पर अन्य कारणों से कार्रवाई की गई है। (अनंत ज्ञान)

# दावा : ईरान पर इस सप्ताह हमला कर सकता है अमेरिका

## अमेरिका ने 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वॉड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं।

हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इसराइल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और टकराव टालने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### इसराइली अधिकारी बोले संघर्ष की बहुत ज्यादा आशंका

**इसराइल** की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी ऑप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर अलग-अलग अधिकारियों के साथ की मीटिंग

# 14 मार्च को होगी नेशनल लोक अदालत

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी पठानकोट के सेक्रेटरी कम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुपिंदर सिंह की लीडरशिप में नेशनल लोक अदालत को लेकर कोर्ट कांप्लेक्स पठानकोट में मीटिंग हुई।

इसमें अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जानकारी देते हुए रुपिंदर सिंह ने बताया कि 14 मार्च को अथॉरिटी के चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज जतिंदर पाल सिंह खुरमी की लीडरशिप में कोर्ट कांप्लेक्स पठानकोट में नेशनल लोक अदालत लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में अलग-अलग जजों की बेंच लगाकर लोगों के केस आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में फैमिली झगड़े, बिजली, पानी से जुड़े केस, छोटे क्रिमिनल केस, एक्सीडेंट कंपनसेशन अवॉर्ड पास किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में केस फाइल करें और अपने झगड़े खत्म करें और सस्ता और आसान इंसाफ पाएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में कोई भी पार्टी हारती नहीं है।

दोनों पार्टी केस जीतकर घर जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस नेशनल लोक अदालत के फैसले के खिलाफ किसी भी कोर्ट में अपील नहीं की जा सकती, इसका फैसला आखिरी होता है। उन्होंने कहा कि इस नेशनल लोक अदालत के फैसले के बाद संबंधित पार्टियों की कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे इस नेशनल लोक अदालत में अपने केस फाइल करके अपने झगड़े खत्म कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपना केस फाइल करवाने के लिए संबंधित कोर्ट या सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के ऑफिस में एप्लीकेशन दी जा सकती है। इस मौके पर तहसीलदार दिव्या सिंगला, विनय मरवाहा, पंजाब नेशनल बैंक से हरजोत सिंह, नरेश कुमार, अजय कुमार, लेबर डिपार्टमेंट से मनोज शर्मा, इंश्योरेंस कंपनी से सुखविंदर सिंह, साहिल, रामपाल वगैरह मौजूद थे।



# बजट सत्र में विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस, विधायक दल की बैठक में फैसला

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने लगातार दो दिन तक विधानसभा घेराव करने का ऐलान किया है।

विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में वीरवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में 24 व 25 फरवरी को दो दिन विधानसभा का घिराव करने का निर्णय लिया गया। 24 फरवरी को विधायक नारेबाजी करते हुए विधानसभा परिसर तक पहुंचेंगे। अगले दिन 25 फरवरी को मनरेगा को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायकों द्वारा विधानसभा का घिराव किया जाएगा। इन दोनों प्रदर्शनों का नेतृत्व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा करेंगे, जबकि हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी इनमें शामिल होंगे।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के चंडीगढ़ निवास पर हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी को आरंभ हो रहा है। बैठक में विधायकों के साथ चर्चा करने के बाद विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। आम आदमी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में जलभराव की स्थिति में अभी तक सुधार नहीं हुआ है। लाखों लोगों की पेंशन काट दी गई है। भूपेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि राज्य लगातार कर्ज में डूब रहा है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।

एसवाईएल नहर के निर्माण पर हरियाणा के पक्ष में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू नहीं किया जा रहा है। राज्य सरकार ने राजधानी चंडीगढ़ पर अपना दावा छोड़ दिया है। प्रदेश में अवैध माइनिंग माफिया पूरी तरह से सक्रिय है। कई विधायक काम रोको प्रस्ताव लाएंगे तो कुछ विधायकों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाए हैं। हुड्डा ने बताया कि 24 फरवरी को एमएलए हास्टल के बाहर से सुबह दस बजे कांग्रेस विधायक जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए विधानसभा पहुंचेंगे। अगले दिन 25 फरवरी को हरियाणा कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से दोपहर बारह बजे मनरेगा को बंद करने के विरुद्ध प्रदर्शन किया जाएगा। इस विधानसभा घेराव में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा कांग्रेस विधायक भी शामिल होंगे।

# 'कोडएक्सपीरियंस सेंटर' का किया उद्घाटन




सीजीसी यूनिवर्सिटी कैंपस में कोडएक्सपीरियंस सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर अर्श धालीवाल और कैपजेमिनी के अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** छात्रों को औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करने के उद्देश्य से, सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने कैपजेमिनी के सहयोग से कैंपस में 'कोडएक्सपीरियंस सेंटर' का उद्घाटन किया। यह केंद्र पारंपरिक कंप्यूटर लैब से अलग एक पेशेवर माहौल प्रदान करेगा, जहां छात्र वास्तविक कामकाजी दुनिया की चुनौतियों का सामना करना सीखेंगे।

कोडएक्सपीरियंस सेंटर में सहयोगी कोडिंग क्षेत्र , चर्चा पॉड्स, संरचित विकास इकाइयां और एकीकृत डिजिटल सिस्टम शामिल हैं। एक समय में 500 से अधिक छात्रों की भागीदारी के लिए तैयार यह केंद्र क्षेत्र के सबसे बड़े उद्योग-एकीकृत शिक्षण स्थानों में से एक है। उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय 'फादर ऑफ एजुकेशन' पुरस्कार से सम्मानित यूनिवर्सिटी के फाउंडर चांसलर रशपाल सिंह धालीवाल , मैनेजिंग डायरेक्टर अर्श धालीवाल और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सुशील पराशर उपस्थित थे, जबकि कैपजेमिनी के वरिष्ठ प्रतिनिधियों में समीर शाह , आशीष मिनोचा, पुनीत कुमरा, अर्ली करियर और सुमन भट्टाचार्य शामिल थे। इस अवसर पर एमडी अर्श धालीवाल ने कहा कि यह केंद्र कैंपस के भीतर एक ऐसा तकनीकी मॉडल वातावरण तैयार करता है जो वास्तविक औद्योगिक कार्य-संस्कृति को दर्शाता है। उच्च शिक्षा को समय के साथ बदलना चाहिए ताकि छात्र अपनी पढ़ाई के दौरान ही औद्योगिक उम्मीदों को समझ सकें। यह केवल एक लैब नहीं बल्कि एक गतिशील शिक्षण वातावरण है जहाँ छात्र लाइव प्रोजेक्ट सिमुलेशन पर काम करेंगे।

डॉ. सुशील पराशर ने कहा कि यह पहल सीजीसी यूनिवर्सिटी को भारत का पहला इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड लर्निंग हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह केंद्र सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, फुल-स्टैक डेवलपमेंट, क्लाउड प्लेटफॉर्म और डेटा-आधारित प्रणालियों में छात्रों की भागीदारी का समर्थन करेगा।

**आयोजन** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की तर्ज पर भारत के पहले तीन दिवसीय एआई फेस्ट की शुरुआत की

# सीयू एआई मिशन व स्टार्टअप इनक्यूबेशन, क्वांटम रिसर्च के लिए विशेष पहल

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़/मोहाली।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई एम्पैक्ट समिट 2026 की तर्ज पर भारत के पहले तीन दिवसीय एआई फैस्ट-2026 की शुरुआत की। यह एआई फैस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नवाचार, एंटरप्रेन्योरशिप और समावेशी राष्ट्रीय विकास के प्रमुख आधार के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस फेस्ट का उद्देश्य युवा इनोवेटर्स और एआई स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना तथा बोल्ड और स्केलेबल आइडियाज को टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान में बदलकर विकसित भारत के विजन को साकार करना है।

इस आयोजन ने ग्लोबल एंटरप्रेन्योर्स, पॉलिसीमेकर, एआई लीडर्स, कॉर्पोरेट्स, एकेडेमिया, रिसर्चर्स, स्टार्टअप्स और स्टूडेंट इनोवेटर्स को टेक्नोलॉजी, टैलेंट और ट्रांसफॉर्मेटिव आइडियाज के एक पावरफुल मेल में एक साथ लाया। चर्चाओं में चार बड़े थीम शामिल थे - इवॉल्विंग एआई विद इवॉल्विंग ह्यूमन्स, एआई इंजीनियर्ड रियलिटी, एआई पॉलिसी गवर्नेंस एंड स्ट्रक्चरिंग और टेक्निकल फ्रंटियर्स। फैस्ट की शुरुआत वेबवेदा इंडियाजिनियसचैलेंज के फाउंडर अंकुर वारिकू, अपग्रेड के चेयरपर्सन और एजुकेशन-टेक पायनियर रॉनी स्क्रूवाला, सांसद और चांसलर सतनाम सिंह संधू और अन्य ग्लोबल एआई लीडर्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में हुई। इंडिया एआई मिशन के सहयोग से चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी देश की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसने सीयू एआई मिशन लॉन्च किया। यह मिशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने, एआई पर आधारित एंटरप्रेन्योरशिप को प्रोमोट करने और सभी एकेडेमिक डिसिप्लिन में एआई लिटरेसी देने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य 1.5 लाख युवाओं को ट्रेनिंग देकर उन्हें ग्लोबली कॉम्पिटिटिव एआई-वर्कफोर्स में बदलना है।

एआई फैस्ट-2026 में तीन प्रमुख प्लेटफॉर्म हैं - सीयू इनोवफैस्ट 2026, कैंपस टैंक और सैंडबॉक्स। ये प्लेटफॉर्म आइडिया जेनरेशन, प्रोडक्ट डेवलपमेंट और मार्केट-रेडी सॉल्यूशंस के बीच गैप को दूर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसमें 35 से अधिक एआई और टेक्नोलॉजी डोमेन की प्रतियोगिताओं में 1,000 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल टीमें भाग ले रही हैं। 200 से अधिक यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स अपनी क्रिएटिविटी, टेक्निकल एक्सपर्टीज और प्रॉब्लम-सॉल्विंग कैपेबिलिटी दिखा रहे हैं। विजेताओं को 1 करोड़ रुपये से अधिक का प्राइज पूल, कैश अवॉर्ड, एक्सीलेंस सर्टिफिकेट और ग्लोबल एनालिटिक्स लीडर एसएएस इंस्टीट्यूट से सर्टिफिकेशन दिया जाएगा।

वेबवेदा के फाउंडर अंकुर वारिकू ने कहा कि एआई से डरने की जरूरत नहीं है। आपकी नौकरी एआई नहीं छीनेगा, बल्कि वही व्यक्ति आगे बढ़ेगा जो एआई का इस्तेमाल बेहतर तरीके से करता है। वारिकू ने स्टूडेंट्स से कहा कि जिज्ञासु बने रहें, लगातार सीखते रहें और एआई का इस्तेमाल केवल जवाब पाने के लिए नहीं, बल्कि सोच और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए करें। सांसद और चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत का अगला ट्रिलियन-डॉलर ग्रोथ इंजन बनकर उभरेगा। सीयू एआई मिशन और एआई फैस्ट के लॉन्च के साथ, भारत के विकसित एआई विजन को साकार करने की दिशा में मजबूत कदम उठाया गया है।

रॉनी स्क्रूवाला ने कहा कि एआई एक पावरफुल टूल है, लेकिन यह इंसानी क्वालिटीज़ - क्यूरियोसिटी, इमैजिनेशन, एंपैथी और रेजिलिएंस - की जगह नहीं ले सकता। इसे सीखने, नए आइडिया खोजने और सोच को बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने नेशनल क्वांटम मिशन के तहत क्यूपीएआई, क्यूकऋषि और सीएसआईआर-एनपीएल के साथ बोस-आइंस्टीन क्वांटम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया। यह केंद्र स्टूडेंट्स और नए एंटरप्रेन्योर्स के लिए सर्टिफिकेट कोर्स, एडवांस्ड रिसर्च इनिशिएटिव और स्टार्टअप इनक्यूबेशन प्रदान करेगा।




चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घड़ूआं में दीप प्रजवलित करते एमपी व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू व अन्य। अनंत ज्ञान

# पंचकूला गोल्फ लीग सीजन 2 अब अपने निर्णायक चरण में

अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** पंचकूला गोल्फ लीग सीजन 2 अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। पंचकूला गोल्फ कोर्स में खेले गए रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबलों के बाद चार सेमीफाइनलिस्ट टीमों के नाम तय हो गए हैं। दिनभर चले हाई-इंटेंसिटी हेड-टू-हेड मुकाबलों ने लीग को अंतिम दौर की ओर अग्रसर कर दिया।

पहले सेमीफाइनल में Golfing Eagles का सामना Tee Birds से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में Shivalik Swingers की भिड़ंत Clubs on Flames से होगी। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार (20 फरवरी) को खेले जाएंगे, अब जब मैदान चार टीमों तक सिमट गया है, तो खिताब की दौड़ और भी रोमांचक हो गई है तथा दबाव स्पष्ट रूप से बढ़ गया है। सेमीफाइनल जीतने वाली दो टीमें रविवार (22 फरवरी) को होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी, जहां सीजन 2 के चैंपियन का ताज पहनाया जाएगा। वहीं, सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें भी रविवार को ही तीसरे और चौथे स्थान के लिए प्लेऑफ मुकाबला खेलेंगी, जिससे लीग का अंतिम दिन निर्णायक और रोमांचक मुकाबलों से भरपूर रहेगा। लीग के राउंड रॉबिन स्टेबलफोर्ड प्रारूप से नॉकआउट मैचप्ले संरचना में बदलाव के बाद टीमों को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ा। सीधे एलिमिनेशन प्रारूप में सिंगल्स और फोरबॉल बेटर बॉल मैचों ने खिलाड़ियों की मानसिक मजबूती और सामूहिक तालमेल की कड़ी परीक्षा ली। क्वार्टरफाइनल मुकाबलों ने एक बार फिर यह साबित किया कि संतुलित टीम चयन और दबाव में संयम ही सफलता की कुंजी है। दो सप्ताह की लीग प्रतिस्पर्धा अब एक अंतिम वीकेंड में सिमट गई है। अब केवल चार दावेदार खिताब की होड़ में बचे हैं। फॉर्म, निरंतरता और रणनीतिक निष्पादन ही तय करेंगे कि कौन-सी दो टीमें फाइनल तक पहुंचेंगी और कौन-सी टीमें पोडियम सम्मान के लिए संघर्ष करेंगी।



## स्पोर्ट्स विंडो

### अल नासर एएफसी चैंपियंस लीग-2 के क्वार्टर फाइनल में पुहंचा

**एजेंसी, रियाद।** पुर्तगाल के दिग्गज फुबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के क्लब अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग-2 फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। अल नासर ने तुर्कमेनिस्तान के क्लब आर्कादाग को 1-0 से हराकर दो मुकाबलों के कुल योग में 2-0 से जीत दर्ज की। 41 वर्षीय रोनाल्डो इस मुकाबले में टीम का हिस्सा नहीं थे और स्टैंड्स से मैच देखते नजर आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें सऊदी प्रो लीग और एएफसी चैंपियंस लीग-2 के आगामी अहम मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया है। दिसंबर 2022 में रियाद स्थित अल नासर से जुड़ने के बाद वह अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाए हैं। क्वार्टरफाइनल में अल नासर का सामना संयुक्त अरब अमीरात के क्लब अल वस्ल से होगा। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला 3 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, शीर्ष स्तरीय एएफसी चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट में पूर्वी क्षेत्र से जापान के तीन और दक्षिण कोरिया के दो क्लब अंतिम-16 चरण में पहुंचे हैं। मलेशिया का जोहोर दारुल ताज़िम और थाईलैंड का बुरिराम यूनाइटेड भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे।

### प्रीमियर लीग: आर्सेनल ने आखिरी स्थान पर काबिज वुल्व्स से खेला ड्रॉ

**एजेंसी, वुल्वरहैम्प्टन।** इंग्लैंड की प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। शीर्ष पर चल रही आर्सेनल टीम ने आखिरी स्थान पर काबिज वुल्व्स के खिलाफ 2-0 की बढ़त गंवाकर 2-2 से ड्रॉ खेला, जिससे मैनचेस्टर सिटी को बड़ा फायदा मिला है। मोलिन्यू स्टेडियम में बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में आर्सेनल ने शानदार शुरुआत की। बुकायो साका ने पांचवें मिनट में हेडर के जरिए टीम को बढ़त दिलाई, जबकि 56वें मिनट में पिएरो हिनकापिए ने दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। ऐसा लग रहा था कि आर्सेनल आसान जीत की ओर बढ़ रही है, लेकिन दूसरे हाफ में टीम का प्रदर्शन फीका पड़ गया। वुल्व्स की ओर से ह्यूगो बुएनो ने 61वें मिनट में शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर गोल दागा और टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। इसके बाद 19 वर्षीय टॉम एडोजी, जिन्होंने इस मैच में पदार्पण किया, ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में गोल कर वुल्व्स की वापसी पूरी कर दी। इस ड्रॉ के साथ आर्सेनल लगातार दूसरे मैच में अंक गंवा बैठी है और अब उसकी बढ़त दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी से सिर्फ पांच अंक रह गई है, जबकि आर्सेनल एक मैच अधिक खेल चुकी है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरा विवाद पर पाकिस्तान हॉकी महासंघ प्रमुख ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तारिक बुगती ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होटल बुकिंग प्रकरण के कारण टीम को हुई परेशानियों से पैदा हुए विवाद के बीच पद से इस्तीफा दे दिया है। बुगती ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पीएचएफ के मुख्य संरक्षक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को इस्तीफा भेज दिया है। उन्होंने कहा, '' मैंने प्रधानमंत्री को इस्तीफा भेज दिया है लेकिन उनसे और फील्ड मार्शल असीम मुनीर से आस्ट्रेलिया में प्रो लीग के दौरान हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह भी किया है।'' विवाद की शुरुआत सोशल मीडिया पर आये एक वीडियो से हुई जिसमें पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उनके लगैज के साथ सिडनी की सड़कों पर खड़े दिखाया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद पाकिस्तानी हॉकी कप्तान शकील अम्माद बट ने एक और क्लिप जारी की, जिसमें दावा किया गया कि सब कुछ ठीक है और कोई दिक्कत नहीं है। कुछ दिन बाद हालांकि वापस लौटने पर बट ने लाहौर में एक प्रेस कांफ्रेंस में पीएचएफ की आलोचना करके दौरे पर कुप्रबंधन के लिए उसे दोषी ठहराया। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया की दुनिया दीवानी

**क्रोएशियाई** फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविक को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर माना जाता है। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी 2.3 मिलियन है। हालांकि, एना मार्कोविक खुद को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर नहीं मानती हैं।



# जिम्बाब्वे ने दूसरे वर्ल्ड चैंपियन को भी हराया

## ऑस्टेलिया के बाद श्रीलंका को उसके ही घर पर दी 6 विकेट से करारी शिकस्त

**एजेंसी, कोलंबो**

आईसीसी रैंकिंग में 11वें नंबर की टीम जिम्बाब्वे ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरे मैच में वर्ल्ड चैंपियन टीम को मात दी है। उसने गुरुवार के दूसरे मैच में 2014 की वर्ल्ड चैंपियन श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। टीम ने 13 फरवरी को 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराया था।

179 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। ओपनर ब्रायन बेनेट ने महीश तीक्षणा की बॉल पर चौका मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 48 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। बेनेट ने 8 चौके लगाए। उनके अलावा, कप्तान सिकंदर रजा ने 45 और तदिवानाशे मारुमनी ने 34 रन का योगदान दिया। दशुन हेमंथा ने 2 विकेट झटके।

टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। ओपनर पथुम निसांका ने 41 बॉल पर 62 रन की पारी खेली।



जबकि पवन रत्नायके ने 44 रन बनाए। जिम्बाब्वे के 3 बॉलर्स को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट रायन बर्ल के खाते में आया। (अनंत ज्ञान)

### निसांका की फिफ्टी भी काम नहीं आई

**पहले** खेलते हुए श्रीलंका की ओर से ओपनर पथुम निसांका ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 41 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। इस पारी में 8 चौके शामिल रहे। लेकिन, निसांका की पारी के बावजूद उनकी टीम हार गई। कुसल परेरा को ब्लेसिंग मुजरबानी ने आउट किया, जबकि मध्य ओवरों में ग्रेम क्रेमर और रयान बर्ल ने जिम्बाब्वे को वापसी दिलाई। अंतिम ओवरों में पवन रत्नायके ने 25 गेंदों पर 44 रनों की तेज पारी खेली, जिससे श्रीलंका 178/7 तक पहुंच सका। दुनिथ वेलालागे ने भी 8 गेंदों पर 15 रन जोड़े।

### सिकंदर रजा ने बदल दिया मैच का रुख

**जिम्बाब्वे** के लिए जब सिकंदर रजा क्रीज पर आए तब जिम्बाब्वे का स्कोर 12वें ओवर में 98/2 था और टीम को 36 गेंदों में 65 रनों की जरूरत थी। श्रीलंका की पकड़ मजबूत नजर आ रही थी, लेकिन रजा ने आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने दुशान हेमंथा की गेंद पर लगातार बड़े शॉट लगाए और महीश तीक्षणा व दिलशान मदुशंका पर भी हमला जारी रखा। रजा की पारी ने समीकरण तेजी से जिम्बाब्वे के पक्ष में कर दिया। हालांकि 19वें ओवर की शुरुआत में हेमंथा ने रजा को आउट कर श्रीलंका को वापसी दिलाई। इसी ओवर में दासुन शनाका ने शानदार कैच पकड़कर तशिंगा मुसेकिवा को पवेलियन भेजा। अंतिम ओवर में जिम्बाब्वे को 6 गेंदों पर 8 रन चाहिए थे। टोनी मुनयोंगा ने महीश तीक्षणा पर छक्का जड़कर दबाव खत्म कर दिया और ब्रायन बेनेट ने विजयी रन बनाकर टीम को यादगार जीत दिलाई।

### जिम्बाब्वे ने की ठोस शुरुआत

**लक्ष्य** का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट और तदिवानाशे मरुमानी ने आक्रामक शुरुआत की। पावरप्ले में टीम ने बिना विकेट खोए 55 रन बना लिए। वेलालागे ने मरुमानी को आउट कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। रयान बर्ल भी ज्यादा देर टिक नहीं सके, लेकिन बेनेट ने एक छोर संभाले रखा। अंत में सिकंदर रज़ा की तूफानी पारी ने मैच का रुख बदल दिया और जिम्बाब्वे ने शानदार जीत दर्ज की।

### भारतीय अंडर-20 महिला टीम स्वीडन में खेलेगी चार मैत्री मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम स्वीडन में जारी तैयारी शिविर के दौरान वहां के क्लबों के खिलाफ चार मैत्री मैच खेलेगी। यह मुकाबले अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियन कप 2026 की तैयारियों का हिस्सा हैं। भारतीय टीम, जिसे 'यंग टाइग्रेसेस' के नाम से भी जाना जाता है, 19 फरवरी को हैमरबी आईएफ की सीनियर टीम से भिड़ेगी। इसके बाद 22 फरवरी को टैबी एफके, 25 फरवरी को एंस्केडे आईके डैम और 28 फरवरी को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ मैदान में उतरेगी। भारतीय अंडर-20 महिला टीम 5 फरवरी को स्वीडन पहुंची थी और स्टॉकहोम के पास लिडिंगो स्थित बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में प्रशिक्षण ले रही है। विदेशी परिस्थितियों में यह अभ्यास शिविर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है। एएफसी अंडर-20 महिला एशियन कप 2026 में भारत को ग्रुप 'सी' में रखा गया है। भारतीय टीम 2 अप्रैल को जापान, 5 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को चीनी ताइपे के खिलाफ अपने ग्रुप मुकाबले खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## हरमनप्रीत महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी

**एजेंसी, कैनबरा**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रचते हुए महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में मैदान पर उतरते ही उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 19 फरवरी को अपना 356वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सुजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गईं। सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (349 मैच) तीसरे स्थान पर हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि इंग्लैंड की चार्लोट ने 309 मुकाबलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। सोफी डिवाइन (305), हीथर नाइट (303) और डैनी व्याट-होज (302) भी सूची में शामिल हैं। 36 वर्षीय हरमनप्रीत कौर अब तक 6 टेस्ट, 161 वनडे और 189 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुकी हैं। टेस्ट में उन्होंने 200 रन, वनडे में 4,409 रन और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 3,784 रन दर्ज बनाएं हैं। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रन से दी शिकस्त

### टी-20 वर्ल्ड कप में अपने ग्रुप में अजेय रहते हुए सुपर-8 में किया प्रवेश

**एजेंसी, कोलकाता**

टी-20 विश्व कप 2026 में वेस्टइंडीज ने अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में इटली को 42 रन से हराकर सुपर-8 में अजेय रहते हुए प्रवेश किया। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 165/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया और जवाब में इटली की टीम को 123 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने चार विकेट झटके, जबकि मैथ्यू फोर्डे ने तीन सफलताएं हासिल कीं।

166 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत बेहद खराब रही। जस्टिन मोस्का 2 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि एंथनी मोस्का 19 रन (एक चौका, दो छक्के) बनाकर चलते बने। जेजे स्मट्स (24 रन) और बेन मनेन्ती (26 रन) ने कुछ देर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन पर ही सिमट गई। (अनंत ज्ञान)




### होप की कप्तानी पारी

**टॉस** हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर ब्रेंडन किंग पारी की सातवीं गेंद पर आउट हो गए, जबकि शिमरॉन हेटमायर भी केवल एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पावरप्ले के अंत तक वेस्टइंडीज टीम का स्कोर 48/2 था। इसके बाद कप्तान शाई होप ने जिम्मेदारी संभाली और रोस्टन चेज के साथ 64 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। चेज 24 रन बनाकर आउट हुए। होप ने मात्र 28 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 46 गेंदों में 75 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल रहे। अंतिम ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड (24* रन, 15 गेंद) और मैथ्यू फोर्डे (16 रन, 8 गेंद) ने 14 गेंदों में 28 रन जोड़कर टीम को 165/6 तक पहुंचाया। इटली की पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन पर सिमट गई और वेस्टइंडीज ने 42 रन से जीत दर्ज कर सुपर-8 में दमदार एंट्री की।

### यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ मुकाबले

## बोडो ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 3-1 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ मुकाबलों में नॉर्वे के छोटे क्लब बोडो ग्लिम्ट ने बड़ा उलटफेर करते हुए बुधवार को पिछले वर्ष के उपविजेता इंटर मिलान को 3-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ बोडो ग्लिम्ट ने अगले सप्ताह मिलान में होने वाले दूसरे चरण से पहले दो गोल की अहम बढ़त हासिल कर ली है।

घरेलू मैदान पर खेले गए मुकाबले में सोंड्रे फेट ने 20वें मिनट में कास्पर होग की बैकहील पास पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इंटर मिलान की ओर से फ्रांसेस्को पियो एस्पोसिटो ने हाफ टाइम से पहले बराबरी का गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ में बोडो/ग्लिम्ट ने मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया।



61वें मिनट में होग ने जेन्स पेटर हाउगे के लिए गोल का मौका तैयार किया और फिर तीन मिनट बाद स्वयं भी गोल दाग दिया। इंटर मिलान, जो पिछले तीन सत्रों में दो बार फाइनल में पहुंचा था, अब अगले दौर में जगह बनाने के लिए कठिन चुनौती का सामना करेगा।

एक अन्य मुकाबले में न्यूकैसल ने अजरबैजान के कराबाग को 6-1 से करारी शिकस्त दी। (अनंत ज्ञान)

## कतर ओपन : कार्लोस अल्कराज और यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, दोहा**

कतर ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन के स्टार खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और इटली के यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। विश्व नंबर एक अल्कराज ने फ्रांस के वेलेंटिन रोयर को 6-2, 7-5 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने वर्ष 2025 में अपनी लगातार नौवीं जीत दर्ज की।

अब 22 वर्षीय अल्कराज का सामना सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रूस के सातवीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा। वहीं, विश्व नंबर दो यानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन को



6-3, 7-5 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। यह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हार के बाद उनका पहला टूर्नामेंट है। सिनर ने मैच में दमदार सर्विस का प्रदर्शन



किया और पूरे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं दिया। क्वार्टर फाइनल में सिनर का मुकाबला चेक गणराज्य के याकुब मेंसिक से होगा।

## भारत और बीसीसीआई से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं।

उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया। हक ने कहा कि शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की।

**◆ नए खेल मंत्री बोले- हमारी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने की मंशा**

यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। इस टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को अपने मुकाबले मुंबई और कोलकाता में खेलने थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम ने भारत दौरे पर आने से इनकार कर दिया।

हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के पूर्व खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम को भारत भेजने से मना किया था। उन्होंने कहा था, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है। (अनंत ज्ञान)

## 'सीपी प्लस' बनेगा पंजाब किंग्स का टाइटल स्पॉन्सर

**एजेंसी, मुंबई**

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंची पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी अब इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में नए जोश और महत्वाकांक्षा के साथ उतरने जा रही है। टीम ने वैश्विक सुरक्षा और निगरानी ब्रांड सीपी प्लस के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस समझौते के तहत सीपी प्लस आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स का टाइटल स्पॉन्सर बनेगा, जिससे टीम की ब्रांड पहचान और व्यावसायिक दायरा और मजबूत होगा। विश्वास, सुरक्षा और तकनीक के बढ़ते महत्व के दौर में यह साझेदारी भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती अपेक्षाओं को दर्शाती है। दोनों ब्रांड प्रदर्शन, विश्वसनीयता और नवाचार के मूल्यों से जुड़े हैं और देशभर के दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव रखते हैं।

सीपी प्लस वीडियो निगरानी, बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल, होम ऑटोमेशन और एंटरप्राइज सुरक्षा प्रणालियों सहित उन्नत समाधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। नवाचार और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के चलते यह ब्रांड घरों, व्यवसायों और सार्वजनिक अवसंरचना में सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जाना जाता है।

इस साझेदारी के तहत पंजाब किंग्स और सीपी प्लस पूरे सत्र में डिजिटल अभियानों, मैदान पर विशेष गतिविधियों और प्रशंसक-केंद्रित पहलों की शुरुआत करेंगे। साथ ही स्टेडियम और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तकनीक आधारित इंटीग्रेशन के माध्यम से मैच अनुभव को और अधिक रोचक व इंटरैक्टिव बनाने की योजना है।

सीपी प्लस के प्रबंध निदेशक आदित्य खेमका ने कहा कि क्रिकेट देश को जोड़ने वाला खेल है और पंजाब किंग्स के साथ यह साझेदारी उनके लिए विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि उच्च प्रदर्शन वाले खेल और उनकी कंपनी की कार्यशैली में अनुशासन, सटीकता और दबाव में निरंतर प्रदर्शन जैसी समानताएं हैं।

पंजाब किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश मेनन ने इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि यह साझा दृष्टिकोण पर आधारित है और दोनों ब्रांडों के लिए मूल्य सृजित करेगी। वहीं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सौरभ अरोड़ा ने कहा कि सीपी प्लस एक भरोसेमंद ब्रांड है, जो आईपीएल दर्शकों से स्वाभाविक रूप से जुड़ता है। (अनंत ज्ञान)

**परामर्श** भारतीय ओपनर को अपनी बल्लेबाजी क्षमता को देखते हुए क्रीज पर लंबा समय बिताने की जरूरत

## अभिषेक शुरू में 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचें: गावस्कर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि अभिषेक शर्मा मौजूदा टी-20 विश्व कप में उम्मीदों के दबाव से जूझ रहे हैं और वह चाहते हैं कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज अपनी पारी की शुरुआत में 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने से बचें। अभिषेक ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह खाता खोलने में नाकाम रहे हैं। अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ वह शुरू में ही आउट हो गए थे।

गावस्कर ने कहा, 'अभिषेक शर्मा बहुत ही अच्छे इंसान हैं, लेकिन उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिख रहा है। अगर उन्होंने अमेरिका के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती तो बात कुछ और होती। अब बड़े छक्के लगाने वाला शीर्ष बल्लेबाज होने का दबाव उन पर साफ दिख रहा है।' गावस्कर ने कहा कि अपनी बल्लेबाजी क्षमता को देखते हुए उन्हें क्रीज पर समय बिताना होगा। उन्हें अपनी पारी की पहली ही गेंद पर चौका या छक्का लगाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'एक रन लो और अपना खाता खोलो। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। वह बाद में उनकी भरपाई कर सकता है। उसे शुरुआत में समझदारी से खेलना होगा। एक-दो ओवर क्रीज पर पांव जमाने में बिताओ, फिर अपना स्वाभाविक खेल खेलो।' गावस्कर ने दुबे की



जमकर तारीफ की। भारत ने बुधवार को शिवम दुबे की 31 गेंदों पर खेली गई 66 रन की पारी और वरुण चक्रवर्ती के 14 रन देकर तीन विकेट की बदौलत नीदरलैंड को 17 रन से हराकर ग्रुप ए में



शीर्ष स्थान हासिल किया। कहा कि बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर को अपने खेल में सिर्फ एक शॉट जोड़ने की जरूरत है, जिससे वह बेहद खतरनाक बल्लेबाज बन जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बाएं हाथ के भारतीय ओपनर्स को स्पिनरों के खिलाफ खेलने में सुधार की जरूरत: डोएशे

**अहमदाबाद।** भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने इस बात पर सहमति जताई कि बाएं हाथ के बल्लेबाजों वाले शीर्ष क्रम के लिए विपक्षी टीमों का सही रणनीति बनाना और फिंगर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों का संघर्ष टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में भारत के सामने दो अहम मुद्दे होंगे। भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और तिलक वर्मा शामिल हैं। ये तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। डोएशे ने बताया कि विपक्षी टीमों के लिए उनके खिलाफ रणनीति बनाना आसान हो गया है। प्रतिद्वंद्वी टीमें अभिषेक शर्मा सहित शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए पावरप्ले में ऑफ स्पिनरों का इस्तेमाल कर रही हैं। अभिषेक इस टूर्नामेंट में तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए हैं जबकि कुछ समय पहले तक वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने बुधवार को पावरप्ले में तीन ओवर फेंके और अभिषेक और किशन को आउट किया। डोएशे का मानना है कि भारत को उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल में बड़े सुधार की जरूरत है। घेरलू टीम को दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ मैचों में उंगलियों से गेंदबाजी करने वाले स्पिनरों से निपटने का तरीका ढूंढना होगा।